kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-14 | बुधवार, 11 फरवरी 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



यदि किसी भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमों के उल्लंघन की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**केशव प्रसाद मौर्य**

भारत ने सऊदी अरब के 'वर्ल्ड डिफेंस शो' में दिखाई स्वदेशी हथियारों की ताकत 11

पैनोरमा ग्रुप के आठ ठिकानों पर इनकम टैक्स की बड़ी छापेमारी 12

## संक्षेप

### पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला लिया वापस

**लाहौर।** पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप ग्रुप मैच में उनकी टीम के बहिष्कार के फैसले को वापस ले लिया है। पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, मित्र देशों के अनुरोध को देखते हुए, उन्होंने पाकिस्तान टीम को भारत के खिलाफ मैच खेलने की अनुमति दे दी है। सोमवार शाम को पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच पर फ़ैसला अगले 24-48 घंटों में आ सकता है। इससे कुछ मिनट पहले आईसीसी ने भी एक बयान जारी किया, जिसमें उसने बंगलादेश के प्रति अपना रुख नरम अख्तियार करते हुए कहा कि बंगलादेश टीम पर टी-20 विश्वकप के लिए भारत की यात्रा से इनकार करने पर कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। इसके अलावा, उन्हें 2028-2031 चरण में एक अतिरिक्त आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार भी दिए गए। बीसीबी ने एक बयान जारी कर पीसीबी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और उनसे भारत के खिलाफ अपने मैच में हिस्सा लेने का आग्रह किया।

### मणिपुर के उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

**इंफाल।** मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी। हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी।

### स्टार्टअप हब बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेटी) की महत्वाकांक्षी स्टार्टअप एक्सेलेरेटर ऑफ मेटी फॉर प्रोडक्ट इनोवेशन, डेवलपमेंट एंड ग्रोथ (समृद्ध) योजना में उत्तर प्रदेश ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। स्टार्टअप्स को नवाचार, उत्पाद विकास और विस्तार के लिए तैयार करने वाली इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश से चयनित एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की संख्या यह संकेत देती है कि प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी आदित्यनाथ सरकार, केंद्र की योजनाओं का लाभ जमीन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश स्तर पर लगातार समन्वय किया जा रहा है। एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की निगरानी, मेंटरशिप और बाजार से जोड़ने की प्रक्रिया को मजबूत किया गया है, ताकि युवा उद्यमियों को केवल फंडिंग ही नहीं बल्कि स्थायी विकास का रास्ता भी मिल सके।

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

## 118 सांसदों के हस्ताक्षर, विपक्ष ने ओम बिरला पर पक्षपात का आरोप लगाया


एजेंसी

नई दिल्ली। विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। बजट सत्र के 10वें दिन मंगलवार को लोकसभा में प्रश्नकाल में कार्यवाही नहीं हो सकी। 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। महज 1 मिनट बाद चेयर पर मौजूद पीसी मोहन 12 बजे तक के लिए सदन स्थगित कर दिया।

विपक्ष ने पेश किया लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

नयी दिल्ली, 10 फरवरी (वार्ता) लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिये उनके खिलाफ कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर दिया है। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99 है। विपक्ष के लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध दायर इस अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में लगाये गये आरोपों की जांच होगी। नियमों के अनुसार जांच प्रक्रिया के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्यवाही को लेकर सचिवालय विचार करेगा। सूत्रों के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का यह नोटिस श्री बिरला को पद से हटाने के लिए अनुच्छेद 94(सी) के तहत दिया गया है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वह सदन की कार्यवाही ● शेष पेज 11 पर

### जब तक अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला नहीं, तब तक सदन के अंदर कदम नहीं: ओम बिरला का बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कहा है कि जब तक अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक सदन के अंदर प्रवेश नहीं करेंगे। उन्होंने साफ-साफ कहा है कि जब तक अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला नहीं हो जाता, तब-तक कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। बता दें कि इस तरह का कोई नियम नहीं है, फिर भी उन्होंने सदन में नहीं जाने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि सरकार या विपक्ष की ओर से मनाने की कोशिश भी होगी, तब भी वे सदन के अंदर नहीं जाएंगे। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि उन्हें पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस की जांच करें। बिरला ने महासचिव को निर्देश दिया है कि वह इस नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई करें। दरअसल, विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

### पेंगुइन बोली- कोई भी हिस्सा पब्लिक नहीं किया

राहुल का यह बयान पब्लिशिंग कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के उस क्लैरिफिकेशन के बाद आया, जिसमें कहा गया कि नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। पेंगुइन कंपनी ने कहा- अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। हमारी तरफ से किताब का कोई भी हिस्सा कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। कंपनी की सफाई इसलिए आई, क्योंकि बुक की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है।

# कयामत तक बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण नहीं होगा : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार जो बोलती है, करके दिखाती है। यह जितना करती है, उतना ही बोलती है। योगी ने कहा कि जो लोग बाबरी ढांचे का सपना देख रहे हैं, उनको बता दूं कि कयामत का दिन कभी नहीं आएगा।

योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बाराबंकी के दरियाबाद क्षेत्र में दुल्हदेपुर स्थित बाबा हरिशंकर दास की कुटी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग हैं, जो अवसरवादी रवैया अपनाते हैं। जब संकट आता है तब भागवान राम याद आते हैं, बाकी राम को भूल जाते हैं। इसलिए भगवान राम भी उनको भूल चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार की वजह से अब आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बन रहा है। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले यह बीमारु प्रदेश था। कब कहां लूट, हत्या हो जाएगी पता नहीं होता था। बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थी और घर से बाहर गया व्यक्ति अगर शाम तक नहीं लौटता था तो घर वाले अनहोनी की आशंका से बार-बार फोन करके हालचाल लेते रहते थे। कानून से खिलवाड़ करने वालों को आगाह करते हुए योगी ने कहा कि हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो, यहां का कानून मानो, कानून मानोगे, कायदे से रहोगे, तो फायदे में रहोगे। उन्होंने कहा कि जहां तक बाबरी ढांचे के पुनर्निर्माण की बात है तो यह कयामत तक नहीं होगा क्योंकि कयामत आने वाली नहीं है। अयोध्या के राम मंदिर निर्माण की लंबी लड़ाई से लेकर भव्य मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए योगी कहा कि राम मंदिर बन गया है न। आज मंदिर अपने निर्धारित स्थान पर बन चुका है। गोला गोकर्णनाथ, लोधेश्वर मंदिर समेत कई मंदिरों के हो रहे कॉरिडोर निर्माण का भी उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने बाराबंकी की भूमि को पवित्र बताते हुए कहा कि यह साधु-संतों की भूमि है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु-संतों के अलावा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इसके पहले दोपहर को मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर मंदिर के पास उतरा। यहां महंत बलरामदास ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कथा मंडप का उद्घाटन किया और रामार्चा यज्ञ में आहुतियां भी अर्पित की।

### प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन में शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया है, जिनका जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रोफ़ेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हुआ। वे दूसरी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। योगी ने कहा कि प्रोफ़ेसर श्याम बिहारी लाल मिलनसार स्वभाव के और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे। शिक्षा जगत से उनका गहरा संबंध रहा। वे इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफ़ेसर श्याम बिहारी लाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी विकास कार्यों को गति दी और पिछड़े, वंचित तथा गरीब वर्ग के कल्याण के लिए लगातार कार्य किया। उन्होंने कहा कि शिक्षण अनुभव को जनसेवा से जोड़ने वाले जनप्रतिनिधि लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूती प्रदान करते हैं। उनके निधन से प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ विधायक विजय सिंह गौड़ के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विजय सिंह गौड़ का निधन 8 जनवरी 2026 ● शेष पेज 11 पर

# ईडी ने अनिल अंबानी, उनकी पत्नी टीना अंबानी को फिर तलब किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले में 'रिलायंस ग्रुप' के चेयरमैन अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी को नया समन जारी कर पूछताछ के लिए अगले सप्ताह उसके समक्ष पेश होने को कहा है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, पूर्व अभिनेत्री टीना अंबानी को सोमवार को यहां संघीय एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुईं। उन्होंने बताया कि अब टीना को 17 फरवरी को पूछताछ के लिए तलब किया गया है, जबकि अनिल अंबानी (66) को 18 फरवरी को पेश होने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दोनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। इन समन पर 'रिलायंस ग्रुप' की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पिछले वर्ष ईडी ने 'रिलायंस ग्रुप' की कई कंपनियों और उनसे



जुड़े बैंक ऋणों की जांच के सिलसिले में अनिल अंबानी से पूछताछ की थी। ऐसा समझा जाता है कि टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक आलीशान संपत्ति की खरीद से जुड़े धन के लेनदेन के संबंध में पूछताछ के लिए तलब किया गया है। ईडी ने हाल ही में इस मामले में रिलायंस कम्युनिकेशन (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पहले एक बयान में दावा किया था कि आरकॉम की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के दौरान वर्ष 2023 में न्यूयॉर्क स्थित इस संपत्ति को गर्ग द्वारा कथित रूप से ''धोखाधड़ी'' से बेचा गया। समझा जाता है कि आरकॉम ने ''धोखाधड़ी ● शेष पेज 11 पर

# अक्सर अदालत में लड़ी जाती हैं राजनीतिक लड़ाइयां

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कथित हेट स्पीच मामले में याचिकाओं के 'उल्लेख' पर गौर करने के दौरान टिप्पणी की कि राजनीतिक लड़ाई विशेष रूप से चुनाव की अवधि के दौरान, अक्सर अदालतों में लड़ी जाती है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब असम के मुख्यमंत्री से जुड़े कथित हेट स्पीच और संबंधित सामग्री पर कार्रवाई की मांग करने वाली दो याचिकाओं का उल्लेख किया गया। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता निज़ाम पाशा ने दलील दी कि यह मामला एक राजनीतिक पदाधिकारी द्वारा दिए गए कथित घृणा भाषण से संबंधित है। उन्होंने एक वीडियो का हवाला दिया जिसमें मुख्यमंत्री कथित तौर पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाते हुए टिप्पणी कर रहे हैं। इस दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''समस्या यह है कि जब चुनाव आते हैं, तो ऐसे मामले अक्सर यहाँ उच्चतम न्यायालय में ही लड़े जाते हैं। हम देखेंगे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता एनी राजा की ओर से दायर ये याचिकाएं मुख्यमंत्री द्वारा 27 जनवरी को दिए गए एक सार्वजनिक भाषण और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की असम इकाई के एक्स हैंडल पर साझा किए गए एक वीडियो को चुनौती देती हैं। वीडियो में श्री सरमा को दो मुस्लिम पुरुषों की एनिमेटेड छवियों की ओर बंदूक से गोली चलाते हुए दिखाया गया है, जिन्हें एक हथियार के क्रॉसहेयर (निशाने) के भीतर दिखाया गया है। याचिकाओं के अनुसार, सार्वजनिक संबोधन के दौरान श्री सरमा ने कहा था कि 'चार से पांच लाख मिया मतदाताओं' को मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा और 'हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा सीधे तौर पर मियाओं के खिलाफ हैं। याचिकाकर्ताओं ● शेष पेज 11 पर

### 'क्या इसके पीछे कोई देशव्यापी नेटवर्क? लापता बच्चों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- इसका पता लगाए



नई दिल्ली। देश के अलग-अलग हिस्सों से बच्चों के लापता होने के बढ़ते मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से अहम सवाल पूछे। शीर्ष अदालत ने केंद्र से यह पता लगाने को कहा कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई देशव्यापी नेटवर्क काम कर रहा है या फिर ये केवल अलग-अलग राज्यों में होने वाली बिखरी हुई घटनाएं हैं। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह जानना बेहद जरूरी है कि बच्चों के लापता होने के मामलों में कोई पैटर्न है या नहीं। अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सभी राज्यों से आंकड़े एकत्र कर उनका विश्लेषण करे। केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि ● शेष पेज 11 पर

# एएसपी अनुज चौधरी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की सीजेएम अदालत द्वारा एएसपी अनुज चौधरी समेत पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

अदालत ने तत्कालीन कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर को भी राहत प्रदान की है। न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने 9 जनवरी को पारित संभल सीजेएम न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता यामीन से दोनों याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई पांच सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि संभल के सीजेएम विभांशु सुधीर ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत एएसपी अनुज चौधधरी सहित 20 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। इस आदेश के विरुद्ध अनुज चौधरी और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल याचिका पर सोमवार और मंगलवार को सुनवाई हुई, जिसके बाद हाईकोर्ट ने यह अंतरिम आदेश पारित किया।

# साइबर अपराध देश के सामने बड़ा संकट : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में बढते साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा है कि यदि इस पर अंकुश लगाने के लिए समय रहते कदम नहीं उठाये गये तो यह एक बड़ा संकट बनकर उभरेगा। श्री शाह ने मंगलवार को यहां केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई ) के 'साइबर-सक्षम धोखाधड़ी से निपटना और उसके इकोसिस्टम को ध्वस्त करना' विषय पर दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल साक्ष्यों में त्रुटि के कारण जब दोष सिद्धि नहीं होती है तो बहुत दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में यदि हमने कदम नहीं उठाये तो साइबर क्राइम एक संकट बनकर उभरेगा।

उन्होंने कहा कि इस संकट पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सब की है जिसमें कॉल सेंटरों की पहचना करना , जागरूकता लाना , कॉल को सुनने का समय कम करना , बैंक और आई 4सी के



बीच अच्छा समन्व्य करना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह काम कोई एक विभाग नहीं कर सकता इसमें सभी संबंधित विभागों को मिलकर काम करना होगा।

गृह मंत्री ने कहा कि अब तक आई 4 सी ने बैंकों और फिनटैक जैसी 795 संस्थाओं को अपने नेटवर्क से जोड़ा है। इन संस्थाओं में आई 4 सी की कॉल की प्राथमिकता और इस पर कार्रवाई करने के तंत्र को विकसित किये जाने की बहुत अधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि हर संस्था को इसकी प्राथमिकता तय करनी होगी क्योंकि ● शेष पेज 11 पर

# योगी सरकार आज पेश करेगी बजट, वित्त मंत्री ने किए दस्तखत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना बुधवार को सुबह 11 बजे विधान सभा में उत्तर प्रदेश सरकार का बजट पेश करेंगे। अगले साल विधान सभा चुनाव में जाने के पहले यह योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट होगा। बजट का आकार 9 लाख करोड़ रुपये के पार होने की उम्मीद है। मंगलवार को वित्त मंत्री ने बजट पर दस्तखत कर दिए हैं। विधान भवन स्थति अपने कार्यालय में बजट पर हस्ताक्षर करने के बाद सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि बजट प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं, विकास की जरूरतों और सुशासन की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था, निवेश और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में जो भरोसा कायम किया है, यह बजट उसी भरोसे को और सशक्त करता है। कृषि, युवा, महिला, श्रमिक और वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता



देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती देने का स्पष्ट रोडमैप इसमें शामिल है। उन्होंने कहा कि यह बजट उन लोगों के लिए ठोस उत्तर है जो उत्तर प्रदेश के विकास पर सवाल खड़े करते हैं। आज प्रदेश निवेश, आधारभूत संरचना और रोजगार के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है और यह बजट उस यात्रा को और रफ्तार देगा।

खन्ना ने कहा कि वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए तैयार किया गया यह बजट आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक निर्णायक कदम है और आने वाले वर्षों में प्रदेश को आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक रूप से नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन तथा महिला और युवा सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। विशेष रूप से पूर्वांचल, बुंदेलखंड एवं अन्य पिछड़े क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए लक्षित प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं।

### विधान परिषद में आरक्षण के मुद्दे पर सपा सदस्यों का वेल में पहुंचकर हंगामा

लखनऊ। विधान परिषद में आरक्षण के मुद्दे पर मंगलवार को सपा सदस्यों ने वेल में पहुंच कर हंगामा किया और वहीं धरने पर बैठ गए। इस दौरान नारेबाजी और हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही करीब 17 मिनट तक अव्यवस्थित रही। इस दौरान नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि जिसका जितना आरक्षण है, वह उसको मिलकर रहेगा। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह इस दौरान लगातार सपा सदस्यों के साथ-साथ नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव से सदन को व्यवस्थित करने तथा वेल में मौजूद सदस्यों से अपने स्थान पर बैठने की अपील करते रहे लेकिन उनके अनुरोध को मुख्य विपक्षी दल ने अनसुना कर दिया।

इस पर सभापति ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, हम आरक्षण को हर हाल में सुनिश्चित करवाएंगे। इससे पूर्व समाजवादी पार्टी के डा. मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा व लाल बिहारी यादव ने काम रोको प्रस्ताव के तहत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा संविधान प्रदत्त आरक्षण का अनुपालन नहीं किए जाने का आरोप लगाया और कहा कि विज्ञापन के प्रकाशन से ही गड़बड़ी शुरू हो जाती है। लिहाजा सरकार की इस मामले में मंशा संदिग्ध है। डा. मान सिंह यादव ने कहा कि गलती एक बार हो सकती है, बार-बार गलती दोहराई जाए तो नीयत पर शक होता है जबकि आशुतोष सिन्हा ने कहा कि लोक सेवा आयोग की भर्तियों में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। किरण पाल कश्यप ने कहा कि ओबीसी के पदों पर डाका डाला जा रहा है। आपने ओबीसी के नाम पर गुमराह करके सरकार तो बना ली लेकिन समय रहते सचेत हो जाओ, नहीं तो जनता आपको दौड़ा लेगी। ये आपका आखिरी बजट है। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा है कि आरक्षण घोटाला हो रहा है। अधिकारी आरक्षण के नियमों का पालन नहीं कर रहे या फिर सरकार गलत करने के लिए प्रेरित कर रही है। इस पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विज्ञापन में कुछ विसंगतियां हुई हैं लेकिन हमारी सरकार आरक्षण सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराती है। जहां विज्ञापन में गलती हुई, तुरंत कार्मिक अधिकारियों को बुलाकर निर्देश दिए गए और विसंगतियों को दूर किया गया। आप जिन मुद्दों को उठाते हैं, उनको हम दुरुस्त करा चुके हैं। सपा सरकार में एक जाति और एक परिवार को आरक्षण का लाभ जाता था। ● शेष पेज 11 पर

# महा शिवरात्रि को लेकर प्रशासन अलर्ट

## मनकामेश्वर और बुद्धेश्वर मंदिर का जिलाधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। महा शिवरात्रि के पावन पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विशाख जी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर और पारा स्थित बुद्धेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान मंदिर परिसरों, पहुंच मार्गों, सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया।

मनकामेश्वर मंदिर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम को मंदिर तक के मार्गों पर लगी सभी स्ट्रीट लाइट की जांच कर खराब लाइटों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, मेडिकल कैंप, एम्बुलेंस व्यवस्था, पार्किंग प्लान एवं क्राउड मैनेजमेंट प्लान सुनिश्चित कराने को कहा। साथ ही मंदिर प्रांगण व मनकामेश्वर पुलिस चौकी पर पुलिस, प्रशासन, नगर निगम, स्वास्थ्य व विद्युत विभाग के अधिकारियों की 24 घंटे तैनाती के साथ इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

बुद्धेश्वर मंदिर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नो व्हीकल जोन, पैदल आवागमन, प्रवेश-निकास व्यवस्था और कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मुख्य गेट के बाहर दुकानों के नीचे नालियों की सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी, डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनोज सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित सिंह सहित नगर निगम, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आल्हा-उदल की धरती महोबा बनेगी यूपी का नया पर्यटन हब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/महोबा। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत चंदेलों की सांस्कृतिक राजधानी महोबा में पर्यटन विकास कार्यों को तेज गति दी गई है। वीर आल्हा-उदल की गाथाओं से जुड़ी यह ऐतिहासिक भूमि अब सांस्कृतिक एवं शैक्षिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होने की दिशा में अग्रसर है। अयोध्या, काशी और मथुरा के बाद उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस अब बुंदेलखंड क्षेत्र पर है, ताकि इसकी ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्स्थापित किया जा सके।

केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय के निर्देश पर 24.98 करोड़ रुपये की लागत से महोबा में एकीकृत पर्यटन विकास परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। कुल स्वीकृत धनराशि का 10 प्रतिशत भाग कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, बांदा को जारी किया जा चुका है। परियोजना के अंतर्गत सन इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण, त्रिकोणीय उद्यान का विकास, भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण तथा आधुनिक साइनेज की व्यवस्था शामिल है। परियोजना को वर्ष 2026 के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड भारत की सभ्यतागत विरासत का जीवंत अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्वदेश दर्शन 2.0 जैसी योजनाएं महोबा की ऐतिहासिक धरोहर को नया आयाम दे रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में महोबा में लगभग 28 लाख पर्यटक पहुंचे, जो जिले की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। यह परियोजना पर्यटक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और गौरव को संरक्षित करने में सहायक होगी। परियोजना का प्रमुख आकर्षण 4,210 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा सन इंटरप्रिटेशन सेंटर है। यह केंद्र भारतीय परंपरा में सूर्य के वैज्ञानिक और सांस्कृतिक महत्व को आधुनिक और रोचक माध्यमों से प्रस्तुत करेगा। भवन की छत दिन के आठ प्रहर–उषा, पूर्वान्ह, मध्यान्ह, अपराह्न, सायंकाल, प्रदोष, निशीथ और त्रियामा–का प्रतीक होगी। परिसर में स्थापित विशेष सूर्यघड़ी (सनडायल) सूर्य की किरणों के आधार पर समय प्रदर्शित करेगी। केंद्र में सौर पैनल, वर्षा जल संचयन प्रणाली, घास पेवर्स और एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन जैसी पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी, जिससे हरित और सतत पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सन इंटरप्रिटेशन सेंटर में विभिन्न विषयगत दीर्घाएं विकसित की जाएंगी। एक दीर्घा में भारतीय और पाश्चात्य धार्मिक परंपराओं को जोड़ते हुए सूर्य देव और प्राचीन ग्रीक देवता हेलिओस की कथा भित्ति चित्रों और मूर्तियों के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। दूसरी दीर्घा में कोणार्क और मार्तंड जैसे प्रमुख सूर्य मंदिरों को स्थापत्य मॉडल और दृश्य माध्यमों के जरिए दर्शाया जाएगा। 'सूर्य एवं खगोल विज्ञान' दीर्घा में ऋतुओं, पंचांग और आकाशीय गतियों में सूर्य की भूमिका को समझाया जाएगा, जबकि 'सूर्य एवं ज्योतिष' दीर्घा में त्रिआयामी प्रोजेक्शन और ध्वनि प्रभावों के माध्यम से सूर्य और मानव जीवन के संबंध को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। सन इंटरप्रिटेशन सेंटर से लगभग चार किलोमीटर दूर शिवतांडव रोड पर एक आकर्षक त्रिकोणीय उद्यान विकसित किया जा रहा है।

## खंड शिक्षा अधिकारी का आदेश हो गया बेकार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्राइवेट स्कूल में सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।गोसाईगंज के शिमला पब्लिक स्कूल में ऐसा ही मामला सामने आया है। खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से मिले निर्देश का पालन विद्यालय की प्रिंसिपल द्वारा नहीं किए जाने की बात सामने आई। इस मामले विद्यालय की प्रिंसिपल की ओर से प्रेस प्रतिनिधियों से बात करने से मना कर दिया गया। गोसाईगंज कस्बे के सदरपुर करोरा निवासी शिवमूर्ति के बेटे रुद्रप्रताप सिंह का जन सूचना के अधिकार के अंतर्गत शिमला पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी में प्रवेश होना था।खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से संस्तुति कर दी गई, किंतु विद्यालय की प्राचार्या द्वारा एडमिशन लेने से मना कर दिया गया। इस मामले पर बात करने के उद्देश्य से प्रेस प्रतिनिधि विद्यालय पहुंचे । वहां गेट पर खड़े चपरासी ने कहा प्रिंसिपल मैम से पूछ कर बताते हैं।वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद लौट कर उसने कहा कि वे (प्रिंसिपल) आज नहीं आई है।इस प्रकार विद्यालय की प्रिंसिपल ने बच्चे के एडमीशन के मामले पर बात करना भी मुनासिब नहीं समझा।

## 12 मार्च को डीएम कार्यालय के लिए पैदल कूच करेंगे किसान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता 12 मार्च को गोसाईगंज से डीएम कार्यालय के लिए पैदल ही रवाना होंगे। यह जानकारी संगठन के जिला अध्यक्ष राम गोपाल विश्वकर्मा की ओर से दी गई। जिला अध्यक्ष के अनुसार संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 12 फरवरी को भारत बंद का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में आज गोसाईगंज क्षेत्र के गौरिया मार्ग पर भटानी का पुरवा स्थित संगठन के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अमेरिका और भारत के बीच हुए व्यापार समझौते को रद्द किए जाने के अलावा गांवों में घर – घर जल पहुंचाने के मामले पर भी चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा है कि क्षेत्र के धौरहरा, गौरिया और दुलार मऊ गांवो में पानी की टंकी को बने हुए 5 वर्ष हो गए हैं लेकिन उनसे अभी तक उससे पानी की एक बूंद भी सप्लाई नहीं हुई है। उनकी ओर से भूमाफियाओं द्वारा गांवों में खाद के गड्ढों,पशुचर भूमि , खेल के मैदान की भूमि पर कब्जा किए जाने का उल्लेख किया गया। किसानो की पंचायत में प्रदेश महामंत्री ,जिला अध्यक्ष राम गोपाल विश्वकर्मा, जिला महामंत्री मौजी राम, युवा जिला अध्यक्ष राम मिलन सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसानों को मिली आधुनिक खेती की जानकारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कृषि विभाग द्वारा आयोजित 5 दिवसीय विराट किसान मेले का समापन कृषि भवन, प्रयागराज में सफलतापूर्वक किया गया। मेले में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मोटे अनाज (मिलेट्स), कृषि यंत्रों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां किसानों को नवीनतम कृषि यंत्र, उन्नत बीज, जैव उर्वरक और फसल उत्पादन की आधुनिक विधियों का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 40 से अधिक वर्षों से किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे आयोजनों के माध्यम से तकनीकी जानकारी दी जा रही है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, रासायनिक खाद के सीमित उपयोग, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और लागत कम कर आय बढ़ाने के उपाय बताए। साथ ही बताया गया कि सरकार द्वारा मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे किसानों को बेहतर बाजार और उचित मूल्य मिल सके। मेले में किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, फार्मर रजिस्ट्री, जैविक प्रमाणीकरण जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है और सरकार द्वारा मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। समापन अवसर पर उप कृषि निदेशक, प्रयागराज मंडल ने कहा कि ऐसे किसान मेले किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों, वैज्ञानिकों और किसानों का आभार व्यक्त करते हुए मेले के सफल आयोजन की घोषणा की गई।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 140 जोड़ों का हुआ विवाह

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 08 फरवरी 2026 को सरस्वती प्रसादानन्द सिन्हा इंटर कॉलेज, कौंधियारा में भव्य विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कौंधियारा–18, शंकरपुर धाम–30, भगवतपुर–17, राम जानकी गेस्ट हाउस शृंगवेरपुर–18, प्रयागराज विकास खंड सोरांव–29, जसरा–27 तथा हनुमानगंज–19 सहित कुल 140 नवदंपतियों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश चौधरी ( एमएलसी) उपस्थित रहे। उनके साथ प्रदीप कुमार (ब्लॉक प्रमुख सोरांव), विधायक फूलपुर के प्रतिनिधि जंगी लाल मौर्य, प्रमोद गौतम, राजू पाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा संबंधित विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विक्रम श्रीवास्तव एवं जीवन लाल पटेल द्वारा किया गया। समारोह का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानजनक ढंग से विवाह की सुविधा उपलब्ध कराना रहा, जिसकी उपस्थित जनसमूह ने सराहना की।

## बच्चों को एक्सपायरी सीरप बांटने का मामला, फार्मासिस्ट की मिलीभगत उजागर, कार्रवाई तय

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरांव में बच्चों को एक्सपायरी डेट की एजिथ्रोमाइसीन सीरप बांटे जाने का गंभीर मामला सामने आने के बाद अब फार्मासिस्ट की भूमिका संदेह के घेरे में आ गई है। यह मामला तब उजागर हुआ, जब अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. राकेश शर्मा निरीक्षण के दौरान अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2025 में एक्सपायर हो चुकी एजिथ्रोमाइसीन सीरप बच्चों को वितरित की जा रही थी। हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर लापरवाही सामने आने के बावजूद तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा केवल जांच टीम गठित कर औपचारिकता निभाने के आरोप लग रहे हैं। मामले में एक निजी मेडिकल स्टोर और फार्मासिस्ट की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है, जिससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन बच्चों को एक्सपायरी सीरप पिलाई गई, उनकी वर्तमान स्थिति क्या है और वे किस हाल में हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित जांच कमेटी से उम्मीद की जा रही है कि वह मामले की तह तक जाकर दबे हुए राज उजागर करेगी और स्वास्थ्य व्यवस्था की लचर स्थिति सामने लाएगी। गौरतलब है कि हाल ही में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सीरप पीने से बच्चों की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया था। ऐसे में प्रयागराज में बच्चों को एक्सपायरी दवा बांटे जाने का मामला स्वास्थ्य तंत्र की बड़ी चूक को उजागर करता है। अब देखना यह है कि जिम्मेदारों पर वास्तविक कार्रवाई होती है या मामला कागजी जांच तक ही सिमट कर रह जाता है।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कम्पोजिट विद्यालय, कबीरचौरा स्थित मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बूथवार एवं एईआरओ-वार अनकलेक्टेबल एवं अनमैप्ड मतदाताओं को जारी नोटिस, नोटिस की तामीला, अपलोड किए गए दस्तावेज, लंबित सुनवाई प्रकरणों आदि की समीक्षा की। उन्होंने ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर एवं बीएलओ से अद्यतन प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा केंद्र पर सुनवाई हेतु बनाए गए हेल्प डेस्क के पास बड़ा बैनर लगाए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ के शेष अनमैप्ड मतदाताओं के घर जाकर नोटिस की तामीला सुनिश्चित करें तथा उपलब्ध आवश्यक दस्तावेजों को मौके पर ही अपलोड कराएं। साथ ही सभी कार्मिकों को एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को ऑनलाइन सूची में अपना नाम नहीं दिखाई दे रहा है, वे संबंधित बूथ पर जाकर मतदाता सूची का अवलोकन कर लें। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त पात्र नागरिकों से अपील की कि निर्धारित तिथियों के भीतर मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने नाम का सत्यापन अवश्य करें तथा आवश्यकता होने पर दावा-आपत्ति दर्ज कराएं।

# दुधवा नेशनल पार्क बनेगा इको-टूरिज्म का आधुनिक केंद्र: जयवीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि इको-टूरिज्म को रफ्तार देने के मकसद से उनके विभाग ने 'सफारी सीजन-2026' के मद्देनजर दुधवा नेशनल पार्क में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं और इसके तहत दुधवा बेल्ट के समग्र विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम किया जाएगा।

उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप दुधवा टाइगर रिजर्व के व्याख्या केंद्र (इंटरप्रिटेशन सेंटर) को आधुनिक स्वरूप देने की योजना पर कार्य तेज कर दिया गया है। इसके तहत मौजूदा कैंप कार्यालय की मरम्मत, नया आकर्षक रिसेप्शन ब्लॉक, आधुनिक सुविधाओं से युक्त इंटरप्रिटेशन सेंटर, 3-डी म्यूरल और आर्ट पेंटिंग, कैंटीन, मीटिंग हॉल, लाइब्रेरी तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

मंत्री ने बताया कि परियोजना में पार्क में स्थापित पशु आकृतियों का नवीनीकरण, पर्यटकों के लिए गार्डन बेंच, डस्टबिन और बेहतर मार्गदर्शन हेतु साइनेज भी शामिल हैं। दीवारों पर जंगल और वन्यजीवों को दर्शाती 3-डी चित्रकारी के माध्यम से दुधवा की जैव विविधता को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।

श्री सिंह ने कहा कि दुधवा को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए साइनेज, आवासीय सुविधाओं और डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। पलिया और दुधवा मार्ग पर आधुनिक संकेतक लगाए जाएंगे। साथ ही ऑनलाइन जानकारी और बुकिंग व्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है। यूपी पर्यटन और यूपीटीडीबी की वेबसाइट पर दुधवा टाइगर रिजर्व के लिए अलग पेज तैयार किया जाएगा, जहां होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे से संबंधित पूरी जानकारी उपलब्ध होगी।

उन्होने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में 23 होमस्टे, दो रिसॉर्ट और पांच होटलों का पंजीकरण किया जा चुका है। वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक वातावरण में योग और ध्यान (मेडिटेशन) स्थल विकसित किए जाएंगे।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद लखनऊ के विकास खंड मॉल में 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलने वाले घर-घर सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान का शुभारंभ आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मॉल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख मॉल राम देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लॉक प्रमुख के साथ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपी लाल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी योगेश, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मॉल के अधीक्षक डॉ. जे. पी. सिंह एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाइयों का सेवन कर अभियान का शुभारंभ किया तथा आमजन को भी दवा सेवन के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान आई निरीक्षण टीम, जिसमें दिल्ली से डॉ. सत्यव्रत राउतरे (डायरेक्टर, इंफ़ेक्शियस डिजीज, ), लखनऊ से डॉ. अर्पित पटनायक (स्टेट लीड, उत्तर प्रदेश) एवं डॉ. शोएब अनवर (स्टेट एनटीडी लीड) शामिल रहे, द्वारा विकास खंड मॉल के तीन गांवों में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टीम के साथ अभियान का निरीक्षण किया गया।

अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही दवाओं का सेवन अवश्य करें और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बुद्धेश्वर चौराहा स्थित लोधी भवन में जिला क्षत्रिय लोधी राजपूत सभा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ नीरज सिंह उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर नीरज सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के वंचित, गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया। उनकी शिक्षाएं और आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारतीयता और भारत के मूल्यों पर गहन चिंतन के आधार पर एकात्म मानवदर्शन जैसा मूल्यवान वैचारिक दर्शन प्रतिपादित किया जो भारतीय राजनीति और समाज के लिए दिशा-निर्देशक सिद्ध हुआ। नीतियां व विचार चाहे वह स्वदेशी हो, आर्थिक क्षेत्र हो, कृषि, कुटीर उद्योगों का सशक्तीकरण हो, या विकेंद्रीकरण की अवधारणा हो, आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में जिला लोधी क्षत्रिय राजपूत सभा लखनऊ अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, संरक्षक रामकुमार वर्मा, अमर सिंह लोधी, महेंद्र राजपूत, दिनेश प्रताप सिंह, जगन्नाथ लोधी, ब्रह्मानंद लोधी, राम शंकर राजपूत, जिला महामंत्री भारत सिंह राजपूत, ब्रजलाल लोधी, संरक्षक राजेंद्र सिंह लोधी उर्फ राजू, अमर सिंह लोधी, राजेंद्र, कुमकुम राजपूत, राम प्रसाद वर्मा, किशन कुमार, रामस्वरूप वर्मा, जयपाल सिंह लोधी, ब्रह्मानंद लोधी, राजेंद्र सिंह लोधी प्रधान सहित बड़ी संख्या सामाजिक जन उपस्थित रहें।

## कृष्णा नगर में निजी अस्पताल पर गंभीर आरोप, रुपये न देने पर शव रोकने का दावा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना कृष्णा नगर क्षेत्र अंतर्गत राज चंद्रा हॉस्पिटल पर एक पीड़ित परिवार ने गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन ने रुपयों की मांग पूरी न होने पर मृत युवक का शव देने से इंकार कर दिया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिजनों ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों का आरोप है कि निजी अस्पताल द्वारा मानवता को शर्मसार करने वाला यह कृत्य किया गया।मृतक युवक की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। वह अपने परिवार के साथ रहता था, जिसमें उसकी पत्नी और दो मासूम बेटियां शामिल हैं। युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित अस्पताल पहले भी इस तरह के मामलों को लेकर चर्चाओं में रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कब ऐसे अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई होगी और कब आम जनता को राहत मिलेगी।घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पुरानी रंजिश में लगाया पिटाई का आरोप

**माल लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह रात में खेत से घर लौट रहा था। तो उसके गांव के ही निवासी ने पुरानीरंजिश के चलते उसे लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया और माल सीएचसी में उसका उपचार चल रहा है। शनिवार को मंझी गांव निवासी प्रमोद कुमार खेत की रखवाली कर रहे अपने वृद्ध पिता को खाना देने गया था। जब वह रात लगभग नौ बजे घर वापस लौट रहा था तो रास्ते में मैकू की दुकान पर रुक कर सामान खरीदने लगा। उसका आरोप है कि वह दुकान से सामान लेकर आगे बढ़ा तो रास्ते में पहले से ही गांव का सूरज रावत घात लगाये बैठा था उसने लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे प्रमोद कुमार का सिर फट गया और वह लहू होकर बेहोश होकर गिर गया। शोर सुनकर प्रमोद की पत्नी पहुंची तो दबंग सूरज भाग निकला। महिला ने डायल112पर पुलिस को सूचना दी और पति प्रमोद कुमार को माल सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी नबाब अहमद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम।कार्यवाही की जा रही है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदी विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक/मनरेगा/सामग्री आपूर्ति 2025-26 दिनांक : 10/02/2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत करौंदी विकास खण्ड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2025-26 में निम्नलिखित कार्यों हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है।
इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 12/02/ 2026 से 19/02/ 2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफ़ाफ़े में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 20/02/ 2026 को समय 2.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत रुपए में | सामग्री का विवरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 3 | अनूप के घर से संजय के घर होते हुए बहादुर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 794810:00 | इंटरलॉकिंग कार्य हेतु ईंट, ईंट गिट्टी मौरंग सीमेंट बालू, पत्थर गिट्टी एवं अन्य आवश्यकता सामग्री | तीन माह |

**आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।**

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत करौंदी**
**विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत करौंदी**
**विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी**

## इटौंजा में अवैध पटाखा भंडारण का खुलासा

# 4500 किलो पटाखे जब्त, तीन गोदाम सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अग्निशमन विभाग की निगरानी में विस्फोट कर किए गए नष्ट**



बख्शी का तालाब,लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन गोदामों से करीब 4500 किलोग्राम बारूदी पटाखे बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान संबंधित तीनों गोदामों को सील कर दिया गया। पुलिस के अनुसार भंडारण निर्धारित मानकों और नियमों के विपरीत किया गया था।

सोमवार की देर रात मिली सूचना के बाद पुलिस ने बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड के साथ संयुक्त रूप से गोदामों पर छापेमारी की। जांच में सामने आया कि ये गोदाम इटौंजा क्षेत्र की तीन दुकानों से जुड़े हुए थे, जहां बड़ी मात्रा में पटाखे रखे गए थे। प्राथमिक जांच में अवैध भंडारण की पुष्टि होने पर गोदामों को तत्काल सील कर पुलिस निगरानी में रख दिया गया।

मंगलवार शाम अग्निशमन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में जब्त किए गए पटाखों को इटौंजाऽमहोना रोड स्थित श्मशान घाट के पास तालाब किनारे खुले स्थान पर सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया। सुरक्षा कारणों से क्षेत्र को पहले ही खाली कराकर घेराबंदी की गई थी। नियंत्रित विस्फोट के दौरान तेज आवाजें हुईं, जिससे आसपास का इलाका कुछ देर के लिए थर्रा गया, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। कार्रवाई के समय एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि तीन दुकानों से जुड़े गोदामों में अवैध रूप से संग्रहीत 4500 किलो पटाखे बरामद हुए हैं। इस मामले में हल्का प्रभारी अरविंद तिवारी की तहरीर पर इटौंजा निवासी इमरान, आदिल और अबरार के खिलाफ अवैध पटाखा भंडारण से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूरे मामले में भंडारण के लिए आवश्यक लाइसेंस, निर्धारित क्षमता और सुरक्षा मानकों की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# क्वीन मैरी अस्पताल के बाहर अतिक्रमण जस का तस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**खबर छपी, लेकिन नहीं जागे ज़िम्मेदार**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, (क्वीन मैरी अस्पताल) के बाहर फैली अव्यवस्था को लेकर हाल ही में कैनविज़ टाइम्स अख़बार में खबर प्रकाशित की गई थी, लेकिन उसके बावजूद ज़मीनी हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। आज भी अस्पताल के आसपास अवैध पार्किंग और सड़क पर फैले अतिक्रमण के कारण मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्वीन मैरी अस्पताल के बाहर सड़क किनारे पान मसाला, बीड़ी-सिगरेट, बच्चों व महिलाओं के कपड़े समेत अन्य सामान बेचने वालों ने सड़क के बड़े हिस्से पर कब्जा कर रखा है। इसके अलावा चार पहिया और दो पहिया वाहनों की अवैध पार्किंग ने हालात और भी बदतर बना दिए हैं। नतीजा यह है कि अस्पताल के बाहर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है और मरीजों को अस्पताल तक पहुँचने में खासी मशक्कत करनी पड़ती है। स्थिति यह है कि कई बार स्ट्रेचर और व्हीलचेयर पर मरीजों को लेकर आने वाले तीमारदार जाम में फँसे नजर आते हैं। गर्भवती महिलाएं, जिनके लिए हर मिनट बेहद कीमती होता है, उन्हें जाम के कारण मानसिक और शारीरिक तनाव झेलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आपात स्थिति में लाए गए मरीजों को भी अस्पताल के गेट तक पहुँचने में देर हो जाती है, जो बेहद चिंताजनक है। गौरतलब है कि इस समस्या को लेकर पहले भी खबर प्रकाशित की जा चुकी है, इसके बावजूद न तो अवैध दुकानों को हटाया गया और न ही अवैध पार्किंग पर कोई प्रभावी कार्रवाई हुई। इससे प्रशासनिक दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो किसी दिन यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, केजीएमयू प्रशासन और स्थानीय थाना, सभी की जिम्मेदारी होने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या खबरों के बावजूद भी मरीजों की परेशानी सिस्टम को नजर नहीं आ रही? अब जरूरत है कि क्वीन मैरी अस्पताल के बाहर से स्थायी रूप से अतिक्रमण हटाया जाए, अवैध दुकानों और पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। अन्यथा यह अव्यवस्था यूँ ही बनी रही तो इसकी कीमत आम जनता और मरीजों को चुकानी पड़ेगी।

## लक्षद्वीप से स्क्वाट लॉबस्टर की एक नई प्रजाति की खोज

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आईसीएआर-एनबीएफजीआर द्वारा लक्षद्वीप समूह के अगत्ती द्वीप स्थित कोरल रीफ पारिस्थितिक तंत्र से केकड़े की एक नई प्रजाति की खोज की गई है, जो आकार में चावल के दाने से भी छोटा है। यह छोटा केकड़ा जीनस गैलाथिया से संबंधित है, जो छोटे, चट्टानों में रहने वाले एनोमुरन केकड़ों का एक समूह है जिसे आमतौर पर स्क्वाट लॉबस्टर कहा जाता है। छोटी झींगा मछलियों से मिलते-जुलते, इन केकड़ों में मूंगा और चट्टानी दरारों के बीच छिपने की क्षमता होती है। ये कार्बनिक पदार्थों के पुनर्चक्रण और मछली और अन्य समुद्री जीवों के लिए भोजन के रूप में कार्य करके कोरल रीफ पारिस्थितिक तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आईसीएआर-एनबीएफजीआर के निदेशक डॉ. काजल चक्रबर्ती ने इस बात पर जोर दिया कि यह खोज लक्षद्वीप की समृद्ध समुद्री जैव विविधता को रेखांकित करती है जिसे बहुत कम अन्वेषित किया गया है और कोरल रीफ के पारिस्थितिक तंत्र संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालती है।

## जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप, महिला समेत तीन घायल

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना नगराम क्षेत्र के ग्राम गढ़ी (कनकहा) में जमीन के कब्जेदारी को लेकर मंगलवार को बड़ा बवाल हो गया। पुरानी रंजिश और विवादित जमीन, जिस पर न्यायालय से स्टे लगा बताया जा रहा है, को लेकर दबंगों ने एक परिवार पर हमला बोल दिया। हमले में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पीड़िता ने नगराम थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है । पीड़िता नन्दिनी सिंह पत्नी जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गढ़ी (कनकहा) के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे गांव के ही मुन्ना पाण्डेय, जंगी पाण्डेय उर्फ राकेश पाण्डेय, योगेश पाण्डेय (अंशु पाण्डेय) तथा जंगी पाण्डेय की पत्नी व बहू ने विवादित जमीन को लेकर उनके घर पक्ष पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों के साथ धारदार हथियार से भी वार किए, जिससे पीड़िता के पति जितेन्द्र सिंह व देवर महेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता ने बताया कि जब वह बीच-बचाव करने पहुंची तो हमलावरों ने उसके साथ भी गाली-गलौज की और लाठी से हमला कर दिया, जिससे उसके दोनों हाथों में चोटें आईं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायल अवस्था में सभी नगराम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम पंहुचे, जहां डाक्टरों ने महेंद्र व जितेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए सिविल अस्पताल रिफर कर दिया। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दूसरे दिन भी भाकियू का धरना जारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पासिन ढकवा में चल रहे शराब ठेके को हटाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने का आयोजन संगठन के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश रावत की ओर से किया गया।भाकियू नेता की ओर से उप जिला अधिकारी मोहनलालगंज को दिए गए ज्ञापन में पासिन ढकवा गांव में चल रहे देशी शराब और बियर के ठेके को हटाने की मांग की गई है।भाकियू नेता के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के गांव चौरासी के रहने वाले संतराम रावत की शराबियों ने 2 फरवरी की रात को ईंटों से कुचल कर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी थी। इसी बात को लेकर किसान संगठन की ओर से धरने का आयोजन किया गया । भाकियू नेता का कहना है कि अभी तक उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज या उनका कोई प्रतिनिधि धरना स्थल पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने बताया कि कल शाम को आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने 15 दिनों का समय मांगा था , लेकिन इस बात पर संगठन के लोग तैयार नहीं हुए।

## नाबालिग से दुराचार करने वाला आरोपी उन्नाव से गिरफ्तार, किशोरी सकुशल बरामद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुराचार करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14 वर्षीय किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में कार्रवाई की गई है।पुलिस के अनुसार चारबाग स्थित सुदामापुरी निवासी एक व्यक्ति ने 5 फरवरी को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री 3 फरवरी से लापता है। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।थानाध्यक्ष हुसैनगंज शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को सूचना मिली कि किशोरी को उसी के मोहल्ले में रहने वाला अजय गुप्ता (22) बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर सोमवार शाम करीब 7 बजे उन्नाव जनपद के ग्राम समदपुर में दबिश दी, जहां से आरोपी अजय गुप्ता निवासी सौहरामऊ (उन्नाव) को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर सामने आया कि आरोपी ने नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ दुराचार किया। इसके बाद मुकदमे में धारा 87/65(1) बीएनएस एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में चौकी इंचार्ज छितवापुर उप-निरीक्षक गौरव सिंह, कांस्टेबल अजय चौधरी एवं महिला कांस्टेबल दीक्षा सिंह शामिल रहीं। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाया फंदा

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीकेटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदारीपुर निवासी विनित गौतम उर्फ छोटू (24) ने बीती रात फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह इन दिनों अपने ननिहाल लोहारन पुरवा मजरा देवरी रुखारा, थाना बीकेटी में रह रहा था। परिजनों के अनुसार, विनित ने ननिहाल में घर के अंदर कमरे में फंासी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। इसके बाद शव को उसके पैतृक गांव मदारीपुर ले जाया गया।वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने नियमानुसार मृतक के शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध, आंदोलन की चेतावनी



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह की अध्यक्षता में किसान संगठनों के साथ एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान नेताओं ने अमेरिका के दबाव में किए जा रहे तथाकथित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसान विरोधी, संविधान विरोधी और राष्ट्र विरोधी बताया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह समझौता देशहित में नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव में लिया गया फैसला है, जिसकी कीमत देश का किसान चुका रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि यह समझौता भारतीय कृषि व्यवस्था को कमजोर करने की सोची-समझी साजिश है। किसान नेताओं ने कहा कि अमेरिका में किसानों को हर वर्ष 60 लाख से लेकर दो करोड़ रुपये तक की सरकारी सब्सिडी, आधुनिक तकनीक, सस्ती बिजली, सस्ता डीजल और सरकारी सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है, जबकि भारत का किसान महंगे बीज, महंगी खाद, महंगे डीजल, कर्ज और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी के बिना खेती करने को मजबूर है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह का समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसान विरोधी व्यापार समझौता तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो देशभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। दिल्ली से लेकर राज्यों तक किसान सड़कों पर उतरेंगे। आंदोलन शांतिपूर्ण होगा, लेकिन निर्णायक रहेगा। बैठक में बीएम सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन), ऋषिपाल अचलावत (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन अंबावत), कर्नल राजेंद्र सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन), मनीष यादव (भारतीय किसान यूनियन दसहरी), लोकदल अध्यक्ष अखिलेश सिंह मुन्ना, प्रदीप हुड्डा (प्रदेश अध्यक्ष, हरियाणा) और हरीश हूण (किसान नेता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता) सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# छतौनी के श्री शिवनंदन इंटर कॉलेज में संस्थापक दिवस समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ। क्षेत्र की छतौनी स्थित श्री शिवनंदन इंटर कॉलेज में मंगलवार को संस्थापक दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा विद्यालय के संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अमरेश रावत, जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, श्री कृष्ण लोधी, ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला, विद्यालय के प्रबंधक प्रशांत दत्त तिवारी, प्रधानाचार्य एस.सी. मिश्रा, विनय गुप्ता एवं अशोक तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कराया।

इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर समारोह को शुभ शुरुआत दी। वहीं, विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य द्वारा सभी मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं राधे-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष सहकारी बैंक वीरेंद्र प्रताप सिंह और उमेश कनौजिया ने विद्यालय के खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के बीच विद्यालय के प्रबंधक प्रशांत दत्त तिवारी द्वारा ॢचेतनाङ्क वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया, जिसे विद्यालय की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रतिबिंब बताया गया। इस मौके पर पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर शिवम मिश्रा, सरिता मिश्रा, नागेश्वर द्विवेदी,दीपू बाजपेई, सुधांशु सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज, रामलाल वर्मा, ललित सिंह, आशुतोष शुक्ला, सुनील पटेल, अशोक रावत, चंदन सिंह , मनीष शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह में वक्ताओं ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन अपनाने का संदेश दिया।

# नक्खास में घुट रहा है ट्रैफ़िक का दम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला नक्खास रोड इन दिनों बदहाली, अवैध कब्जों और ट्रैफिक अराजकता का जीता जागता उदाहरण बन चुका है। जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर फ्लाईओवर तो बना दिया गया, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि फ्लाईओवर बनने के बाद भी नक्खास रोड पर जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। फ्लाईओवर के नीचे हालात और भी बदतर हैं। यहां सड़क को अवैध पार्किंग ज़ोन में तब्दील कर दिया गया है। चार पहिया वाहन बेधड़क सड़क पर खड़े रहते हैं, वहीं दूसरी ओर दुकानदारों द्वारा करीब 20 फीट तक सड़क पर कब्जा कर सामान सजाया जा रहा है, जिससे ट्रैफिक का दम घुट रहा है। स्थिति यहीं नहीं रुकती। नक्खास चौराहे पर ई-रिक्शा चालकों का आतंक ऐसा है कि चौराहे से लेकर अकबरी गेट तिराहे तक दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा और मनमानी सवारी भरने की होड़ ने आम राहगीरों और वाहन चालकों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। हालात ऐसे हैं कि इस रास्ते से गुजरने वाले वाहन सवारों के पसीने छूट जाते हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चंद कदमों की दूरी पर नक्खास पुलिस चौकी मौजूद है, फिर भी अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और ट्रैफिक अव्यवस्था पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे है कि आखिर पुलिस और नगर निगम के अधिकारी जनता को इस रोज़ाना की परेशानी से राहत क्यों नहीं दिला पा रहे हैं? क्या फ्लाई ओवर सिर्फ कागज़ों में जाम हटाने के लिए बना था? क्या अवैध कब्जेदारों और ई-रिक्शा माफिया पर कार्रवाई करने से अधिकारी कतराते हैं? या फिर यह पूरा मामला प्रशासनिक उदासीनता और मिलीभगत की भेंट चढ़ चुका है? नक्खास रोड की यह बदहाली अब सिर्फ ट्रैफिक समस्या नहीं, बल्कि सिस्टम पर खड़े बड़े सवालों की कहानी बन चुकी है। अगर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो यह इलाका आने वाले दिनों में पूरी तरह ट्रैफिक नर्क में तब्दील हो सकता है।

# घरेलू कलह में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

## दो मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, मंगलवार की सुबह मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के रहीमनगर भदेसुआ में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक विवाहिता महिला ने घरेलू विवाद से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल की।पुलिस के अनुसार ग्राम रहीमनगर भदेसुआ निवासी 35 वर्षीय ललिता यादव पत्नी राममिलन का शव उनके घर के कमरे में छत पर लगे पंखे के कुंदे से साड़ी के सहारे लटका हुआ मिला। घटना के समय मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर मौजूद थे।पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर नियमानुसार पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि,प्रथम दृष्टया मामला घरेलू कलह का प्रतीत हो रहा है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।परिजनों के अनुसार मृतका की शादी को लगभग सात वर्ष हो चुके थे। वह अपने पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गई है-एक पुत्र जिसकी उम्र करीब 03 वर्ष तथा एक पुत्री जिसकी उम्र करीब 01 वर्ष 08 माह बताई जा रही है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है तथा यदि किसी प्रकार की तहरीर प्राप्त होती है तो उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मजार तोड़ने पर होगा आंदोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एआईएमआईएम का सरकार को अल्टीमेटम**



लखनऊ। चौक क्षेत्र किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ( मेडिकल कॉलेज) परिसर में स्थित सैकड़ों साल पुरानी ऐतिहासिक मजार को अवैध बताकर हटाने की कार्रवाई के खिलाफ एआईएमआईएम ने उत्तर प्रदेश सरकार और मेडिकल कॉलेज प्रशासन को सीधा अल्टीमेटम दे दिया है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यदि मजार से संबंधित नोटिस तत्काल वापस नहीं लिया गया और धार्मिक स्थल की स्थिति को सुरक्षित नहीं किया गया, तो प्रदेशभर में संवैधानिक और लोकतांत्रिक जनांदोलन शुरू किया जाएगा।

मजलिस के उत्तर प्रदेश सेंट्रल अध्यक्ष शेख ताहिर सिद्दीकी ने प्रेस वार्ता में कहा कि मेडिकल कॉलेज द्वारा जारी नोटिस कानून के दायरे में नहीं आता, बल्कि सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है। उनका कहना था कि यह नोटिस झूठे तथ्यों और मनगढ़ंत तर्कों पर आधारित है। जिसका उद्देश्य एक शांतिपूर्ण धार्मिक स्थल को निशाना बनाना है। शेख ताहिर सिद्दीकी ने कहा कि यह मजार अंग्रेज़ी हुकूमत से भी पहले की है और मेडिकल कॉलेज की स्थापना से बहुत पहले से अपने मूल स्वरूप में मौजूद रही है। अब तक किसी भी सरकार या प्रशासन ने इसे अवैध घोषित नहीं किया। लेकिन अब अचानक बुलडोज़र की राजनीति के तहत इसे हटाने की कोशिश की जा रही है। मजलिस ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की खुली अवहेलना है। पार्टी का कहना है कि कानून स्पष्ट रूप से 15 अगस्त 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों के स्वरूप से छेड़छाड़ पर रोक लगाता है, इसके बावजूद प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। मजलिस ने सरकार से मांग की कि मेडिकल कॉलेज का नोटिस तत्काल रद्द किया जाए मजार की ऐतिहासिक और धार्मिक स्थिति को लिखित रूप से संरक्षित किया जाए और भविष्य में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। पार्टी ने चेताया कि यदि सरकार ने इन मांगों को नजरअंदाज किया तो मजलिस सड़क से लेकर अदालत तक संवैधानिक संघर्ष करेगी। पार्टी का कहना है कि किसी भी स्थिति के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह जिम्मेदार होगा। प्रेस वार्ता में ऑल इंडिया मजलिस उत्तर प्रदेश सेंट्रल संगठन मंत्री सैयद रूबेल संयोजक नईमुद्दीन सिद्दीकी, सचिव डॉ. रिज़वान, जिला अध्यक्ष लखनऊ सलमान मंसूरी, वरिष्ठ नेता हाशिम सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 20 फरवरी से शुरू होगा तीन दिवसीय निशानोत्सव

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री श्याम ज्योत मंडल तीन दिवसीय निशानोत्सव 20 फरवरी से आयोजित कर रहा है। ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में बाबा श्याम के भव्य दरबार का भूमि पूजन कर मंडल सदस्यों एवं दरबार के रचयिताकर्ता ने आधारशिला की नींव रखी। भूमि पूजन में उपस्थित भक्तजनों ने खाटू नरेश से निर्विघ्न उत्सव संपन्न कराने की मंगल कामना की। नींव पूजन के पश्चात ही बाबा श्याम के भव्य दरबार का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंडल के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि तीन दिवसीय 43वां श्याम निशानोत्सव के शुरुआती दो दिन देश के नामचीन भजन गायक भजनों की सरिता बहाएंगे, तीसरे दिन श्याम सतरंगी ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में श्रवण अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश कंछल, अनिल अग्रवाल, बनवारी लाल कंछल, राजेन्द्र अग्रवाल, सचिन कंछल, योगेंद्र, मोहित, अंजुल, विवेक समेत अन्य मौजूद रहे।

# एजुकेशन एलायंस नेटवर्क का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य में बालिका शिक्षा को अधिक समान, गुणवत्तापूर्ण और परिवर्तनकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उत्तर प्रदेश ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ गर्ल एजुकेशन एलायंस नेटवर्क का औपचारिक शुभारंभ मंगलवार को लखनऊ में किया गया। यह नेटवर्क राज्य में बालिका शिक्षा पर कार्यरत नागरिक समाज संगठनों का एक सहयोगी मंच है, जो जेंडर ट्रांसफोरमेटिव एजुकेशन के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक और प्रणालीगत बदलाव लाने के उद्देश्य से गठित किया गया है।

स्वतालीम फाउंडेशन के सह संस्थापक वैभव कुमार ने नेटवर्क की यात्रा बताते हुए सभी संस्थानों के मंच पर आने को एक सुनहरा अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थानों के सामूहिक प्रयास से सरकार द्वारा करे जा रहे किशोरियों की शिक्षा और लैंगिक समानता के प्रयासों को बल मिलेगा और बदलाव की दिशा में यह एक सकारात्मक पहल साबित होगा। मुख्य वक्ता डॉ. पवन सचान, संयुक्त निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा में वास्तविक बदलाव केवल नामांकन तक सीमित नहीं रह सकता है और इसके लिए ऐसे ही जैसे समूहों को आगे आ कर साथ मिल कर कार्य करने की ज़रूरत है। डॉ. पवन सचान के अनुसार बालिका शिक्षा में वास्तविक परिवर्तन तभी संभव है जब पाठ्यक्रम, शिक्षण प्रक्रिया और सामाजिक सोच तीनों में समानांतर बदलाव हो। कहा कि जेंडर ट्रांस्फरमेटिव शिक्षा के माध्यम से ही शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक आएगा। उत्तर प्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक पुष्पेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि सामाजिक संगठन अगर सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाए तो प्रयास और प्रभावशाली होगा।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

❐ जिलाधिकारी के आदेशों का उल्लंघन करने पर फार्मासिस्ट आदित्य प्रकाश पाण्डेय को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिलाधिकारी राजागणपति आर0 ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड देखते हुये कलर कोडिंग के अनुसार बेडशीट न होने पर व गंदी होने पर जिलाधिकारी के आदेशों का उल्लंघन करने पर फार्मासिस्ट आदित्य प्रकाश पाण्डेय को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी के निर्देश संबंधित को दिये।

एमओआईसी संजय गौड़ अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिये। औषधि केन्द्र पहुंचकर जिलाधिकारी ने दवाओं की एक्सपायरी रजिस्टर का अवलोकन करते हुये दवाओं की भी एक्सपायरी को देखा। दवाओं का रख-रखाव सही ढंग से न होने पर फार्मासिस्ट पर नाराजगी व्यक्त करते हुये अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। दवाओं के भंडारण कक्ष में भी दवाओं का रख-रखाव सही न मिलने पर चीफ फार्मासिस्ट को भी प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बी0पी0एम0 राहुल बाजपेयी द्वारा कार्यों में लापरवाही करने पर 15 दिन का वेतन काटनें के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने एम0ओ0आई0सी0 द्वारा अपने कार्यों एवं दायित्वों का सही निर्वहन करने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के साथ अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरित न करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। लेबर पहुंचकर जिलाधिकारी ने लेबर रूम रजिस्टर का अवलोकन करते हुये नर्सों की संख्या की जानकारी ली। एच0आर0पी0 ट्रैकिंग रजिस्टर का गहनतापूर्वक अवलोकन किया, जिसमें महिला का वैक्सीनेशन न होने पर स्टाफ नर्स मंदाकिनी मिश्रा पर अनुशासनिक कार्यवाही की संस्तुति करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। एच0आर0पी0 ट्रैकिंग रजिस्टर में दर्ज मरीज से जिलाधिकारी ने दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये फीडबैक लिया। लेबर रूम में प्रसव की जानकारी करते हुये 545 का प्रसव का लक्ष्य है, जिसमें से कुल 324 प्रसव होने एवं आशाओं द्वारा संस्थागत प्रसव हेतु जागरूकता न फैलाये जाने पर बी0सी0पी0एम0 संतोष कनौजिया का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। एन0बी0एस0यू0 वार्ड में रजिस्टर, रेफर रजिस्टर का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी को निर्देश दिये कि रेफर किये गये मरीजों से वार्ता करते हुये उनका फीडबैक अवश्य प्राप्त करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 50 वर्ष पूर्ण होने पर रामचन्द्र मिशन आश्रम में होगा ध्यान साधना का महाकुंभ

❐ रामचन्द्र मिशन आश्रम में 12 फरवरी से 2 मार्च तक पांच चरणों में होगा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर की धरती केवल ऐतिहासिक और अमर शहीदों की स्मृतियों की ही वाहक नहीं रही है, बल्कि यह आध्यात्मिक चेतना की भी एक उज्ज्वल प्रयोगशाला रही है। यह हम सब के लिए गौरव की बात है कि वर्ष 1945 में इसी पुण्यभूमि पर महात्मा रामचन्द्र जी महाराज ने श्री रामचन्द्र मिशन की स्थापना की थी।

उक्त विचार शाहजहांपुर के प्रमुख उद्योगपति और रामचन्द्र मिशन के प्रशिक्षक माधोगोपाल ने शहर के एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि आज विश्व के 164 देशों में श्रीरामचन्द्र मिशन के केंद्र हैं। वर्ष 1976 में शाहजहांपुर में महात्मा रामचन्द्र जी महाराज ( बाबूजी ) ने अपने गुरु फतेहगढ़ के महात्मा रामचन्द्र जी महाराज ( लालाजी ) की स्मृति में मिशन के प्रथम आश्रम की स्थापना की। अब यह आश्रम अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है।



50 वर्षों की साधना, सेवा और संकल्प की गौरवशाली कथा को समेटे हुए इस ऐतिहासिक अवसर पर आश्रम का वृहद स्तर पर जीर्णोद्धार किया गया है। 50 वर्ष पूर्ण होने पर रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष/पूज्य गुरुदेव कमलेश डी पटेल (दाजी) के सानिध्य और मार्गदर्शन में स्वर्ण जयंती समारोह 'बसंत उत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। जोकि आश्रम में 12 फरवरी से 2 मार्च तक पांच चरणों में होगा। मिशन के उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल ने बताया कि पहला चरण 12 फरवरी से 14 फरवरी, दूसरा चरण 16 फरवरी से 18 फरवरी, तीसरा चरण 20 फरवरी से 22 फरवरी, चौथा चरण 24 फरवरी से 26 फरवरी तथा पांचवा चरण 28 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। प्रत्येक चरण में देश विदेश से करीब पांच हजार लोग सहभागिता कर आध्यात्मिक विकास के वाहक बनेंगे। बाहर से आने वाले अभ्यासियों के ठहरने की व्यवस्था आश्रम परिसर और विभिन्न होटलों और गेस्ट हाउस में की गई है। जबकि भोजन की व्यवस्था आश्रम परिसर में रहेगी। इसके अलावा आश्रम में बाहर से आने-जाने वाले अभ्यासियों के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। 24 घंटे मिशन के स्वंयसेवक शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन के अलावा लखनऊ हवाई अड्डा, दिल्ली हवाई अड्डा, लखनऊ रेलवे स्टेशन पर भी मौजूद रहेंगे। ताकि किसी को कोई असुविधा न हो। कहा कि यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक मिलन का महाकुंभ होगा। विविध आध्यात्मिक सत्र, ध्यान शिविर और सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से यह समारोह मानव जीवन को अंतर्मुखी बनाने की प्रेरणा देगा। मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि स्वर्ण जयंती का यह महापर्व केवल एक संस्था का उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना के उत्थान का सामूहिक संकल्प है, जहां श्रद्धा, साधना और सेवा एक साथ प्रवाहित होंगी।

# महापौर ने किया एमडीए कार्यक्रम का उद्घाटन

❐ जनपद की 13 ब्लॉकों में 10 से 28 फरवरी तक चलेगा अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी में महापौर अर्चना वर्मा ने जनपद में 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सामूहिक दवा सेवन (एमडीए/आईडीए) कार्यक्रम का उद्घाटन दवा ग्रहण कर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी समेत अन्य उपस्थित लोगों ने भी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया।

इस दौरान महापौर ने कहा कि आईडीए कार्यक्रम के तहत प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को प्रशिक्षित औषधि उपचारकों द्वारा डीईसी, एल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन की गोलियों का सेवन कराया जाएगा। ये औषधियां पूर्णतः सुरक्षित हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी लोग फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करें।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक मिश्रा ने बताया कि जनपद के 13 ब्लॉकों में यह अभियान चलेगा। जिसमें एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी स्वस्थ व्यक्तियों को वर्ष में एक बार आयुवर्गानुसार औषधि की एक खुराक दी जाएगी। औषधि का सेवन खाली पेट नहीं करना चाहिए। बताया कि दवाओं के सेवन से कुछ व्यक्तियों में हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं, जो स्वतः ठीक हो जाते हैं। यदि ऐसा न हो, तो अभियान के लिए गठित टीम तुरंत उपचार करेगी। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीपी श्रीवास्तव, एसएमओ डॉ. आकांक्षा यादव, पाथ से नवीन सिंह, पीसीआई से अनीता सिंह, डीपीएम, डीसीपीएम सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना बण्डा पुलिस ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म और उसके साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 21 जनवरी 2026 को थाना बंडा क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के गांव धर्मगदापुर निवासी रघुपाल कुशवाहा ने घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकते कीं और विरोध करने पर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने विवेचना के दौरान महिला के बयान और मेडिकल रिपोर्ट में पाया कि अभियुक्त रघुपाल कुशवाहा ने महिला के साथ मारपीट और अश्लील हरकतें ना करके शारीरिक सम्बन्ध बनाए हैं। जिस पर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट में दुष्कर्म की धाराओं में बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में आज बंडा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रघुपाल कुशवाहा को पूरनपुर रोड कर्बला के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रधुपाल को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# हाईस्कूल व इंटर परीक्षा 2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं राजकीय इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 के शुचितापूर्ण, नकल-विहीन, शांतिपूर्ण एवं सफल संचालन को सुनिश्चित करने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों की भौतिक तैयारियों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था सहित परीक्षार्थियों की सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित संकलन, सीलिंग एवं प्रेषण व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये।जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे पूर्णतः क्रियाशील रहें तथा उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। नकल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु उड़नदस्तों की प्रभावी तैनाती, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की पहचान कर विशेष निगरानी रखी जाये, यदि किसी प्रकार की कोई घटना घटित होती है तो इसकी तत्काल सूचना कन्ट्रोल को उपलब्ध करायी जाये।बैठक में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को परीक्षा अवधि के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा संचालन में किसी प्रकार का व्यवधान न होने देने के निर्देश दिए गए। साथ ही परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई जा सके।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने राजकीय इण्टर कॉलेज सीतापुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि विद्यालय में प्राथमिकता पर कराये जाने वाले कार्यों की सूची उपलब्ध करायी जाये। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कराये जा रहे कार्यों को भी देखा।

# सफारी सीजन-2026 में आधुनिक सुविधाओं के साथ बदलेगा दुधवा नेशनल पार्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में दुधवा नेशनल पार्क 'सफारी सीजन-2026' के दौरान एक नए और आधुनिक स्वरूप में पर्यटकों का स्वागत करने जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में पर्यटन विभाग ने दुधवा टाइगर रिजर्व को सुविधाओं, डिजिटलीकरण और स्थानीय संस्कृति से जोड़ने की व्यापक योजना पर काम तेज कर दिया है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व के व्याख्या (इंटरप्रिटेशन) केंद्र को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसके तहत मौजूदा कैंप कार्यालय की मरम्मत, नया आकर्षक रिसेप्शन ब्लॉक, आधुनिक इंटरप्रिटेशन सेंटर, 3-डी म्यूरल व आर्ट पेंटिंग, कैंटीन, मीटिंग हॉल, लाइब्रेरी और शुद्ध पेयजल जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पार्क परिसर में लगी पशु आकृतियों का नवीनीकरण, पर्यटकों के लिए गार्डन बेंच, डस्टबिन और बेहतर मार्गदर्शन के लिए आधुनिक साइनेज लगाए जाएंगे। दीवारों पर जंगल और वन्यजीवों को दर्शाने वाली 3-डी चित्रकारी के माध्यम से पर्यटकों को दुधवा की जैव विविधता की जानकारी दी जाएगी।दुधवा को पर्यटन के लिहाज से और मजबूत बनाने के लिए सुविधा विस्तार और डिजिटलीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पलिया और दुधवा की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कों पर आकर्षक और आधुनिक साइनेज लगाए जाएंगे। पर्यटकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन जानकारी और बुकिंग व्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है। यूपी पर्यटन और यूपीटीडीबी की वेबसाइट पर दुधवा टाइगर रिजर्व का अलग पेज बनाया जाएगा, जहां होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे की पूरी जानकारी उपलब्ध होगी।पर्यटन मंत्री ने बताया कि वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रकृति के बीच योग और मेडिटेशन स्पेस विकसित किए जाएंगे। साथ ही होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे सुविधाओं के विस्तार पर भी काम हो रहा है। अब तक 23 होमस्टे, 2 रिसॉर्ट और 5 होटलों का पंजीकरण किया जा चुका है।दुधवा क्षेत्र में पर्यटन को स्थानीय थारू संस्कृति से जोड़ने की भी खास पहल की जा रही है। पर्यटकों को पारंपरिक थारू थाली के साथ-साथ मोटे अनाज से बने व्यंजनों की ‘श्री अन्न थाली’ परोसी जाएगी। अधिकांश होमस्टे संचालक महिलाएं होने के कारण उन्हें होमस्टे संचालन, डिजिटल भुगतान (यूपीआई), अतिथि संवाद, स्टोरी टेलिंग और आतिथ्य प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। थारू समाज के लोगों को पारंपरिक भोजन, हस्तशिल्प और आतिथ्य सत्कार से जुड़ा प्रशिक्षण देकर उनके उत्पादों के विपणन की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अलावा, करीब 150 स्थानीय युवाओं को नेचर गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजना है।मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 के बीच प्रदेश में जंगलों, वेटलैंड्स और वन्यजीव क्षेत्रों में 44 इको-टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या 2022 में लगभग 1.2 लाख से बढ़कर 2025 में करीब 2.1 लाख हो गई है। सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से स्थानीय युवाओं और छात्रों को पर्यटन से जोड़ते हुए दुधवा को एक आदर्श इको-टूरिज्म मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# गोला के जंगल में लटका मिला अज्ञात युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला खीरी। गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कुंधवा रेलवे क्रॉसिंग से करीब 100 मीटर की दूरी पर जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव को सबसे पहले रेलवे क्रॉसिंग पर तैनात कर्मचारी ने देखा, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना गोला कोतवाली पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही गोला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार शव की स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मौत कई दिन पहले हो चुकी है। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव पेड़ से फांसी के फंदे के सहारे लटका हुआ मिला, जिससे प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है और शव की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।गोला कोतवाली पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है और शव की पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मासूम बालिका की गला दबाकर हत्या

**सकरन, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र बिसवा के काजीपुर गांव में एक निर्जन झोपड़ी में छप्पर के नीचे 4 वर्षीय बालिका संध्या का शव चारपाई पर पड़ा मिला।परिजनों ने बताया कि मृतक बालिका सोमवार की शाम अचानक खेलते समय लापता हो गई थी बालिका की मां सुशीला देवी लकड़ी बीनने गई थी तथा पिता रामशरण सोहरिया बाजार समान लेने गए थे देर शाम तक बालिका का पता न चलने पर परिजन उसकी तलाश में जुट गए इसी दौरान गांव के दो युवकों ने बंद पड़ी रमेश पुत्र रामपाल की झोपड़ी में मासूम का शव चारपाई पर पड़ा देखा ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकार अमन सिंह,इंस्पेक्टर बिसवा मुकुल प्रकाश वर्मा, चौकी इंचार्ज अरुण उपाध्याय अपने हमराही बल के साथ मौके पर पहुंचे, संवेदनशील वारदात की जानकारी पर फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची।सूत्रों का दावा यह भी है कि मृतक बालिका संध्या के गले पर चोट के निशान है वहीं पर बालिका की मां का आरोप है की बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई है मौके पर एसपी सीतापुर अंकुर अग्रवाल के साथ पुलिस महकमा जांच पड़ताल में जुटा हुआ है, मामले की हर एक दृष्टिकोण से जाँच की जा रही है,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।इस संबंध क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि बालिका हत्याकांड की बारीकी से जाँच की जा रही है संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है आगे की विधिक प्रक्रिया प्रचलित है।

## गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने के लिये अजबापुर चीनी मिल ने निकाली जागरूकता रैली

**लखीमपुर खीरी, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डीसीएम श्रीराम ग्रुप की चीनी मिल अजबापुर द्वारा गन्ना बुवाई जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई करने की अपील की गई।रैली में चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल रहे। रैली गांव-गांव होकर निकाली गई, जहां किसानों को गन्ने की उन्नत खेती, सही किस्मों के चयन, समय पर बुवाई, संतुलित खाद प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। मिल अधिकारियों ने किसानों को बताया कि गन्ना एक लाभकारी फसल है, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ती है बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है।इस अवसर पर अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि चीनी मिल द्वारा गन्ना आपूर्ति पर समय से पर्ची, उचित भुगतान और तकनीकी सहयोग लगातार दिया जाएगा। साथ ही अधिक उत्पादन के लिए रोग-प्रतिरोधक प्रजातियों और बेहतर कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया गया। मिल के कृषि विभाग के विशेषज्ञों ने गन्ने की खेती से होने वाले आर्थिक लाभ, लागत और मुनाफ़े की विस्तृत जानकारी भी किसानों के साथ साझा की।किसानों ने भी रैली के दौरान अपनी समस्याएं रखीं, जिनका मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया गया। जागरूकता रैली को लेकर क्षेत्र के किसानों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में किसानों ने गन्ना बुवाई बढ़ाने का भरोसा जताया।चीनी मिल प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा, ताकि गन्ना उत्पादन बढ़े और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि हो सके।



# नकलविहीन व सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दिया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया गया। डीएम ने कहा कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन, शांतिपूर्ण व पारदर्शी संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, विद्युत, पेयजल, शौचालयों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा परीक्षार्थियों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं शालीन व्यवहार किया जाए। कहा कि जनपद के कुल 126 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 42,785 तथा इंटरमीडिएट के 36,724 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक होगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक, एक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। जो परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने आदि की जानकारी दी। कहा कि कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी की जाएगी। परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्र पर अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। उन्होंने समस्त केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि वे परीक्षा से तीन दिन पूर्व कक्ष निरीक्षकों की ब्रीफिंग अनिवार्य रूप से करा लें। कक्ष निरीक्षक अपने साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं आधार कार्ड अनिवार्य रूप से रखें तथा मोबाइल फोन लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी स्थिति में प्रवेश न करें। उत्तर पुस्तिकाओं का लेखा-जोखा पंजिकाओं में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा। प्रश्नपत्र खोलते समय तिथि, पाली एवं कोड का अनिवार्य रूप से मिलान करके ही प्रश्नपत्र खोला जाएगा।

# आंगनबाड़ी भर्ती बना कमाई का जरिया ईसानगर ब्लॉक पर संगीन आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। ईसानगर विकास खंड में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया अब गंभीर सवालों के घेरे में आ चुकी है। बाल विकास एवं पुष्टाहार परियोजना के तहत चल रही संविदा भर्ती में फर्जी आय प्रमाणपत्र, नियमों की अनदेखी और कथित अवैध वसूली के आरोप सामने आने से प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई है।

ग्राम कटौली निवासी उर्मिला अवस्थी ने जिला प्रशासन को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि एक अभ्यर्थी ने फर्जी बीपीएल आय प्रमाणपत्र के सहारे आवेदन कर चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की है। शिकायतकर्ता ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।उर्मिला अवस्थी ने बताया कि उनके पति स्वर्गीय रामानुज अवस्थी का वर्ष 2023 में निधन हो चुका है। वह तीन नाबालिग बच्चों की जिम्मेदारी निभा रही हैं और स्वयं परास्नातक हैं। सभी नियमों को पूरा करने के बावजूद उन्हें आशंका है कि गलत दस्तावेजों के दम पर योग्य उम्मीदवारों का हक छीना जा रहा है।शिकायत में आरोप है कि प्रतिद्वंद्वी अभ्यर्थी शिल्पी पुत्री मीहीलाल ने राजस्व कर्मचारियों से कथित मिलीभगत कर गरीबी रेखा से नीचे का आय प्रमाणपत्र बनवाया है, जबकि वास्तविक स्थिति इससे अलग बताई जा रही है। इतना ही नहीं, शिल्पी की माता पहले से ही उसी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद पर कार्यरत हैं, इसके बावजूद नियमों को दरकिनार कर आवेदन किया गया।शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि अभ्यर्थी अपने वास्तविक निवास स्थान और पारिवारिक संपत्तियों की जानकारी छिपाकर आवेदन कर रही है, जो चयन नियमों का खुला उल्लंघन है।मामले पर सफाई देते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी ईसानगर बीना सक्सेना ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया अभी जारी है और किसी भी अभ्यर्थी का अंतिम चयन नहीं हुआ है। मेरिट सूची जारी होने के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आय प्रमाणपत्र की जांच राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती है।लेकिन इसी बीच सूत्रों से चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ईसानगर ब्लॉक में बाल विकास परियोजना से जुड़े एक कर्मचारी द्वारा कथित रूप से 50 हजार से 80 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। आरोप है कि इस अवैध खेल को कथित रूप से उच्च स्तर का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते फर्जी दस्तावेजों और नियमों की अनदेखी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।हालांकि इन आरोपों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सवाल यह है कि अगर सब कुछ साफ है तो बार-बार ऐसे आरोप क्यों लग रहे हैं?अब सबकी निगाहें मेरिट सूची और उसके बाद होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं। देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कठोर कदम उठाता है या फिर आरोपों की फाइलें ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें **सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली / टेंडर / 21 / 2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में पीआरएस / यूटीएस नेटवर्किंग उपकरणों की विश्वसनीयता में सुधार और उन्नयन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 5,13,61,674.91 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 4,06,800.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2026, 15:30 बजे। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू. सं.: 106-टेली / टेंडर / 21 / 2025-26 दिनांक: 09.02.2026 452/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक (डीटीएफ) की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत ऑपरेशन कायाकल्प को लेकर समीक्षा की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा गुणवत्ता में सुधार को लेकर निर्देशित किया। रैम्प, रसोई घर , बालक बालिका मूत्रालय, दिव्यांगजन शौचालय, बाल मैत्रिक शौचालय, आदि पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्रों का इन्फ्रास्ट्रक्चर, परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाईन को लेकर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि 18 फरवरी तक निस्तारण नहीं होता है तो विद्युत विभाग के समस्त अधिशासी अभियंता जिलाधिकारी के कार्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में

> ❒ बैठक के अन्तर्गत ऑपरेशन कायाकल्प को लेकर समीक्षा की गयी

रहेंगे तथा अधीक्षण अभियंता सहित समस्त अधिशासी अभियंता विद्युत प्रतिदिन की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएंगे। बच्चों की उपस्थिति निपुण एसेसमेंट ,सपोर्टिव सुपरविजन ,आरटीई ,रिमेडियल क्लास स्मार्ट क्लास , अपार आईडी, पीएम श्री विद्यालयों में आर ओ वाटर की उपलब्धता सोलर पैनल पर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपार आईडी के लिए अभियान चलाने को लेकर निर्देशित किया। विद्यालयों मे छतों को डैमप्रूफ करने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी प्राप्त की तथा ग्राम खेरिया रुद्र के विद्यालय में डैम प्रूफ की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक ( सिविल) सचिन सक्सेना, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पीएम श्री विद्यालय साइनबोर्ड, खगोलीय प्रयोगशाला पर चर्चा की तथा निर्माण किये जाने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों की विकासखण्ड वार समीक्षा की गयी तथा वर्ष 2024-25 के आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण आरम्भ न किये जाने पर खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओं पंचायत बहजोई एवं बनिया खेड़ा का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीपीओ आईसीडीएस तथा डॉ विश्वास अग्रवाल द्वारा अपने अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्राम प्रधानों को दी पीएम एक्सीलेंस अवार्ड पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह एवं खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमल कंात तथा खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा डॉ आदेश कुमार एवं समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा संबंधित पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का शिविर आयोजित

संभल । राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई एस. एम. कॉलेज, चंदौसी के प्रथम चार एक दिवसीय विशेष शिविरों की श्रृंखला का पहला शिविर कौशल विकास हेतु युवा शिक्षक के अंतर्गत राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, ग्राम देवरखेड़ा, चंदौसी में डॉ.विशेष कुमार पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में आयोजित किया गया. शिविर के प्रारंभ में स्वयंसेवकों ने प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न किया. तदुपरांत प्रो़फ़ेसर डॉ. आर. ए. एस. यादव, प्रभारी प्राचार्य एस. एम. कॉलेज, चंदौसी ने माता सरस्वती और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का औपचारिक प्रारंभ किया. स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य महोदय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासित एवं समाज व राष्ट्र उन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## राजकीय मेडिकल में बनेगा 100 बेड का बालक व बालिका छात्रावास

बदायूं। राजकीय मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आवासीय सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के माध्यम से मेडिकल कॉलेज परिसर में 100 बेड का बालक छात्रावास व 100 बेड का बालिका छात्रावास निर्मित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने से मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। छात्रावास निर्माण से जहां विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा, वहीं उनकी दैनिक आवश्यकताओं और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार के अनुसार यह परियोजना प्रदेश सरकार की चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेजों में अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं मिल सकें। छात्रावास निर्माण की स्वीकृति मिलने से कॉलेज के विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों में प्रसन्नता का माहौल है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में ग्रामीणों को स्वच्छता का दिया गया सन्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। एपीएम (पीजी )कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शुचि गुप्ता ने ग्राम सरोरा में तथा छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र सिंह राणा ने ग्राम गंगोरा मेंस्वच्छता रैली निकाली व स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं ने गांव के लोगों को जागरूक किया।

छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों को समझाया कि अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखें गढ्ढों में पानी न भरने दे जिससे कीटाणु न फैले कचरे के उचित प्रबंधन के लिए अलग-अलग कूड़ेदानों का प्रयोग करें जिससे पूरा समाज स्वस्थ्य रहे, सड़कों, पार्को और बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगहों को साफ रखें भोजन बनाने और खाने से पहले हाथ धोना व साफ बर्तनों का उपयोग करना भोजन को ठीक से स्टोर करके रखना ताकि भोजन जनित बीमारियां न हो आदि के बारे में जानकारी दी व उनसे बचाव के उपाय भी बताएं।

## पी एम डब्लू विमल वार्ष्णेय ने रैली निकालकर गोष्ठी का आयोजन किया

बदायूँ। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान वजीरगंज के ग्राम सोई में पी एम डब्लू विमल वार्ष्णेय ने रैली निकालकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वच्चो को विस्तार से यह वताया गया कि आप कुष्ठ रोगियो से न करें भेदभाव ,समय पर कराये इलाज जितना अधिक समय तक आप कुष्ठ रोग से पीड़ित रहेगें, इसका इलाज उतना ही कठिन होगा और यह आपके शरीर को उतना ही अधिक नुकसान पहुंचा सकता है कुष्ठ रोग नाक और मुँह से निकलने वाली वूंदो के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है ,जो वात करने ,छींकने या खांसने पर बाहर निकलती है ।हम सभी कुष्ठ रोगियो को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें जैसे हाथ पैर में सुन्पन, लाल रंग की तैलीय त्वचा का होना,आदि लक्षण की जानकारी देते हुए भारत से कुष्ठ रोग को समाप्त करने के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगें।

# दिव्यांगजनों के लिए रोजगार के खुले नए द्वार, 12 फरवरी को लगेगा विशेष रोजगार मेला

> इस विशेष रोजगार मेले में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के अपने संकल्प को लगातार साकार कर रही है। इसी क्रम में 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0' के तहत 12 फरवरी को कानपुर नगर में विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला पांडु नगर स्थित जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (कौशल विकास) परिसर में आयोजित होगा, जिसमें 200 से अधिक दिव्यांग अभ्यर्थियों को रोजगार के लिए सीधा अवसर मिलेगा।

इस विशेष रोजगार मेले में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। ऑटोमोबाइल क्षेत्र से टाटा मोटर्स और सैंडन विकास ग्रुप, आईटी और बीपीओ सेक्टर से कोजेंट ई-सर्विसेज लिमिटेड व साइफ्यूचर लिमिटेड तथा सर्विसेज और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से कैनविन एवं असॉर्ट स्टाफिंग सर्विसेज लिमिटेड शामिल हैं। ये कंपनियां मैन्युफैक्चरिंग, आईटीईएस और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में नियुक्तियां प्रदान करेंगी।मेले में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 12वीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक दिव्यांग अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया में पहले काउंसलिंग, इसके बाद दस्तावेजों का सत्यापन और अंत में कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा सीधा साक्षात्कार लिया जाएगा। रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला प्रशासन ने इस रोजगार मेले के माध्यम से कम से कम 50 पात्र अभ्यर्थियों की तत्काल नियुक्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है।मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने मंगलवार को बताया कि दिव्यांगजनों को सम्मानजनक और स्थायी रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। 12 फरवरी को आयोजित यह रोजगार मेला दिव्यांग युवाओं के हुनर और हौसले को देश की नामी कंपनियों से जोड़ने का सेतु बनेगा।सीडीओ ने स्पष्ट किया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी पात्र दिव्यांग अभ्यर्थी अपनी शारीरिक बाधाओं के कारण पीछे न छूटे।

# डीएम ने छात्र-छात्राओं को ऐल्बेन्डाजोल की गोली खिलाकर अभियान का किया शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल, बहजोई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर भगत जी इंटरनेशनल स्कूल, बहजोई, जनपद सम्भल में डॉ. राजेन्द्र पैसिया जिलाधिकारी, जनपद सम्भल द्वारा कृमि मुक्ति हेतु छात्र-छात्राओं को कृमि-मुक्ति की गोली (ऐल्बेन्डाजोल) खिलाकर शुभारम्भ किया गया।

विद्यालय परिसर में उपस्थित बच्चों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वयं भी कृमि-मुक्ति की गोली का सेवन किया। इससे पूर्व जिलाधिकारी महोदय द्वारा बच्चों से कृमि मुक्ति के सम्बन्ध में विस्तृत सम्बोधन किया। उपस्थित बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव व साफ-सफाई हेतु नाखून साफ और छोटे रखने, फल-सब्जी को धोकर खाने, नियमित रूप से नहाने व साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक द्वारा उपस्थित बच्चों से संवाद के समय सदैव स्वच्छ पेयजल पीने एवं घर तथा उसके आस-पास में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया।रात्रि 2025-26 के द्वितीय-चरण फरवरी 2026 में जनपद के कुल 13,11,811 बच्चों को कृमि-मुक्ति हेतु ऐल्बेन्डाजोल की गोली खिलायी जानी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहने व मन लगाकर अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया।जिला कार्यक्रम प्रबन्धक-एन.एच.एम. संजीव कुमार राठौर ने कहा कि आज किसी कारण से उपस्थित ना होने पर आच्छादित ना होने वाले बच्चों को आगामी दिनाँक 14.08.2025; दिन बुधवार को मॉप-अप दिवस को गोली खिलायी जायेगी।उपरोक्त आयोजन में डी.ई.आई.सी. प्रबन्धक मनु तेवतिया, बी.ई.ओ.-बहजोई पोप सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सी.एच.सी. बहजोई डॉ. सचिन वर्मा, स्वास्थ्य विभाग एवं विद्यालय के प्रबन्धक, प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## सेफर इंटरनेट डे: जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन

**सम्भल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में 'सेफर इंटरनेट डे' के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभात मिश्रा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एन .आई.सी. ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की गयी। जहाँ इक्रशिक्षा और कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है, वहीं इसके जरिए फैल रहे डीपफ़ेक विडियो और डेटा प्राइवेसी जैसे खतरों से सावधान रहने की भी आवश्यकता है,। किसी भी इक्रटूल का उपयोग करते समय अपनी व्यक्तिगत और संवेदनशील जानकारी साझा न करें। वित्तीय सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करते समय हमेशा बैंक की आधिकारिक वेबसाइट और सुरक्षित नेटवर्क का ही प्रयोग करें, सार्वजनिक वाई-फाई से वित्तीय लेनदेन करने से बचें और अपने पासवर्ड व पिन को समय-समय पर बदलते रहें। कार्यशाला में एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए शपथ दिलाई गयी तथा सेफर इंटरनेट डे 2026 के वेबसाइट www.staysafeonline.in पर उपलब्ध विडियो का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। सभी को जागरूक किया गया की किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें न ही किसी सूचना/विडियो को बिना सत्यापित किए सोशल मीडिया पर फॉरवर्ड करे और साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें ।कार्यशाला में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, डी पी आर ओ, डी आर एम , नेटवर्क इंजीनियर एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित अन्य विभागीय अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बसोमा में श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली गयी कलश यात्रा

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोमा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व मंगलवार को महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। मुख्य यजमान अशोक कुमार एवं उनकी पत्नी विमला के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं व क्षेत्र के लोगों ने कलश यात्रा में सहभागिता की मनो कामेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर गाँव के मुख्य मार्गों से होती हुई कलश यात्रा कथा स्थल पर पहुंची। जहां विधि-विधान के साथ कलशों में पवित्र जल भरा गया इसके पश्चात यात्रा पुनः मंदिर परिसर लौटी। यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर प्रधान सतेंद्र साहू, ओमकार, नन्द किशोर, सोनपाल,मोहनलाल, बालक राम,कुलदीप, प्रीती, अंजली, राज कुमार,पूनम,सोमबती, शशी, आशा,विमला सहित भारी संख्या में महिलाएं -पुरुष उपस्थित रहे।

## हाइवे किनारे कासगंज के युवक का शव मिलने से सनसनी परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बरेली-मथुरा हाईवे पर गांव फूलपुर के पास कासगंज निवासी 25 वर्षीय केशव रस्तोगी का शव मिला। जेब में मिले आधार कार्ड से पहचान हुई। परिजनों का आरोप है कि केशव की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंका गया, जबकि पुलिस प्रथम दृष्टया एक्सीडेंट मान रही है। रात में परिजनों को केशव का फोन आया था—जबरन शराब पिलाने की बात कही, इसके बाद मोबाइल बंद हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए बदायूं भेजा गया है, मौत का कारण पीएम रिपोर्ट से साफ होगा।

## काठमांडू में भारत का परचम लहराने उतरेंगे बदायूं के अजय पाल सिंह

**बदायूं,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में 18 से 20 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली चतुर्थ माउंट एवरेस्ट क्योरुगी एवं द्वितीय पूमसे (क्र-1) ओपन इंटरनेशनल ताइक्वान्डो प्रतियोगिता में जनपद बदायूं के ताइक्वान्डो खिलाड़ी अजय पाल सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला ताइक्वान्डो संघ बदायूं के अध्यक्ष मेंहदीरत्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता वर्ल्ड ताइक्वान्डो (डट्ठ) एवं एशियन ताइक्वान्डो यूनियन के तत्वावधान में नेपाल ताइक्वान्डो संघ के सहयोग से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता काठमांडू स्थित त्रिपुरेश्वर दशरथ रंगशाला इंडोर हॉल में होगी। ए पी एस इंटरनेशनल स्कूल, बदायूं के ताइक्वान्डो कोच अजय पाल सिंह सीनियर वर्ग पूमसे स्पर्धा में भारत की ओर से हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता को लेकर उन्होंने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और प्रतिदिन लगभग 6 घंटे कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। अजय पाल सिंह के चयन से बदायूं के खेल प्रेमियों और ताइक्वान्डो खिलाड़ियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

## चार दरोगाओं पर लगा महिला से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद बदायूं के उझानी क्षेत्र में एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वन विभाग में तैनात चार दरोगाओं ने उसे कार में लिफ्ट देकर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार 10 जनवरी को वह सहसवान से बदायूं दवा लेने जा रही थी। आरोप है कि उझानी कोतवाली क्षेत्र के हजरतगंज गांव के पास जंगल में घटना को अंजाम दिया गया। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट का रुख किया, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी दरोगाओं की पांच माह पहले सहसवान रेंज में तैनाती हुई थी। मामले की जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 70 लीटर अवैध शराब व 950 किलो लहन की गई नष्ट, दो गिरफ्तार

**सुल्तानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत सोमवार को जिला प्रशासन ने अवैा शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। डीएम सुल्तानपुर व उप आबकारी आयुक्त अयोया प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी आकिारी, उपजिलाकिारी सदर और क्षेत्राकिारी सदर के नेतृत्व में आबकारी टीम ने व्यापक छापेमारी की। आबकारी निरीक्षक रण विजय सिंह (क्षेत्र-1) ने टीम के साथ 10 फरवरी 2026 को ग्राम चुनहा और ग्राम तिवारी का पुरवा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 70 लीटर अवैा कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही करीब 950 किलो लहन (शराब बनाने का कच्चा माल) मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबा में चार अभियोग पंजी.त किए गए तथा दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर विाकि कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। दुकानों पर उपलब स्टक का भौतिक सत्यापन किया गया और गुप्त स्र्म से टेस्ट परचेज कर बिक्री की जांच की गई।

# मण्डलीय उद्योग बंधु बैठक में औद्योगिक समस्याओं के समाधान पर जोर




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कानपुर । उद्यमियों की समस्याओं के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से मंगलवार को मण्डलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग सुनील कुमार ने किया। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ी बुनियादी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। कानपुर के औद्योगिक क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि पनकी औद्योगिक क्षेत्र के लिए एसटीपी का आंगणन स्वीकृत हो चुका है और अन्य क्षेत्रों के आंगणन शीघ्र तैयार किए जाएंगे। दादानगर सब-स्टेशन के लिए भूमि उपलब्ध होने के साथ ही स्थापना कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी गई।फजलगंज क्षेत्र में सीवर लाइन के अवशेष कार्य के लिए नगर निगम द्वारा अतिरिक्त बजट की मांग की जा रही है। वहीं एलएमएल चौराहे से भौंती बाईपास तक ग्रीन बेल्ट विकसित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रक्रिया में बताया गया, जिसे वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए।रूमा औद्योगिक क्षेत्र की जल निकासी समस्या पर मण्डलायुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए यूपीसीडा, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम को स्थलीय निरीक्षण कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। दादानगर से विजय नगर मार्ग को मोटरेबल बनाने और पनकी अग्निशमन केंद्र के प्रशासनिक भवन निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।अंत में उद्यमी संगठनों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनने और समाधान का भरोसा देने पर मण्डलायुक्त का आभार जताया।

# दोनों पालियों में 800 छात्र छात्राओं ने दी परीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। जिले में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। पहले दिन परीक्षा जिले के चार केंद्रों पर आयोजित की गई। जो पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में कराई गई। इसमें कुल 1092 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जबकि 292 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में 800 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। मदरसा बोर्ड परीक्षा नौ फरवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिले में केवल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर्याप्त संख्या में कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही सचल दलों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। पहली पाली में कुल 828 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 562 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 266 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल 264 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 238 ने परीक्षा दी और 26 छात्र-छात्राएं गैरहाजिर रहे। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मुअज्जम यार खां ने बताया कि परीक्षा के दौरान सचल दल सक्रिय रहे। उन्होंने केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा परिषद के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग प्रणव पाठक ने बताया कि मदरसा बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई जा रही हैं।

# ऊंची कूद और गोला फेंक प्रतियोगिता में आजाद ने मारी बाजी जनपदीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय जनपदीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन, पुरस्कार वितरण के साथ भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया।समापन समारोह पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विकास क्षेत्र भादर ने दो सौ पांच अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया जबकि जगदीशपुर ने एक सौ इकसठ अंक प्राप्त कर उपविजेता का स्थान हासिल किया। जनपदीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह पर खेल प्रतियोगिताओं में ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले रेस, जिमनास्टिक, बैडमिंटन, कुश्ती, गोला फेंक, चक्का फेंक, योग एवं वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगितयें प्रमुख रही।बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक वर्ग में कुर्बान तथा बालिका वर्ग में पलक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सृजन एवं आस्था द्वितीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद में बालक वर्ग में आजाद प्रथम व शुभम द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग में सेजल ने प्रथम एवं नेहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।लंबी कूद जूनियर वर्ग में भी आजाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुये प्रथम वैभव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।रिले रेस में विकास क्षेत्र शाहगढ़ प्रथम एवं भादर द्वितीय स्थान पर रहा।जूनियर वॉलीबॉल, जिमनास्टिक एवं योग प्रतियोगिताओं में विकास क्षेत्र भादर का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा जबकि योग प्रतियोगिता में जगदीशपुर द्वितीय स्थान पर रहा।गोला फेंक में बालक वर्ग में आजाद तथा बालिका वर्ग में नैंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कुर्बान बालक एवं श्रुति बालिका द्वितीय स्थान पर रही।जिला व्यायाम शिक्षक संदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों, खेल अनुदेशकों एवं सहयोगी शिक्षकों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी ने सभी टीमों की सक्रिय सहभागिता, बच्चों की खेल दक्षता एवं उन्हें निखारने वाले शिक्षकों की प्रशंसा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में खेल के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया तथा आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं शिक्षक संगठनों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश सिंह ने किया।इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कटका बाजार में लगी हाई मास्क लाइट को युवाओं ने दे दी श्रद्धांजलि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोसाईगंज, सुल्तानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कटका बाजार में लगी हाई मास्क लाइट बीते वर्ष 2016 में लगाई गई थी जो दो ही महीने में बंद हो गई। अनोखे अंदाज में विरोा करते हुए युवाओं ने हाई मास्क लाइट को ही श्रद्धांजलि दे दिया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर रहे डक्टर मिश्र ने बताया कि जनप्रतिनिाि और प्रशासनिक अाकिारियों को जनता की जन समस्याओं से कोई वास्ता न हो, जनता को अंौरे में छोड़ दिया जाए उनके द्वारा लगाए गए हाई मास्क लाइट केवल पक्षियों के लिए मीटिंग का अड्डा हो गया है तो समझ लीजिए आपके जनप्रतिनिाि केवल दिखावटी हैं। युवाओं ने मांग कि है लगी हाई मास्क लाइट को तत्काल ठीक कराया जाए और कटका बाजार में हाई मास्क लाइट लगवाई जाए। रात होते ही कटका बाजार में अंौरे का साया होने लगता है आने जाने वाले राहगीरों को अंौरे का सामना करना पड़ता है लेकिन थोड़ी सी सुगमता इसलिए हो जाती है बाजार में दुकान और रहने वाले अपने घर की लाइटों का प्रयोग करते हैं जिससे कि कोई भी रात को बाजार में आ जा सके और रुक सके आसानी से। कई बार प्रशासनिक अाकिारियों एवं जनप्रतिाियों को अवगत कराने पर अभी तक बाजार में हाई मास्क लाइट नह लगाई गई है जिसके चलते आगामी समय उग्र आंदोलन की तरफ हम सभी बाय होंगे। श्रद्धांजलि में बृजेंद्र मिश्र, विवेक तिवारी, पप्पू कोरी,मोनू यादव, आमिर, हर्षित, शीतला प्रसाद पांडेय, ार्मेंद्र शर्मा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिले में धड़ल्ले से चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी सेंटर

- ❐ प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन व एमडी पैथोलॉजिस्ट नहीं
- ❐ मरीजों की सेहत के साथ कर रहे खिलवाड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में अवैध पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहे हैं। इन सेंटरो पर न तो प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन है और न ही एमडी पैथोलॉजिस्ट हैं,सरकारी हो या निजी अस्पताल इन्हीं के तैयार रिपोर्ट के आधार पर इलाज कर मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।जिले के एक अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी सेंटर परएक व्यक्ति ने किडनी का अल्ट्रासाउंड कराया।

डायग्नोसिस संचालक ने रिपोर्ट में बताया कि उनके किडनी में पथरी है।कर्मी ने लखनऊ मेंजाकर दोबारा अल्ट्रासाउंड कराया तो वहां के रिपोर्ट में किडनी में पथरी ना होने की बात ब ताई गई तब जाकर उसे राहत मिली।इसी तरह बेलसर, तरबगंज, नबाबागंज, वजीरगंज, परसपुर धानेपुर,कटरा बजार, करनैगंज,मनकापुर में खु ले तमाम डायग्नोस्टिक सेंटर पर अप्रशिक्षित लोग अल्ट्रासाउंड जांच धड़ल्ले से कर रहे हैं औ र मजबूरन लोगों को जेब ढीली करनी पड़ रही है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के क्षेत्र के लोगों नेलोगों ने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मेडिकल स्टोर खोलें ज्यादातर लोग अवैध तरी के से सेंटर चला रहे हैं।यह सब स्वास्थ्य विभाग के जानकारी में हो रहा हैं क्योंकि लोगों की जां च रिपोर्ट सरकारी अस्पताल में भी जाता है लो गों का कहना है कि गलत रिपोर्ट के आधार पर लोगो का कहना है कि अगर मरीज का इलाज होगा तो मरीजों के सेहत के साथ खिलवाड़ हो ता रहेगा।लोगों ने इस पर रोक लगाने की मांग की है।वही इस संबंध में सीएमओ ने बताया कि लगातार छापा मारकर अवैध तरीके से चल रहे सेंटर पर कार्रवाई हो रही है।

# साइबर सुरक्षा को दैनिक कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाना जरूरी : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कानपुर । डिजिटल अनुशासन केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि कार्यालय की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक कर्मचारी की सतर्कता ही शासकीय तंत्र को साइबर खतरों से सुरक्षित रख सकती है। नियमित कृमि मुक्ति की तरह ही साइबर सुरक्षा भी सतत प्रक्रिया है, जिसे दैनिक कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

यह बातें मंगलवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कही।डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन जोखिमों को देखते हुए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'सेफर इंटरनेट डे' के अवसर पर साइबर सुरक्षा विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को डिजिटल अनुशासन एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।कार्यशाला का संचालन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा किया गया। इसमें इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि पासवर्ड, ओटीपी, बैंक विवरण जैसी संवेदनशील जानकारियां किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर सोच-समझकर पोस्ट करें और साइबर बुलिंग, ऑनलाइन ठगी व फर्जी खबरों से सावधान रहें।कार्यालयी व्यवस्था के तहत ऑफिस ई-मेल का प्रयोग केवल आधिकारिक कार्यों के लिए करने, अनजान ई-मेल या अटैचमेंट खोलने से पहले सत्यापन करने और फिशिंग कॉल से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने, सिस्टम लॉक रखने, अधिकृत सॉफ्टवेयर के उपयोग तथा नियमित एंटीवायरस अपडेट पर भी जोर दिया गया।ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने बिना अनुमति सोशल मीडिया पर प्रसारित फोटो या वीडियो हटवाने के लिए उपलब्ध पोर्टल की जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (भू-अधिग्रहण) संतोष कुमार राय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंजन कुमार गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि : त्रिवेणी संगम के जल से श्रीकाशी विश्वनाथ महादेव का अभिषेक

- ❐ श्री बड़े हनुमान मंदिर एवं श्री कुंभेश्वर महादेव को भोग-प्रसाद एवं उपहार भी प्रेषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। महाशिवरात्रि के पूर्व मंगलवार को श्रीकाशी विश्वनाथ के स्वर्णिम दरबार में एक विशेष धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया गया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा के संयोजन में पौराणिक तीर्थ त्रिवेणी संगम (गंगाऽयमुना-सरस्वती) के निर्मल अमृत सरीखे जल से श्री काशी विश्वनाथ दरबार में पावन ज्योर्तिलिंग का अभिषेक किया गया।

इस अवसर पर बाबा विश्वनाथ धाम से विशेष वाहन के जरिए संगम के पवित्र जल को घड़ों में भरकर रुद्रावतार महाबली हनुमान मंदिर भेजा गया, जहाँ मंदिर के पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भोग-प्रसाद अर्पित कर उसे श्री काशी विश्वनाथ महादेव को समर्पित किए जाने की परंपरा संपन्न की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में नायब तहसीलदार, मजिस्ट्रेट मिनी एल. शेखर, बड़े हनुमान मंदिर के वरिष्ठ पुजारी महंत पुनीत पुरी महाराज, पुजारी सूरज पांडेय, मेला प्राधिकरण से श्री ऋषि राज मिश्रा (मेला प्रबंधक) सहित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, वाराणसी शिविर के संबंधित पदाधिकारी एवं प्रबंधन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि यह प्राचीन परंपरा आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित की गई थी, जिसे वर्तमान में मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सनातन सांस्कृतिक समन्वय एवं नवाचार के माध्यम से पुनः जीवंत करने का पूरा प्रयास किया है। इस क्रम में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने बड़े हनुमान मंदिर एवं श्री कुंभेश्वर महादेव को भोग-प्रसाद एवं उपहार भी प्रेषित किए जाएंगे।

# यूथ इन एक्शन' की बड़ी पहल : उद्गम स्थल माधोटांडा से संगम स्थल कैथी तक निकलेगी 'गोमती जीवन यात्रा'

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । गोमती नदी के उद्गम स्थल माधोटांडा से संगम स्थल कैथी तक 'गोमती जीवन यात्रा' निकलेगी। 'आदि गंगा' की निर्मलता एवं अविरलता के लिए 'यूथ इन एक्शन' अभिनव पहल कर रहा है। 15 फरवरी से 13 मार्च 2026 तक पीलीभीत से गाजीपुर-वाराणसी तक 1,500 किमी की गोमती परिक्रमा की जाएगी।

इस दौरान गोमती किनारे पड़ने वाले कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलेगा।यह जानकारी संस्था के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को दी। वह विश्व संवाद केंद्र के विवेकानंद सभागार में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र भदौरिया, संस्था के कोषाध्यक्ष अनिकेत अनि, प्रचार प्रमुख प्रत्यूष श्रीवास्तव एवं व्यवस्था प्रमुख शशांक सूर्यवंशी भी मौजूद रहे।'यूथ इन एक्शन' के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यूपी की जीवन-रेखा मानी जाने वाली गोमती के संरक्षण, पुनर्जीवन और सामाजिक चेतना के उद्देश्य से यूथ इन एक्शन 'गोमती जीवन यात्रा' निकाल रहा है। यह यात्रा 15 फरवरी, 2026 को गोमती के उद्गम स्थल माधोटांडा (पीलीभीत) से प्रारंभ होकर 13 मार्च, 2026 को गंगाऽगोमती संगम (वाराणसीऽगाज़ीपुर) में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि लगभग 1,500 किलोमीटर लंबी यात्रा गोमती नदी के तटवर्ती जिलों से गुजरते हुए समाज, युवाओं, किसानों, बुद्धिजीवियों और प्रशासन को एक साझा मंच पर जोड़ने का प्रयास है।'यूथ इन एक्शन' के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह ने कहा, 'गोमती केवल एक नदी नहीं है, यह हमारी संस्कृति, खेती, आजीविका और भविष्य से जुड़ी हुई है। आज यदि हम नदी के प्रति जिम्मेदार नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। गोमती जीवन यात्रा समस्या बताने की नहीं, समाधान की यात्रा है।' उन्होंने बताया कि यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर तीन कार्यक्रम अनिवार्य रूप से होंगे। इसमें नदी पूजन एवं गोमती वंदना, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प तथा स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान शामिल हैं। यात्रा के दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम चौपालों, नगर संवादों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नदी संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जाएगा।गोमती बचेगी, तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा'यूथ इन एक्शन' के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह यात्रा पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, नैमिषारण्य, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी और गाज़ीपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुज़रेगी। यूथ इन एक्शन ने समाज के सभी वर्गों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और मीडिया से अपील की है कि वे इस यात्रा से जुड़ें, इसे समर्थन दें। गोमती की अविरलता और निर्मलता के अभियान को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने नारा दिया कि 'नदी बचेगी, तभी जीवन बचेगा। गोमती बचेगी, तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा।'

# आईजीआरएस निस्तारण में गोंडा पुलिस का प्रदेश में प्रथम स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुण वत्तापूर्ण निस्तारण कराने पर मुख्यमंत्री कार्या लय लोकभवन द्वारा जारी रैंकिंग में गोंडा पुलि स को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

पुलिस अधीक्षक ने जनपद के सभी प्रभारी नि रीक्षक, थानाध्यक्षों के कार्यों की सराहना की है तथा इसी प्रकार आगे भी जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। पुलिस अधी क्षक के द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री जनसु नवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा प्रतिमाह शासन द्वारा की जाती है। समीक्षा,फीडबैक के आधार पर ही शासन द्वारा सभी जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है,शासन द्वारा आम लोगों की शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए ऑनलाइन पोर्ट ल की शुरुआत की गई थी।सभी प्रकार के शि कायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की एक सम य सीमा निर्धारित होती है। समय सीमा के बाद भी अगर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होता है तो वह डिफाल्टर की श्रेणी में आ जाता है शि कायतों के त्वरित और बेहतर निस्तारण पर ज नपदों की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा आईजीआरएस सेल प्रभारी निरीक्षक राजेश चौधरी व उनकी टीम को भवि ष्य में इसी प्रकार मेहनत और लगन से कार्य क र जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

# एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने थानाध्यक्षों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । आसन्न पर्वो एवं त्योहारों तथा तहसील क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के दृष्टिगत तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें। त्यौहारों के दौरान संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहाँ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर गश्त एवं सतर्क निगरानी के साथ-साथ शांति समिति की बैठकों का नियमित आयोजन कर समाज के प्रबुद्धजनों, संभ्रांत लोगो से समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा असामाजिक गतिविधि को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सके।एसडीएम ने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखते हुए भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाय। उच्चाधिकारियों को समय से वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए। अवैध गतिविधियों, अराजकतत्वों एवं शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शराब, अवैध शस्त्रों एवं जुए-सट्टे जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जाए। पूर्व में चिन्हित उपद्रवी, हिस्ट्रीशीटर एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। पर्वो एवं त्यौहारों के दौरान शासन द्वारा निर्धारित एसओपी का पालन सुनिश्चित कराया जाय।थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि थाना क्षेत्र के संवेदनशीलता मानचित्र तत्काल तैयार कर लें तथा अतिसंवेदनशील वाले क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल एवं क्यूआरटी की तैनाती सुनिश्चित करायी जाय। पर्वो के दौरान राउण्ड-द-क्लाक गश्त की जाय। एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थानाध्यक्ष पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि तहसील नानपारा में आसन्न सभी पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सकें। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुँप सिंह, थानाध्यक्ष नानपारा, मटेरा, रूपहड़िहा, खैरीघाट, ईओ नानपारा व रूपईडीहा, तहसीलदार व समस्त नांयब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सुरक्षित, नैतिक और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोगकर्ता बनना सबकी जिम्मेदारी: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयुक्त निदेशक एन.आई.सी. योगेश कुमार यादव, फील्ड अभियन्ता रमन कुमार गुप्ता तथा सहयोगी स्टाफ सै. फैसल द्वारा एआई का सुरक्षित उपयोग करने तथा इंटरनेट का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए विशेष रूप से बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

संयुक्त निदेशक श्री यादव ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) हर साल तकनीक और इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2026 में ''स्मार्ट तकनीकरू सुरक्षित विकल्प और सभी चीजों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की खोज'' की थीम पर विश्व के लगभग 150 देशों में मनाया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि एसआईडी का उद्देश्य है कि आमजन को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक व शिक्षित करना है ताकि लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ सकें। उन्होंने कहा कि आज के युग में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला ऐप व्हाट्स ऐप को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करना समय की मांग है जिससे साईबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लग सके।

श्री यादव ने कहा कि साईबर सुरक्षा का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि आज विभिन्न संगठनों, शिक्षण संस्थाओं एवं समुदायों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरन्तरता के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संचार क्रांति के इस युग में सबसे सशक्त माध्यम इण्टरनेट है जो सम्पूर्ण संसार को एक दूसरे से जोड़े हुए है। श्री यादव ने कहा कि जहां एक ओर इंटरनेट सीखने, सामाजिक संपर्क और व्यवसाय के लिए अनगिनत अवसर प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर साइबरबुलिंग, फ़िशिंग, डेटा उल्लंघन और अनुचित सामग्री के संपर्क में आने जैसे जोखिम भी पैदा करता है।

कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित इण्टरनेट का उपयोग करने हेतु जागरूक एवं शिक्षित करना है।गोष्ठी के दौरान मौजूद लोगों को एआई का सुरक्षित उपयोग करने, ऑनलाइन बैंकिंग, पब्लिक वाई-फाई, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल आदि को किस तरह सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने तथा सभी प्रकार डिजिटल फ्रॉड से बचने के तरीके बताये गये। लोगों को बताया गया कि अपनी पर्सनल इनफॉरमेशन सभी के साथ सोशल मीडिया पर शेयर ना करें, मोबाइल, ईमेल, बैंकिंग पासवर्ड व सोशल मीडिया आईडी पासवर्ड कैसे सुरक्षित रखें, के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। गोष्ठी में यह भी बताया गया कि अगर किसी के साथ डिजिटल फ्रॉड होता है तो साईबरक्राइम डाट जीओवी डाट इन व हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1930 तथा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर जाकर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं।जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने गोष्ठी को अत्यन्त उपयोगी बताते हुए मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आहवान किया कि साइबर फ्राड से बचने के लिए जागरूक रहें।

कार्यालय के सहयोगी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ इस जानकारी को साझा करें तथा परिवार के युवा सदस्यों को अनिवार्य रूप से जागरूक किया जाय। डीएम ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि हम सुरक्षित, नैतिक और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोगकर्ता बने। डीएम द्वारा गोष्ठी में मौजूद अधिकारियों से अपने अनुभव साझा करने की बात कहने पर कई अधिकारियों द्वारा अपने साथ हुए छोटे-मोटे फ्राड के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आरती रथ को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** निः शुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2000 की धारा (ग) के अन्तर्गत जनपद के समस्त गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा एक/पूर्व प्राथमिक कक्षा में अलाभित समूह/दुर्बल वर्ग के 03 वर्ष से लेकर 07 वर्ष तक के बच्चों का विद्यालय के प्रारम्भिक कक्षा की कुल छात्र संख्या का 25 प्रतिशत की सीमा तक निःशुल्क प्रवेश हेतु लक्षित वर्ग में जनजागरूकता जाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर से आरती रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीएम श्री त्रिपाठी को निर्देश दिया कि जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए लक्षित वर्ग का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराया जाय।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में आईटी पोर्टल पर ग्रामीण क्षेत्रों के 427 तथा शहरी क्षेत्र के 145 विद्यालय मैप्ड हैं। श्री सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में 2275 तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में 864 उपलब्ध हैं। रिक्त सीटों के सापेक्ष 03 चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में प्रवेश के लिए 02 फरवरी से आवेदन प्रारम्भ हो चुका है।

## पेंशनर की मृत्यु की सूचना कोषागार को देना परिजनों का नैतिक कर्तव्य: वरिष्ठ कोषाधिकारी

**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागार के संज्ञान में आये हैं जिनमें पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार कार्यालय को नहीं दिये जाने के कारण से बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान हुई धनराशि की वसूली की कार्यवाही करनी पडती है। जिससे सम्बन्धित परिजनों को भी अपरिहार्य स्थिति का सामना करना पड़ता है।वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री शरण ने सभी सम्बन्धित से अपेक्षा की है कि यथास्थिति पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर सम्बन्धित कोषागार को तत्काल सूचित करें। यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य भी है। उन्होंने सम्बन्धित को सचेत किया कि ऐसे किसी भी प्रकरण में मृत्यु की सूचना के अभाव में हुई अधिक भुगतानित धनराशि की वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किये जाने की कार्यवाही की जायगी।

## मुरादाबाद रेल मंडल से होकर चलेंगी 20 होली स्पेशल ट्रेनें

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । होली पर घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए मुरादाबाद रेल मंडल से होकर 20 होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। यह ट्रेनें दिल्ली, पंजाब व उत्तराखंड से पूर्वांचल के जिलों के बीच चलेंगी। मुरादाबाद मंडल के स्टेशनों पर ठहराव होने से यहां के यात्रियों को फायदा मिलेगा। सीनियर डीसीएम का कहना है कि होली पर लोगों को कंफर्म टिकट के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।उत्तर रेलवे के सभी मंडल स्पेशल ट्रेनों का प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड को भेज चुके हैं। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलनी बाकी है। जल्द ही स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की जा सकती है। वर्तमान में सामान्य ट्रेनों में आरक्षण की स्थिति बिगड़ चुकी है। मुरादाबाद से लखनऊ, वाराणसी, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में सीटें फुल हो गई हैं। कई ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहे हैं। श्रमजीवी, सद्भावना, राप्ती गंगा, अवध असम एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में यही स्थिति हैं। इससे यात्रियों की चिंता बढ़ती जा रही है।उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि स्पेशल ट्रेनों को चलाने के लिए जल्द ही घोषणा की जाएगी। होली पर लोगों को कंफर्म टिकट के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## एंटी करप्शन की बड़ी कार्रवाई, रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल रंगे हाथ गिरफ्तार

**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को मीरजापुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए रिश्वतखोर चकबंदी लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम ने लेखपाल अरुण कुमार यादव को 5000 रुपये की घूस लेते हुए दबोचा।दरअसल, चकबंदी लेखपाल नामांतरण का आदेश जारी कराने के नाम पर पीड़ित से रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और भरुहना पुलिस चौकी के पास आरोपित लेखपाल को घूस की रकम लेते ही पकड़ लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपित को देहात कोतवाली लाया गया, जहां एंटी करप्शन टीम ने उससे गहन पूछताछ की।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने दिलाई शपथ

**ब्लॉक प्रमुख मरौरी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 07 बच्चीय को हिमालय किट व अध्ययरन बच्चीयों को एजुकेशन किट की प्रदान**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी के आदेश अनुसार विकास खण्ड मरौरी में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया। ततपश्चात बैठक का उद्देश्य बताया गया कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से जोड़ना है। साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ ली गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत नवजात 07 बच्चीयों को हिमालया किट व क्लास 01 में अध्ययनरत 07 बच्चीयों को एजुकेशन किट वितरित की गई। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा उपस्थित रही है। महिलाओं एवं बच्चीयों के उत्साहवर्धन हेतु कहा गया कि सर्वप्रथम बच्चीयों को शिक्षा ग्रहण करनी होगी जिससे वह जीवन मे किसी भी समस्या से निपटने के स्वाबलंबी हो सकेगी। बच्चीयां सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ लें। सरकार का यही उद्देश्य है। कि महिलाओं को समाज में स्वयं आगे आकर सभी योजनाओं की जानकारी रखनी चाहिये एवं उसका लाभ लेना चाहिए। विकास मरौरी के प्राथमिक विद्यालय रामनगर एवं पिपरिया में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए एवं बाल विवाह न करके हेतु शपथ दिलाई गई।ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में समिति के सभी सदस्यगण अनीता बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुनील कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, पुलिस विभाग, सहायक पंचायत अधिकारी महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी, कॉर्डिनेटर दत्तक ग्रहण अभिकरण, काउंसलर चाईल्ड हेल्पलाइन पीलीभीत धीरज संजय सिंह एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

## नेपाली बस और ट्रक की टक्कर, एक बच्चे की मौत, 23 लोग गम्भीर घायल

पूरनपुर। पूरनपुर के असम हाईवे पर मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण बस और ट्रक के जबरदस्त भिड़ंत मे एक सड़क हादसा हो गया थाना गजरौला के जरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत सकरिया तिराहे के पास एक ट्रक और नेपाल भारत मैत्री बस की आमने-सामने टक्कर हो गई इस दुर्घटना में 11 वर्षीय नेपाली बच्चे की मौत हो गई जबकि ट्रक चालक सहित कुल 23 लोग गम्भीर घायल हुए हैं कुछ की हालत नाजुक देखते हुऐ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया यह घटना सोमवार रात 2:00 बजे की है जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या ठघ 26 द्व 2271 पीलीभीत की ओर से जा रहा था सकरिया तिराहे के पास अचानक सड़क पर एक गोवंश पशु आ गया गोवंश को बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित हो गया और पूरनपुर की ओर से आ रही नेपाल भारत मैत्री बस से टकरा गया टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक सड़क पर ही पलट गया जबकि बस अनंयत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी हादसे की सूचना मिलते ही गजरौला पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला और एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर भिजवाया इलाज के दौरान नेपाल निवासी 11 वर्षीय बालक सुभान पुत्र सूरज की मौत हो गई पुलिस के अनुसार बस में सवार सभी यात्री नेपाल के निवासी थे यह सभी लोग मजदूरी के लिए नेपाल से दिल्ली जा रहे थे।

## जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय नखासा के बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोलियां

**पीलीभीत,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के कंपोजिट विद्यालय नखासा में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। जिसमें समस्त उपस्थित छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली के महत्व के बारे में बताया गया एवं उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मापअप राउंड 13.02.2025 को चलेगा जिसमें समस्त छूटे हुए बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सरकारी, निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस अभियान में 1045800 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह , खण्ड शिक्षा अधिकारी नगरीय क्षेत्र, जिला सलाहकार आर.के.एस.के., जिला अर्बन हेल्थ कोआडिनेटर, फार्मसिस्ट नगर क्षेत्र एवं अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे है।

## पीटीआर में बाघ मित्रों को मिलेगा वन्यजीव बचाव का विशेष प्रशिक्षण, चूका और सेल्हा में जुटेंगे विशेषज्ञ

**पीलीभीत,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व द्वारा 'वन्यजीव बचाव एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है यह विशेष प्रशिक्षण अभियान बाघ मित्रों के लिए आगामी 12 और 13 फरवरी को सेल्हा तथा चूका में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा, जिसके बाद टीएसए फाउंडेशन इंडिया के विशेषज्ञ पवन पारिक द्वारा सर्पदंश प्रशिक्षण एवं प्रबंधन और जयपुर के पक्षी विशेषज्ञ श्री उदय द्वारा पक्षी बचाव व पुनर्वास की बारीकियां सिखाई जाएंगी। इसके उपरांत 13 फरवरी को प्रशिक्षण के अगले चरण के तहत डॉ. अरुणिमा सिंह और डॉ. योगेश सिंह द्वारा मगरमच्छ व स्तनधारी जीवों के बचाव एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सेल्हा और चूका में बाघ मित्रों को प्रशिक्षित करने का मुख्य उद्देश्य मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना और आपात स्थिति में वन्यजीवों को त्वरित व वैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना है।

## आबादी के बीच लगा मोबाइल टावर बना मुसीबत हटाने की मांग

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहल्ला रजागंज देहात की आबादी के बीच लगे मोबाइल टावर को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे मोहल्ले के लोगों ने मोबाइल टावर हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि टावर में आए दिन बिजली फाल्ट होने से आग लग जाती है, जिससे आसपास के घरों तक आग की चिंगारियां पहुंचने का खतरा बना रहता है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि टावर में लगे जनरेटर की तेज आवाज से वे लंबे समय से परेशान हैं। खासकर रात के समय शोर के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि मोबाइल टावर काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। कई बार इसके बोलट और अन्य हिस्से खुलकर आसपास के घरों में गिर चुके हैं, जिससे गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इन्हीं समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्य के पुत्र संजय खान के नेतृत्व में मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए टावर को आबादी से हटाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान उस्मान शाह, जीशान, शाहिद खान, तरन्नुम, हाजरा बेगम, रुखसाना, इरशाद, शायरा बानो, नाबिर अली मंसूरी, शादिक सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद रहे। लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस ने साइबर ठगी कॉल सेंटर गिरोह के दो मुख्य सरगना को किया गिरफ्तार

**पूरनपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घुंघचाई थाना पुलिस ने साइबर ठगी के बड़े कॉल सेंटर गिरोह का खुलासा करते हुए दो शातिर सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 07 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 01 पासपोर्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण सामान बरामद किया है, पुलिस के अनुसार एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों और खातों की जांच के दौरान गिरोह का खुलासा हुआ। पूर्व में इस गिरोह के कई सदस्य पीलीभीत व रुद्रपुर से गिरफ्तार किए जा चुके थे। विवेचना में सामने आया कि गिरोह के मुख्य सरगना हर्षित उर्फ तनिश निवासी भोपाल और आशुतोष कुमार उर्फ आशु उर्फ पंकज निवासी दिल्ली थे, जो फरार चल रहे थे। पुलिस ने हर्षित को भोपाल से तथा आशुतोष को दिल्ली के मालवीय नगर से गिरफ्तार किया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी दुबई में फर्जी गेमिंग एप के जरिए साइबर ठगी का तरीका सीखकर भारत में कॉल सेंटर चला रहे थे। ये लोग लोगों को ऑनलाइन गेम में मुनाफ़े का लालच देकर उनके बैंक खातों की जानकारी हासिल करते और बाद में पूरा अकाउंट खाली कर देते थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के बैंक खातों और डिजिटल डाटा का विश्लेषण कर रही है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भाकियू भानु ने मासिक पंचायत कर चार सूत्रीय ज्ञापन सौंप

**स्वास्थ्य विभाग मे व्याप्त भ्रष्टाचार पर जताई गहरी नाराज़गी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन भानू ने तहसील में मंगलवार को मासिक पंचायत का आयोजन कर किसानों और संगठन के पदाधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया उन्होंने आरोप लगाया कि जिला अस्पताल और महिला जिला अस्पताल में पट्टी करने या सुई निकलवाने जैसी छोटी सुविधाओं के लिए भी गरीब मरीजों से अवैध वसूली की जा रही है संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हुआ और भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगा, तो यूनियन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी ज्ञापन में जिले में बिना पंजीकरण और मानकों के विपरीत चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्रवाई न होने का मुद्दा भी शामिल था भाकियू नेताओं ने आरोप लगाया कि इन केंद्रों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे आम जनता का आर्थिक और शारीरिक शोषण हो रहा है इसके अतिरिक्त, सिद्ध नगर नरोसा ग्राम पंचायत के लेखपाल पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जांच और करवाही की मांग की किसानों ने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में 'ट्रस्ट' नोटिस के सिलसिले में दूर-दराज के गांवों से आने वाले ग्रामीणों की दिक्कतों का भी उल्लेख किया उन्होंने बताया कि अक्सर अधिकारी अपने कार्यालयों में समय पर उपलब्ध नहीं होते, जिसके कारण ग्रामीणों को बिना किसी समाधान के वापस लौटना पड़ता है ज्ञापन के मुख्य बिंदुओं में जिला व महिला अस्पताल में अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाना, बिना पंजीकरण चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करना, भ्रष्ट लेखपालों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करना और तहसील स्तर पर अधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करना शामिल है एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि उठाए गए बिंदुओं की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन, एसडीएम ने किया दवा का सेवन

पूरनपुर। तहसील परिसर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह द्वारा फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर किया गया। इस दौरान तहसील के अन्य कर्मचारियों ने भी दवा का सेवन कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा, बीसीपीएम मीनाक्षी दुबे, संजीव कुमार, राकेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जिले से डॉ. नूपुर, दीपेश, सुमित, राजकुमार व रतनलाल की भी सहभागिता रही।स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसे समय पर दवा सेवन से रोका जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अभियान के दौरान दवा का सेवन अवश्य करें और फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग दें।

# पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का किया लोकार्पण

**वार्ड 22 में विकास कार्यों की सौगात**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा शहर के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पण अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 22 मोहल्ला कबीर खां में अमजद पेंट की दुकान से हरीश कुमार शर्मा के मकान तक नवनिर्मित सीसी सड़क मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल द्वारा किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर सड़क और नाली का शुभारंभ किया तथा शिलापट का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों को सड़क और जल निकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था, जिसे देखते हुए इस निर्माण कार्य को प्राथमिकता पर कराया गया है। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कहा कि 28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पण अभियानङ्क के तहत 8 फरवरी से 8 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क, नाली, पार्क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है। नगर पालिका का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है तथा नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने निर्माण कार्य से मिलने वाली सुविधा को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका प्रशासन का आभार जताया। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि सड़क और नाली बनने से जलभराव की समस्या समाप्त होगी और आवागमन सुगम हो सकेगा।लोकार्पण कार्यक्रम में सभासद इकबाल हजरत, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, अवतार सिंह मोनू, निर्मल सिंह टीटू, विपिन राजू फौजी, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, इमरान अंसारी, आरिफ हजरत, कमलेश वर्मा, विकास बाबू,फईम अंसारी, अमजद, हाजी सलीम, राकेश, विनोद, नंदकिशोर, गोपाल, इकबालुद्दीन खां, राजा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## रमई से अयोध्या धाम तक पदयात्रा कर प्रभु श्रीराम के दर्शन करेंगे भक्तगण

**तिलोई अमेठी ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमई स्थित बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम के प्रांगण से प्रधान प्रतिनिधि की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों का जत्था अयोध्या धाम तक पद यात्रा कर श्रीराम जन्मभूमि एवं हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन करेंगे।ग्राम पंचायत रमई के प्रधान प्रतिनिधि वीर बहादुर सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम से आगामी अठारह फरवरी को विशाल पदयात्रा अयोध्या धाम तक गाजे बाजे के साथ निकाली जायेगी जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण नब्बे किलो मीटर की पदयात्रा कर श्रीराम जन्मभूमि एवं हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे।उन्होंने बताया कि गांव रमई से निकलने वाली इस विशाल पदयात्रा का ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह द्वारा शंकरगंज स्थित अपने प्रतिष्ठान देव ऑटो फ्यूल्स पर फूल मालाओं से स्वागत कर विदाई की जायेगी। इसके अलावा मोहनगंज जगदीशपुर में भी इन पदयात्रियों का स्वागत किया जायेगा। प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह ने बताया कि पदयात्रा में शामिल भक्तगणों का पहला पहला पड़ाव रानीगंज में और उन्नीस फरवरी को कुचेरा बाजार के साथ ही बीस फरवरी को नाका फैजाबाद में होगा। उन्होंने बताया कि आगामी इक्कीस फरवरी को सरयू स्नान के उपरांत समस्त भक्तगणों द्वारा श्रीराम जन्मभूमि एवं हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन किया जायेगा।

## आईजीआरएस जनसुनवाई में मुसाफिरखाना तहसील ने यूपी में प्रथम स्थान किया हासिल

**अमेठी ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के प्रभावी निर्देशन में जनपद अमेठी ने आईजीआरएस जन सुनवाई के अंतर्गत माह जनवरी में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवधि में अमेठी ने मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि प्रदेश स्तर पर छठा स्थान हासिल करते हुये जनपद ने टॉप टेन में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाये रखी है। उन्होंने बताया कि माह जनवरी में जनपद को कुल पांच हजार सात सौ इकसठ शिकायतें प्राप्त हुईं जिनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। उल्लेखनीय है कि इस अवधि में जनपद में डिफाल्टर की संख्या शून्य रही। साथ ही, माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किसी भी शिकायत को सी श्रेणी में नहीं रखा गया जो शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता को दर्शाता है। ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने आगे बताया कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उददेश्य से जिलाधिकारी प्रतिदिन रैंडम आधार पर शिकायतकर्ताओं से संवाद करते हैं यदि किसी प्रकरण में गुणवत्तापूर्ण आख्या नही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी से तत्काल वार्ता कर दोबारा जांच कराई जाती है, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्टि प्रतिशत में निरंतर वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस द्वारा भी प्रतिदिन शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर आख्याओं की गुणवत्ता की समीक्षा की जा रही है जिससे जनसुनवाई व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनी है।उन्होंने यह भी बताया कि तहसील मुसाफिरखाना ने उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया के नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य करते हुये प्रदेश स्तर पर पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया है जो तहसील स्तर पर प्रभावी प्रशासन एवं जनसमस्याओं के समयबद्ध समाधान का प्रमाण है।

# विवेचना में लापरवाही कलीनगर चौकी इंचार्ज की एसपी से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कलीनगर चौकी के विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण न करने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र को शिकायती पत्र देकर विवेचक और आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की कस्बा निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया।

पीड़ित ने बताया कि उसकी लड़कियां घर पर अकेली थी पड़ोस के ही रहने वाले एक युवक ने अकेले देखकर उनके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की लकड़ियों ने पूरा प्रकरण अपनी मां को बताया पीड़िता मां ने पड़ोसी युवक से शिकायत की तो आरोपी युवक व उसकी पत्नी व पुत्री ने मारपीट की जिसकी शिकायत चौकी और थाना पर की लेकिन पीड़िता की तहरीर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चौकी प्रभारी मोहम्मद सैफ ने मुकदमा दर्ज किया पुलिस अधीक्षक के आदेश पर माधोटांडा में मुकदमा अपराध संख्या 230/2025 थाने में दर्ज किया पीड़िता ने शिकायत पत्र में कहा कि आरोपियों की चौकी प्रभारी मोहम्मद सैफ से पहले से ही सांठगांठ है मुकदमा दर्ज होने के बाद विवेचक मुहम्मद सैफ ने आरोपी अशोक कुमार से 40 हजार रुपए और ले लिए विवेचक द्वारा आरोपियों को संरक्षण प्रदान किया गया मुकदमा अपराध संख्या 230/2025 की विवेचना में लापरवाही की पीड़िता ने बताया कि संविधान ने विवेचक को पूरी आजादी दी है। लेकिन संविधान की आजादी का दुरुपयोग करते हुए विवेचक मोहम्मद सैफ ने संविधान को अपना आय का जारिया बना लिया है मोहम्मद सैफ ने संविधान का गला घोंट दिया और आरोपियों को न गिरफ्तार किया और न ही आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया मोहम्मद सैफ के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव से शिकायत की पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को 4 दिन में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल करवाने का आश्वासन दिया और चौकी प्रभारी मोहम्मद सैफ पर भी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# मेडिकल कलेज या मैनपावर माफिया का अड्डा?

**दुबेपुर में बिना संरक्षण इतना बड़ा खेल संभव नही**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राजकीय मेडिकल कलेज दुबेपुर में मैनपावर सप्लाई के नाम पर जो कुछ चल रहा है वह अब अनियमितता शब्द से कह आगे निकल चुका है। यह पूरा मामला सुनियोजित संरक्षण अंदरूनी सांठगांठ और प्रशासनिक सहमति के बिना संभव ही नह दिखता।

शासन ने मरीजों की सेवा के लिए कर्मचारियों की तैनाती की। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि वार्डों में मरीज तड़प रहे हैं और कागज़ों में तैनात कर्मचारी दफ्तरों, लाइब्रेरी और आरामदायक जगहों पर दिखाई दे रहे हैं। सवाल यह नह कि गड़बड़ी है या नह। सवाल यह है कि यह सब किसकी छत्रछाया में चल रहा है? गरुणा सिक्योरिटी एण्ड मैनपावर सप्लाई कंपनी की नियुक्तियों में रिकर्ड और वास्तविक ड्यूटी के बीच भारी अंतर की बात सामने आ रही है। यदि कर्मचारी एक पद पर नियुक्त हैं और काम दूसरा कर रहे हैं तो ड्यूटी चार्ट पर हस्ताक्षर किसने किए? भुगतान किसने पास किया? और निरीक्षण किसने किया? यह मान लेना कि कलेज के उच्चाधिकारी इससे अनजान हैं तो यह व्यवस्था की समझ का अपमान होगा। बिना प्रशासनिक अनुमति के न तो ड्यूटी बदल सकती है न भुगतान निकल सकता है न फाइल आगे बढ़ सकती है। सूत्रों का दावा है कि कुछ कर्मचारियों की जइनिंग केवल कागज़ों में दिखाई गई। जिला अस्पताल से रिलीव हो चुके कर्मचारी मेडिकल कलेज में अकाउंट से जुड़े काम संभाल रहे हैं। नियुक्तियों में निजी प्रभाव और रिश्तेदारी का खुला खेल है। यदि यह सच है तो यह केवल कंपनी का खेल नह बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत का संकेत है। सबसे बड़ा अपराा यह है कि इस सेटिंग सिस्टम की कीमत मरीज चुका रहे हैं। स्ट्रेचर पर मरीज को ले जाने वाला कर्मचारी नह, वार्ड में मदद करने वाला स्टाफ नह लेकिन वेतन नियमित निकल रहा है। आखिर किस आाार पर? क्या उच्चाकािरियों ने कभी अचानक भौतिक सत्यापन किया? क्या भुगतान से पहले वास्तविक ड्यूटी की जांच हुई? क्या कंपनी को नियम तोड़ने की खुली छूट प्रशासन ने दी या फिर पूरा तंत्र सब ठीक है की फाइलों में संतुष्ट बैठा है। यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो केवल कंपनी नह ड्यूटी चार्ट स्वी.त करने वाले, भुगतान पारित करने वाले और निगरानी के जिम्मेदार आकािरी भी कठघरे में खड़े होंगे। क्षेत्रीय लोगो में रोष व्याप्त है उनका कहना है कि अब मांग नह इसे हमारी चेतावनी समझी जाए। सभी नियुक्तियों और भुगतान की विशेष अडिट जांच हो। मौके पर टीम भेजकर वास्तविक तैनाती का भौतिक सत्यापन कराया जाए। दोषी पाए जाने पर कंपनी का अनुबां तत्काल निरस्त हो। संरक्षण देने वाले आकािरियों पर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई हो। अन्यथा दुबेपुर मेडिकल कलेज इलाज का संस्थान नह बल्कि कागज़ी नियुक्तियों और सेटिंगबाज़ी का प्रयोगशाला बन जाएगा और लोगो का विश्वास पूरी तरह खत्म हो जाएगा।

# जागरूक लोग ही हो सकते हैं अच्छे सृजनकर्ता: प्रो.वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर । सृजनशीलता समय और समाज के साथ चलती है। भारत के अनेक क्षेत्रों की सृजनशीलता में विभिन्नता के बावजूद एकात्मकता के दर्शन होते हैं। यह चुनौतियों से टकराने का समय है इसलिए मनुष्य को जागरूक होना पड़ेगा। जागरूक लोग ही अच्छे सृजनकर्ता हो सकते हैं। यह बातें काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी ने कह।

वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिंदी विभाग द्वारा बाबू ानंजय सिंह स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोाित कर रहे थे। हमारा समय, समाज और सृजनशीलता विषयक संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि साहित्य संस्.ति और कला समाज को दिशा देने का काम करते हैं लेकिन केवल भारत में ही नह वैश्विक स्तर पर भी इनकी भूमिका कम हो गई है। हम राजनीति के पिछलग्गू हो गये हैं। हम घर में रहते हुए भी अकेले हो गये हैं। परिवार के लोग अपनों के साथ नह मोबाइल के साथ समय बिता रहे हैं। ऐसे में सबको चेताने का काम सृजनकर्ताओं का है। बताया कि आज का समय विमर्शों का समय है। जिनमें अनेक तरह के विमर्शों के साथ अब प्रवासी साहित्य विमर्श भी चर्चा में आ रहा है। संचालन करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि सृजनशीलता हमेशा सामाजिक होती है। विचाराारा सृजनशील होने में मदद पहुंचाती है। आज के समय में हमारी विचाराारा हमारी अपनी है या उाार की है इस पर सोचना जरूरी है। स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर निशा सिंह व आभार ज्ञापन विभागायक्ष प्रोफेसर इन्द्रमणि कुमार ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक ड आलोक पाण्डेय , प्रोफेसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर धीरेन्द्र कुमार, प्रोफेसर रंजना पटेल, ड.विभा सिंह, डा. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, ड महमूद आलम , ड प्रदीप कुमार सिंह, ड संतोष अंश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# किसानों का सर्वोहित ही हमारी प्राथमिकता: चौधरी भूपेंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चांदा, सुलतानपुर। चांदा क्षेत्र के कोथरा खुर्द गांव में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलायक्ष अरुण जायसवाल के संयोजन में शिव मंदिर कोथरा खुर्द में केंद्रीय बजट व विकसित भारत जी राम जी किसान संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निवर्तमान प्रदेश अयक्ष भाजपा चौारी भूपेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोाित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता किसानों का सर्वोहित ही है। सरकार द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया उसमें किसानो के हित की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है । किसानों के उपज का उचित बाजार मूल्य भी सरकार द्वारा दिए जा रहा है । वही केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार मिलकर गांव में सतत विकास के लिए विकसित भारत जी राम जी योजना को लाया है। जिसमें पहले से संचालित मनरेगा योजना में तमाम जो खामियां थी उसे दूर कर नए स्वरूप में इस योजना को संचालित करने का फैसला लिया है । जी राम जी योजना से गांव के मजदूरों को 125 दिन की रोजगार की गारंटी है वह उनकी मजदूरी अब एक सप्ताह के अंदर ही उनके खातों में होगी। वह सरकार द्वारा ग्राम सभा के विकास के लिए इस योजना के तहत पक्की सड़क बारात घर पक्का नाला निर्माण शवदाह गृह सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। जिससे किसने और मजदूर के लाभ के साथ गांव का समुचित विकास भी होगा। पूर्व की सपा सरकार में अपराायों का बोलबाला था आज वर्तमान सरकार में अपराा या तो प्रदेश छोड़कर फरार है या तो जेल के अंदर है। हमारी सरकार आज जनता के हितों की सरकार बनी हुई है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अयक्ष कामेश्वर सिंह ने संबोाित करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसान हितों की सरकार है। सरकार द्वारा किसानों के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही है। जिससे किसान लाभान्वित भी हो रहे हैं। सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत ारातल पर कार्य कर रही है। जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम की अयक्षता क्षेत्रीय अयक्ष किसान मोर्चा भाजपा काशी प्रांत काशी प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। वह कार्यक्रम के संयोजक भाजपा किसान मोर्चा के जिलायक्ष अरुण कुमार जायसवाल द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री सुल्तानपुर भाजपा की प्रभारी मीना चौबे भाजपा जिलायक्ष सुशील त्रिपाठी पूर्व जिला अयक्ष भाजपा ड आर के वर्मा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह पूर्व जिला अयक्ष भाजपा प्रतापगढ़ ड. ओमप्रकाश त्रिपाठी जिला महामंत्री घनश्याम चौहान व ब्लक प्रमुख प्रतापपुर कमैचा सुषमा जायसवाल ने भी अपना उद्बोान दिया। आयोजन में भाजपा मंडल अयक्ष मुकेश तिवारी मंडल अयक्ष अमित त्यागी प्राान संघ ब्लक अयक्ष अमरदेव सिंह प्राान गनपत वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अमेठी में आयोजित रोजगार मेला में पचास से अधिक कम्पनियां लेंगी भाग

**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने जानकारी देते हुये बताया कि रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी द्वारा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है।यह रोजगार मेला आगामी छब्बीस फरवरी को रणवीर रणजंय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी परिसर में पूर्वान्ह दस बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि वृहद रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग पचास प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।इसके साथ ही विदेश से संबंधित रोजगार अवसरों की जानकारी प्रदान करने के लिए एनएसडीसी के प्रतिनिधि भी मेले में उपस्थित रहेंगे वहीं परिवहन विभाग, अमेठी द्वारा भी लगभग अस्सी चालकों की रिक्तियों के साथ प्रतिभाग किया जायेगा।रोजगार मेले में बारहवीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुरूप कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को फोटो एवं बायोडाटा के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। इस रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## इन्हौना थाने में तैनात घूसखोर दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना इन्हौना में तैनात एक उप निरीक्षक को मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने एक होटल से हिरासत में लिया है। इस घटना के बाद से इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है और घूसखोरी का यह मामला सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ लेकिन आला अधिकारी मौनधारण किये हुये हैं लेकिन एंटी करप्शन टीम द्वारा घूसखोर दरोगा और होटल व्यवसायी को हिरासत में लेकर जामों थाने में पूंछतांछ की बात सामने आ रही है। थाना इन्हौना में तैनात एक उप निरीक्षक द्वारा सड़क दुर्घटना में विवेचना के नाम पर पीड़ित पक्ष से पैसे की मांग की गई थी जिस पर पीड़ित पक्ष मंगलवार को दरोगा जी के द्वारा मांगी गई रकम लेकर थाने के सामने स्थित एक चर्चित होटल पर पहुंच गया वहां पर पीड़ित पक्ष की दरोगा जी और होटल व्यवसायी के मध्य जो बात हुई इतने में मौके पर एंटी करप्शन टीम मौके पर पहुंच गई और आरोपी उप निरीक्षक को अपने साथ जामो थाने ले गई जहां पर होटल व्यवसायी ओर दरोगा जी से पूछताछ की जा रही है हालांकि इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नही आया है और कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अपनी जुबान भी नही खोलना चाहता है।यह घूसखोरी का मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

## सम्पादकीय

# किसानों की आशंकाएं

बीते शनिवार जारी किए गए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रारूप को लेकर उठ रहे सवालों ने फिर उस मूलभूत सवाल को पुख्ता किया है कि मुक्त व्यापार समझौते की कीमत कौन चुकाएगा? साथ ही यह भी कि इसका लाभ किसे मिलेगा? इस समझौते से जुड़ी आशंकाओं को लेकर कुछ किसान संगठन आगामी 12 फरवरी को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। निस्संदेह, उनकी आशंकाएं सिर्फ सोयाबीन तेल, सूखे अनाज और सेब पर आयात शुल्क में छूट को लेकर ही नहीं हैं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता और भारतीय कृषि के भविष्य को लेकर भी हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार दावा कर रही है कि किसान हितों की रक्षा के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। निस्संदेह, कागजों पर तो ये आश्वासन राहत देने वाले लगते हैं, लेकिन व्यवहार में किसानों की आशंकाओं से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ व न्यूजीलैंड के साथ हुए पिछले मुक्त व्यापार समझौतों के कारण सस्ते आयात में भारी वृद्धि हुई, फलतः कमजोर किसानों की दशा खराब हुई। निर्विवाद रूप से भारी सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी सेब से हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों के लिए मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण होगा। हिमाचल के सेब उत्पादक संगठनों का कहना है कि अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क पचास से 25 प्रतिशत करना व न्यूनतम आयात मूल्य 50 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम करने से यह स्वदेशी प्रीमियम सेवा के दाम पर बाजार में बिकने लगेगा। जिसके चलते भारतीय उपभोक्ता समान मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले अमेरिकी सेब को तरजीह देंगे। साथ ही सेब का कोल्ड स्टोरेज में संग्रह करना अलाभकारी हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार का दावा है कि कृषि और दुग्ध उद्योग संरक्षित रहेंगे। जबकि संयुक्त समझौते में कृषि और खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पर शुल्क कम करने और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने की बात कही गई है। कम आय, बढ़ती लागत और बढ़ते कर्ज से जूझ रहे किसानों को इन गंभीर मुद्दों पर स्पष्टता चाहिए। यही वजह है कि कई किसान संगठनों, विपक्षी दलों और कुछ राज्य सरकारों ने मांग की है कि इस समझौते का पूरा विवरण संसद के समक्ष रखा जाए। निस्संदेह, यह मांग तार्किक है क्योंकि व्यापार समझौते भी घरेलू कानूनों की तरह ही आजीविका को गहराई तक प्रभावित करते हैं। कृषि विशेषज्ञ मान रहे हैं कि मजबूत घरेलू समर्थन, उचित मूल्य, सब्सिडी, बुनियादी ढांचे और जोखिम संरक्षण दिए बिना, बाजारों को खोलने के कदम छोटे और सीमांत किसानों पर भारी पड़ सकते हैं। इसी फिक्र के चलते हड़ताल एक चेतावनी है। यदि सरकार का मानना है कि यह समझौता वास्तव में किसानों के हितों को प्राथमिकता देता है तो उसे पारदर्शिता, संसदीय बहस और सार्थक परामर्श के माध्यम से इसे साबित भी करना चाहिए। अन्यथा, सुधारों की कहानी एक बार फिर देश के अन्नदाता की चिंताओं को दूर करने में विफल रहेगी। इसी तरह देश के सेब उत्पादकों को भी आश्वस्त करना होगा कि उनके सेब की खुशबू बरकरार रहेगी।

यूरोपीय संघ व न्यूजीलैंड के साथ हुए पिछले मुक्त व्यापार समझौतों के कारण सस्ते आयात में भारी वृद्धि हुई, फलतः कमजोर किसानों की दशा खराब हुई। निर्विवाद रूप से भारी सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी सेब से हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों के लिए मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण होगा। हिमाचल के सेब उत्पादक संगठनों का कहना है कि अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क पचास से 25 प्रतिशत करना व न्यूनतम आयात मूल्य 50 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम करने से यह स्वदेशी प्रीमियम सेवा के दाम पर बाजार में बिकने लगेगा।

# सत्ता का भ्रष्ट बाजार और भारत का नैतिक संकल्प

आधुनिक युग में मानवता अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है। वैज्ञानिक नवाचार, आर्थिक विस्तार और राजनीतिक प्रभाव उन ऊंचाइयों तक पहुंच चुके हैं, जिन्हें मानव इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। राष्ट्र अधिक शक्तिशाली हो गए हैं, तकनीक अधिक बुद्धिमान हो गई है और लोग पहले से कहीं अधिक जुड़े हुए हैं। किंतु इस शक्ति और क्षमता के बढ़ते विस्तार के साथ साथ चरित्र, नैतिकता और मानवीय संवेदनशीलता में एक चिंताजनक गिरावट भी दिखाई दे रही है। आज दुनिया एक विरोधाभासी मोड़ पर खड़ी है, जहां भौतिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ रही है, वहीं समाज की नैतिक और आचारिक नींव कमजोर पड़ती जा रही है।

सत्ता अपने आप में न तो अच्छी होती है, न बुरी। उसका मूल्य पूरी तरह उस व्यक्ति के चरित्र पर निर्भर करता है जिसके हाथ में वह होती है। जब सत्ता का संचालन बुद्धिमत्ता, सत्यनिष्ठा और करुणा से होता है, तब वह प्रगति, स्थिरता और सामंजस्य का निर्माण करती है, लेकिन जब वह स्वार्थ, लालच और अहंकार के अधीन हो जाती है तो विनाशकारी बन जाती है। सद्गुणों से रहित अधिकार समाज का निर्माण नहीं करता, बल्कि उसे भीतर से तोड़ देता है। यही हमारे समय का मौन संकट है। कोई व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली, धनी, शिक्षित या सम्मानित क्यों न बन जाए, यदि उसका नैतिक और सामाजिक चरित्र भ्रष्ट है, तो वह समाज के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। इतिहास ने बार बार यह सिद्ध किया है कि सत्ता और धन का दुरुपयोग राष्ट्रों की नींव को कमजोर कर देता है। जब प्रभावशाली पदों पर बैठे लोग सामूहिक हित के बजाय निजी लाभ को प्राथमिकता देने लगें तब भ्रष्टाचार एक रोग की तरह फैलता है। संस्थाएं कमजोर पड़ जाती हैं, विश्वास समाप्त हो जाता है और लोगों का न्याय तथा निष्पक्षता पर भरोसा डगमगाने लगता है। देखने में आज यही आ रहा है कि यह संकट किसी एक देश तक सीमित नहीं है। वैश्विक युग में नैतिक पतन हर महाद्वीप पर दिखाई देता है। धन, प्रसिद्धि और नियंत्रण की अंधी दौड़ ने ऐसी संस्कृति को जन्म दिया है, जहां सफलता का मापदंड अक्सर नैतिक आचरण के बजाय भौतिक उपलब्धियां बन गई हैं। भोगवाद और उपभोक्तावाद जीवनशैली पर हावी हैं। डिजिटल लत ने सार्थक मानवीय संबंधों की जगह ले ली है। कृत्रिम लोकप्रियता ने सच्चे सम्मान को पीछे छोड़ दिया है। संसाधनों की होड़ तीव्र और कई बार निर्मम हो चुकी है। शक्तिशाली राष्ट्र, विशाल कॉरपोरेट साम्राज्य और प्रभावशाली वैश्विक संस्थाएं मानव मूल्यों की रक्षा और विकास को बढ़ावा देने का दावा करती हैं। वे कल्याण, मानवाधिकार और प्रगति की भाषा बोलती हैं। परंतु इस सुसज्जित छवि के पीछे एक चिंताजनक सच्चाई भी छिपी है। अपार धन और संसाधनों ने कई बार इन व्यवस्थाओं को मानवीय पीड़ा के प्रति उदासीन बना दिया है। लालच फैसलों को संचालित करता है। विकास के नाम पर पर्यावरण का विनाश जारी है। तकनीकी प्रगति कई बार मानसिक और सामाजिक बंधन का कारण बन जाती है। आधुनिकीकरण की दौड़ में सांस्कृतिक परंपराएं धीरे -धीरे क्षीण हो रही हैं। मनोरंजन उद्योग पर्दे पर ऐसे अतिरंजित नायकों को महिमामंडित करता है जो दुनिया को बचाते हैं, जबकि वास्तविक दुनिया में होने वाले अनेक कार्य विभाजन, संघर्ष और शोषण को बढ़ावा देते हैं। जो राष्ट्र लोकतंत्र और समानता के मूल्यों का गर्व से गुणगान करते हैं, वे कभी कभी युद्धों, संसाधनों के दोहन और आर्थिक प्रभुत्व में भी भागीदार बनते हैं। शब्दों और कर्मों के बीच की खाई इतनी चौड़ी हो गई है कि उसे अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। मानवता की चिंता का भव्य प्रदर्शन उसके भीतर छिपे पाखंड को अब नहीं ढक सकता। दुनिया जिस गति से मूल्यहीन जीवन की ओर बढ़ रही है, वह चिंताजनक है। नैतिकता को धीरे धीरे विकल्प की तरह देखा जाने लगा है और सफलता को जिम्मेदारी से अलग कर दिया गया है। यह नैतिक संकट अब एक वैश्विक महामारी का रूप ले चुका है। ऐसे समय में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है, यह एक ऐसी सभ्यता है जिसने हजारों वर्षों से संतुलन, करुणा, सत्य और सामूहिक कल्याण पर बल दिया है। इसकी सांस्कृतिक चेतना आत्मसंयम, कर्तव्य और सामंजस्य के सिद्धांतों में निहित है। वसुधैव कुटुंबकम का विचार, धर्मपूर्ण आचरण पर बल और आंतरिक चरित्र पर केंद्रित दृष्टि भारतीय चिंतन का मूल रहे हैं। ऐसे समय में, जब नैतिक भ्रम तेजी से फैल रहा है, ये शाश्वत मूल्य मार्गदर्शक प्रकाश बन सकते हैं। आज भारत विश्व को नैतिक संतुलन और मानवीय संवेदनशीलता की दिशा दिखाने की क्षमता में है, किंतु यह जिम्मेदारी घर से ही शुरू होती है। भारत के लोगों को पहले उन शक्तियों से स्वयं को बचाना होगा जो दुनिया भर के समाजों को कमजोर कर रही हैं, अनियंत्रित महत्वाकांक्षा, अंधा भौतिकवाद और चरित्र का क्षरण। यह आत्ममंथन का समय है। हर व्यक्ति को कुछ कठिन किंतु आवश्यक प्रश्न स्वयं से पूछने होंगे। क्या हमारी शक्ति हमारे चरित्र द्वारा संचालित है? क्या हमारी शिक्षा हमें बुद्धिमान और जिम्मेदार बनाती है या सिर्फ कुशल और महत्वाकांक्षी? क्या हम अपनी व्यक्तिगत सफलता को ईमानदारी और सामाजिक योगदान से जोड़ते हैं? क्या हम व्यक्तिगत लाभ से ऊपर राष्ट्रीय और सामाजिक हित को रखते हैं? यही प्रश्न सच्चे देशभक्ति के भाव को परिभाषित करते हैं। ध्यान रहे, राष्ट्र से प्रेम शब्दों, उत्सवों या नारों तक सीमित नहीं होता। किसी देश की वास्तविक रक्षा उसकी सीमाओं पर नहीं होती। वह हर दिन लोगों द्वारा किए गए चुनावों में दिखाई देती है। जब कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार के बजाय ईमानदारी चुनता है, सुविधा के बजाय जिम्मेदारी चुनता है और छल के बजाय सत्य को अपनाता है, तब राष्ट्र की रक्षा होती है। जब एक व्यक्ति अपने चरित्र की रक्षा करता है, तो वह अपने राष्ट्र की रक्षा करता है। ईमानदारी का हर कार्य समाज को मजबूत करता है। दया का हर कार्य एकता का निर्माण करता है। अंतरात्मा से लिया गया हर निर्णय देश की नैतिक रीढ़ को सुदृढ़ बनाता है और जब पूरा समाज अपनी नैतिक नींव की रक्षा करने का संकल्प लेता है, तब उस स्थिति में वह अंधकार से जूझती दुनिया के लिए एक प्रकाशस्तंभ बन जाता है। भारत में मूल्यों और मानवता की ज्योति को जीवित रखने की क्षमता है। इसकी आध्यात्मिक परंपराएं, नैतिक जीवन पर जोर और सामूहिक कल्याण में विश्वास उस दुनिया को आशा दे सकते हैं जो धीरे धीरे अपनी दिशा खोती जा रही है। पर यह आशा तभी जीवित रहेगी जब व्यक्ति अपने कर्मों और अपने चरित्र की जिम्मेदारी स्वयं उठाएगा। यह समय है सुविधा पर चरित्र को, आडंबर पर मूल्यों को और स्वार्थी महत्वाकांक्षा पर जिम्मेदारी को चुनने का। यदि भारत अपने नैतिक संकल्प में दृढ़ बना रहता है, तब वह न सिर्फ अपने समाज में संतुलन स्थापित कर सकता है, बल्कि पूरी दुनिया में भी संतुलन बहाल करने में सहायक बन सकता है। ऐसा करते हुए वह मानवता को यह स्मरण कराएगा कि सच्ची शक्ति प्रभुत्व में नहीं, करुणा में है; धन में नहीं, बुद्धि में है; यह सत्ता में नहीं, धर्ममय आचरण और जीवन में है। **-कैलाश चंद्र**

सत्ता अपने आप में न तो अच्छी होती है, न बुरी। उसका मूल्य पूरी तरह उस व्यक्ति के चरित्र पर निर्भर करता है जिसके हाथ में वह होती है। जब सत्ता का संचालन बुद्धिमत्ता, सत्यनिष्ठा और करुणा से होता है, तब वह प्रगति, स्थिरता और सामंजस्य का निर्माण करती है, लेकिन जब वह स्वार्थ, लालच और अहंकार के अधीन हो जाती है तो विनाशकारी बन जाती है। सदगुणों से रहित अधिकार समाज का निर्माण नहीं करता, बल्कि उसे भीतर से तोड़ देता है। यही हमारे समय का मौन संकट है। कोई व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली, धनी, शिक्षित या सम्मानित क्यों न बन जाए, यदि उसका नैतिक और सामाजिक चरित्र भ्रष्ट है, तो वह समाज के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। इतिहास ने बार बार यह सिद्ध किया है कि सत्ता और धन का दुरुपयोग राष्ट्रों की नींव को कमजोर कर देता है। जब प्रभावशाली पदों पर बैठे लोग सामूहिक हित के बजाय निजी लाभ को प्राथमिकता देने लगें तब भ्रष्टाचार एक रोग की तरह फैलता है। संस्थाएं कमजोर पड़ जाती हैं, विश्वास समाप्त हो जाता है और लोगों का न्याय तथा निष्पक्षता पर भरोसा डगमगाने लगता है। देखने में आज यही आ रहा है कि यह संकट किसी एक देश तक सीमित नहीं है। वैश्विक युग में नैतिक पतन हर महाद्वीप पर दिखाई देता है। धन, प्रसिद्धि और नियंत्रण की अंधी दौड़ ने ऐसी संस्कृति को जन्म दिया है, जहां सफलता का मापदंड अक्सर नैतिक आचरण के बजाय भौतिक उपलब्धियां बन गई हैं। भोगवाद और उपभोक्तावाद जीवनशैली पर हावी हैं। डिजिटल लत ने सार्थक मानवीय संबंधों की जगह ले ली है। कृत्रिम लोकप्रियता ने सच्चे सम्मान को पीछे छोड़ दिया है। संसाधनों की होड़ तीव्र और कई बार निर्मम हो चुकी है। शक्तिशाली राष्ट्र, विशाल कॉरपोरेट साम्राज्य और प्रभावशाली वैश्विक संस्थाएं मानव मूल्यों की रक्षा और विकास को बढ़ावा देने का दावा करती हैं। वे कल्याण, मानवाधिकार और प्रगति की भाषा बोलती हैं। परंतु इस सुसज्जित छवि के पीछे एक चिंताजनक सच्चाई भी छिपी है। अपार धन और संसाधनों ने कई बार इन व्यवस्थाओं को मानवीय पीड़ा के प्रति उदासीन बना दिया है। लालच फैसलों को संचालित करता है।

# ओटीटी की भाषा, हिन्दी और हम

**डा. अवधेश कुमार यादव**

चण्डीगढ़ के गुप्ता जी रविवार के दिन मनोरंजन के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी वेब सीरीज देख रहे थे। उनका पांच साल का बेटा मोबाइल गेम में व्यस्त था। तभी टेलीविजन स्क्रीन पर पात्र अचानक से एक-दूसरे को जोर-जोर से गालियां देने लगे, जिसे देखकर उनका बेटा भी जोर-जोर से दोहराने लगा। गुप्ता जी रिमोट से सीरीज बंद कर देते हैं और मन ही मन सोचते हैं कि यह क्या हो रहा है? बचपन में तो हम अखबार पढ़कर भाषा सीखते थे। संपादकीय पन्नों से नए शब्द, मुहावरे और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते थे। अब ये ओटीटी प्लेटफॉर्म्स बच्चों की जुबान गंदी कर रहे हैं। हिंदी न्यूज चैनल तो हिंग्लिश में ब्रेकिंग न्यूज चला रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से पढ़े पत्रकार 'ग्राउंड जीरो' और 'एक्सक्लूसिव' जैसे शब्द हिंदी में लिखकर प्रसारित कर देते हैं। ओटीटी ने 'रियलिज्म' के नाम पर अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी हैं। एक समय था जब हिंदी भाषा की शुद्धता, व्याकरण और वर्तनी का सबसे बड़ा शिक्षक अखबार हुआ करता था। 19वीं सदी के अंत से लेकर 20वीं सदी के अधिकांश भाग तक अखबार घर-घर में भाषा सिखाते थे। लोग संपादकीय, लेख और समाचार पढ़कर नए शब्द सीखते, मुहावरे समझते और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते। हिंदी की लयबद्धता, संस्कृतनिष्ठ शब्दावली और उर्दू की मिठास का सुंदर संयोजन अखबारों की भाषा में झलकता था। वह दौर था जब भाषा को सम्मान दिया जाता था और उसे सँवारने का सतत प्रयास होता था। फिर, टेलीविजन का दौर आया। 1980-90 के दशक में दूरदर्शन पर सरकारी नियंत्रण के कारण भाषा काफी हद तक शुद्ध बनी रही, लेकिन निजी न्यूज चैनलों के उदय के साथ सब कुछ बदल गया। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ने नई पीढ़ी को हिंदी से दूर कर दिया। स्कूलों में अंग्रेजी को प्रधानता मिली, हिंदी को माध्यमिक भाषा का दर्ज़ा दिया जाने लगा। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े-लिखे युवा जब हिंदी न्यूज चैनलों में पत्रकार बने, तो उन्होंने हिंदी में अंग्रेजी के शब्दों को जबरदस्ती घुसेड़ना शुरू कर दिया। ब्रेकिंग न्यूज, ग्राउंड जीरो, एक्सक्लूसिव, स्पॉटलाइट, सोर्सेज के मुताबिक, डेवलपमेंट्स हो रही है जैसे वाक्य आम हो गए। ब्रेकिंग न्यूज की होड़ में अनुवाद की जल्दबाजी ने व्याकरण और शुद्धता को ताक पर रख दिया। चैनलों पर चीख-चीखकर खबरें पढ़ी जाने लगीं, जिससे भाषा की मर्यादा भी कमजोर पड़ गई। लेकिन असली तबाही ओटीटी (ओवर-द-टॉप) प्लेटफॉर्म्स के साथ आयी। नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम वीडियो, डिज़्नी प्लस, हॉटस्टार, ज़ी फाइव आदि पर हिंदी वेब सीरीज ने भाषा की सारी पारंपरिक सीमाएं तोड़ दीं। संवाद अब शुद्ध हिंदी में नहीं, बल्कि हिंग्लिश, क्षेत्रीय बोलियों के मिश्रण और सबसे ज्यादा गालियों से भरे होते हैं। मिर्ज़ापुर, सेक्रेड गेम्स, पाताल लोक, कॉलेज रोमांस, हॉस्टल डेज़ जैसी वेब सीरीज में हर दूसरे वाक्य में अश्लील शब्द सुनाई देते हैं। ये शब्द अब सिर्फ पात्रों की भाषा नहीं रहे, बल्कि युवाओं की रोजमर्रा की जुबान बनते जा रहे हैं। ओटीटी पर अश्लील कंटेंट की बाढ़ से न केवल संस्कृति का सत्यानाश हो रहा है, बल्कि समाज में भाषा की गंभीर समस्या भी उत्पन्न हो रही है। रियलिज्म और ऑथेंटिसिटी के नाम पर अश्लील सीन और संवाद आम हो गए हैं, लेकिन क्या वास्तविक जीवन में हर व्यक्ति हर वाक्य में गाली देता है? क्या कॉलेज के छात्रों की सामान्य भाषा इतनी गंदी होती है? यह सब युवा पीढ़ी पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल रहा है। बच्चे और किशोर इन शब्दों को सुन-देखकर अपनी भाषा में शामिल कर लेते हैं, जिससे समाज में गाली-गलौज सामान्य लगने लगी है। 2025 में स्थिति और गंभीर हुई तो सरकार ने अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट के खिलाफ सख्त कदम उठाए। जुलाई 2025 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स (जिनमें उल्लू, एएलटीटी, बिग शॉट्स, डेसिफ्लिक्स, नियॉनएक्स वीआईपी इत्यादि) को ब्लॉक कर दिया, क्योंकि ये अश्लील, वल्गर और पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रसारित कर रहे थे। यह कार्रवाई आईटी एक्ट, 2000 और 2021 के इंटरमीडियरी गाइडलाइंस के तहत की गई। इससे पहले 2024 में भी 18 प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी ही कार्रवाई हुई थी। कुल मिलाकर, जुलाई 2025 तक 43 प्लेटफॉर्म्स ब्लॉक हो चुके हैं।

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में मखाना खाने से सेहत को मिलेंगे हजारों फायदे

सर्दियों में भूख लगने पर लोग जंक फूड और फास्ट फूड का सेवन करते हैं। लेकिन इसकी जगह पर आप मखाने का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि मखाने में एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। साथ ही यह एक हेल्दी स्नैक्स है। इसलिए रोजाना इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। लेकिन इसका कब, कितना और कैसे सेवन करना चाहिए, इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दियों में किस तरह से मखाना खाना चाहिए और यह किस तरह से हमें फायदा पहुंचाता है। मखाने के तासीर गर्म होती है। इसलिए सर्दियों में इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। लेकिन इसकी मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सर्दियों के मौसम में प्रतिदिन 30 ग्राम मखाने का सेवन करने से हड्डियां मजबूत रहती हैं। इसके सेवन से आपको सर्दी-जुकाम और इंफ़ेक्शन नहीं होता है। सर्दियों में न्यूट्रिशनल वैल्यू बढ़ाने के लिए मखाना घी में भूनकर खाना अधिक लाभकारी होता है। बहुत सारे लोग व्रत में दूध और मखाने का सेवन करते हैं। दूध और मखाना दोनों का कॉम्बिनेशन शरीर को ताकत देने का काम करता है। मखाने में प्रोटीन, मैग्नीशियम, कैल्शियम, आयरन, फैट और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। वहीं दूध में प्रोटीन, विटामिन डी और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन से लंबे समय तक पेट भरा रहता है। यह कैल्शियम का बेहतरीन स्त्रोत है। यह किडनी और दिन दोनों के लिए फायदेमंद होता है। कई लोग व्रत में मखाने का सेवन करते हैं। बता दें कि मखाने खाने से कई फायदे होते हैं। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जिससे कि आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। साथ ही इसके सेवन से शरीर को एनर्जी प्राप्त होती है और कमजोरी नहीं लगती है। मखाना खाने से कब्ज और पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। मखाना के सेवन से न सिर्फ सेहत बल्कि पाचन भी सही रहता है। मखाने के सेवन से शरीर में मौजूद विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। रोजाना मखाने का सेवन करने से शरीर से विषाक्त तत्व बाहर निकल जाते हैं। साथ ही इससे किडनी स्वस्थ रहती है।

## धर्म मंत्र

# डराने वालों के झाँसे में न आयें, शनिदेव हैं कल्याणकारी

ज्योतिष एक पवित्र विद्या है परंतु कुछ लोग इस पवित्र विद्या को बदनाम कर रहे हैं। ज्योतिष मार्गदर्शन की विद्या है। लेकिन यह मार्ग दर्शन की विद्या न रहकर कुछ ज्योतिषियों के जीवनोपार्जन का साधन बन गया है। ये लोग खासतौर से शनि की साढ़ेसाती के नाम पर लोगों को ठगते हैं। प्रत्येक आदमी के जीवन पूर्व जन्म के कर्मों के योग की कहानी है। इससे कोई भी नहीं बच सकता। मानव के कर्म हर जन्म में उसका पीछा करते रहते हैं। जन्मों-जन्मों तक उसको अपने किए कर्मों का फल मिलता रहता है, मानव के कर्म उसके पीछे उसी तरह लगे रहते हैं जैसे गाड़ी का चक्का उसे खींचने वाले बैलों का काम करता है। क्या है शनि की साढ़ेसाती'- शनि का गोचर यदि जन्म कुंडली के चन्द्रमा से 12वें भाव में होता है तो उस आदमी की साढ़ेसाती आरंभ हो जाती है ओर जब तक गति चंद्रमा से दूसरे भाव में गोचर करता है तब तक साढ़ेसाती रहती है। यदि हम गति के गोचर से लेकर गणना करें तो एक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आ सकती है। क्योंकि गति एक राशि में ढाई साल रहता है और इस तरह बारह राशियों में तीस साल रहता है। प्रत्येक साढ़ेसाती साढ़े सात साल की होती है। इस हिसाब से एक व्यक्ति के जीवन में साढ़े बाइस साल साढ़ेसाती हुई। तो क्या प्रत्येक आदमी को साढ़े बाइस साल अशुभ फल देने वाले होंगे। जोकि किसी भी रूप में संभव नहीं है क्योंकि व्यक्ति के जीवन में घटने वाली घटनाएं उसकी कुंडली के ग्रहों की स्थिति एवं जीवन में मिलने वाली दशाएं ही निर्धारित करती है।

## पर्यटन



# देखने के लिए बहुत कुछ है रमणिक दून घाटी में

देवभूमि उत्तराखण्ड की राजधानी होने का गौरव प्राप्त करने वाला शहर देहरादून दून धाटी के रूप में पहचान बनाता है, एक अद्वितीय एवं खूबसूरत पर्वतीय क्षेत्र है। देहरादून से ही नजर आता है हरियाली ओढ़े मसूरी पर्वत का सौन्दर्य। देहरादून के पूर्व में गंगा नदी तथा पश्चिम में यमुना नदी हिलोरे लेती है। उत्तर-पूर्व में 3 हजार फीट तक की ऊंची कलिंग पहाड़ियां देहरादून की शोभा बढ़ाती हैं। प्राकृतिक सौन्दर्य समेटे पहाड़ियां, आस्थाधाम मंदिर, पशु-पक्षी प्रेमियां के लिए अभ्यारण्य, राफ्टिंग, ट्रेकिंग व पर्वतारोहण जैसे साहसिक खेल देहरादून की अपनी शान है। पर्यटन, शिक्षा, संस्कृति एवं प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए पहचान बनाने वाला देहरादून समुद्रतल से 2156 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। सहस्त्रधारा देहरादून का सर्वप्रिय पर्यटक स्थल पहाड़ों के घने जंगलों के बीच स्थित सहस्त्रधारा है। यहां का मुख्य आकर्षण पहाड़ी के अन्दर प्राकृतिक रूप से तराशी गई छोटी-छोटी गुफाएं हैं जिनसे अविरल बारिश जैसी बौछार होती रहती है। गुफाओं में इस प्रकार जल की धाराओं को बहने के कारण इस स्थल का नाम सहस्त्रधारा रखा गया। पहाड़ी से गिरते हुए जल को प्राकृतिक रूप से संचित किया जाता है। यहां गन्धक युक्त गर्म जल के एवं ठण्डे पानी के कुण्ड भी बनाये गये हैं। घाटी के मध्य होकर ''देव जन्या'' नदी बहती है। स्थानीय निवासियों के लिए एक रमणिक पिकनिक स्पोट है। दुर्लभ प्रकार की वनस्पति तथा कंदराओं की संरचना के आधार पर वनस्पति विज्ञान एवं भू-गर्भ विज्ञान के शोधार्थियों के लिए यह महत्वपूर्ण स्थल है। यहां पहुँचने के लिए देहरादून से नगर बस सेवा एवं अन्य परिवहन साधन उपलब्ध हैं।। देहरादून में बस स्टैण्ड से 5.5 किलोमीटर दूर तमता नदी के तट पर स्थित है टपकेश्वर महादेव मंदिर गुफा। मंदिर गुफा में स्थित गुफा की छत से टपकता हुआ पानी सीधा शिवलिंग पर गिरता है। मंदिर के चारों ओर झरना बहता है। शिवरात्रि के अवसर पर यहां भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह उत्सव आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहते हैं। देहरादून से 10 किलोमीटर दूर पर मसूरी मार्ग पर स्थित मालसी मृग विहार हिमालियन हिरन के लिए प्रसिद्ध है। पार्क में हिरन के साथ-साथ चीतल, मोर, तेन्दुआ आदि कई जानवरों की प्रजातियां पाई जाती हैं, जो वन्यजीव प्रेमियों को लुभाते हैं।

# गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

## नैमिषारण्य से पधारे व्यास जी करेंगे श्रीमद्भागवत कथा का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। क्षेत्र के सरसा गांव में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ पर मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य यजमान सत्यनाम मिश्रा एवं शांति देवी सहित सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और जयघोष से पूरा माहौल भक्तिरस में सराबोर हो गया। कलश यात्रा कथा स्थल ग्राम सरसा से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई बुढ़वा बाबा घाट कल्याणी नदी तट तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में पवित्र जल भरकर पुनः कथा स्थल पर स्थापित किया गया।

आयोजक आनंद मिश्रा नंदू ने बताया कि गया जगन्नाथ पुरी व चारो धाम यात्रा के उपरांत तीर्थराज नैमिषारण्य से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक व्यास श्री हरिओम बाजपेई जी सात दिनों तक श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन निर्धारित समय पर होगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव चरित्र सहित भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संदेश दिया जाएगा।व 17 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन होगा, कलश यात्रा व कथा आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से सहयोगी राहुल द्विवेदी,अमित तिवारी, एडवोकेट कमल पांडेय ,पीयूष,आदि सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष मौजूद रहे।

# दिव्यांगजन पेंशन तीन गुना बढ़ी, पात्र लाभार्थियों को सीधे लाभ : कश्यप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधान परिषद में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, पारदर्शिता और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विभाग की सभी योजनाएं ऑनलाइन, पारदर्शी और दलाल-मुक्त व्यवस्था के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को सीधे लाभ मिल रहा है। नरेंद्र कश्यप ने सदन को बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वर्ष 2011 में चयनित जेटीसी ग्रेड शिक्षकों में से एलटी ग्रेड के 9 रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु 16 जुलाई 2025 को तथा एलटी ग्रेड से प्रवक्ता के 28 पदों के लिए 12 दिसंबर 2022 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को अध्याचन भेजा जा चुका है, जिस पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वितरण कार्यक्रमों में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना अनिवार्य है। यदि भविष्य में इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कश्यप ने बताया कि भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा रहे हैं। आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन, 153 लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन तथा 321 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का लाभ दिया गया है। 31 दिसंबर 2025 तक कोई भी पात्र लाभार्थी लंबित नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन मात्र 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे योगी सरकार ने बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले दिव्यांगजन एकीकृत सामाजिक पेंशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जांच के बाद पीएफएमएस के माध्यम से सीधे खाते में पेंशन भेजी जाती है।

### पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डाल रही सरकार : लाल बिहारी यादव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन आज विधान परिषद में नियम 105 के तहत समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित पदों में आरक्षण के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस मौके पर सदस्यों ने विरोध भी जताया। आज सदन में अपनी बात रखते हुए नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डाल रही है। उन्होंने कहा व्यक्ति के लिए भी समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। वर्तमान सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शोषित वंचित एवं पिछड़ा वर्ग के हितों के संरक्षण का दिखावा करती है। इस सरकार को इन वर्गों के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा संचालित विभिन्न भर्तियों में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं संविधान प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। यह विषय न केवल लाखों शिक्षित युवाओं के भविष्य से जुड़ा है बल्कि राज्य की प्रशासनिक निष्पक्षता सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा प्रहार करती है । उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित पदों में आरक्षण के नियमों का पालन नही किया जा रहा है। उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारी के पदों पर विज्ञापन जारी किये गये है। इस विज्ञापन में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। लाल बिहारी यादव ने कहा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के ओ0बी0सी0 के लिए 221 पदों में 27 प्रतिशत के हिसाब से 60 की जगह पर 20 पद अनुसूचित जाति को 21 प्रतिशत के हिसाब से 46 पद की जगह 21 पद ही दिये गये हैं। इसी तरह पशु चिकित्सा अधिकारियों के 404 पदों पर 27 प्रतिशत ओबीसी के हिसाब से 110 पद मिलने चाहिये थे, लेकिन ओबीसी को शून्य पद मिले । इन सभी विज्ञापनों में ई0डब्लू0एस0 को सभी सीटें आवंटित कर दी गयीं। आरक्षण के नियमों का पालन और भर्तियों में भ्रष्टाचार से प्रभावित लोगों में सरकार के प्रति भारी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है, लोग आन्दोलित हो रहे हैं। सरकार का पक्ष रखते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार आरक्षण का पालन सुनिश्चित कराने के लिये प्रतिबद्ध है।

### संस्कृत महाविद्यालयों के शिक्षकों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार : ध्रुव कुमार त्रिपाठी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद में संस्कृत महाविद्यालयों के शिक्षकों के स्थानान्तरण का मुद्दा छाया रहा। आजादी के 79 वर्ष के बाद भी संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षक स्थानान्तरण की सुविधा से वंचित हैं। शिक्षक एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि प्राच्य भाषा एवं देववाणी के ध्वजवाहक संस्कृत महाविद्यालयों के शिक्षकों के साथ यह सनातनी सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। सनातनी परम्परा की विचारधारा वाली प्रदेश सरकार के रहते एकल स्थानान्तरण ऑनलाइन व ऑफलाइन अभी तक प्रभावी नहीं हो सका है। सरकार के इस कार्यप्रणाली से संस्कृत के शिक्षक व्यथित हैं।

### स्टार्टअप हब बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेटी) की महत्वाकांक्षी स्टार्टअप एक्सेलेरेटर ऑफ मेटी फॉर प्रोडक्ट इनोवेशन, डेवलपमेंट एंड ग्रोथ (समृद्ध) योजना में उत्तर प्रदेश ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। स्टार्टअप्स को नवाचार, उत्पाद विकास और विस्तार के लिए तैयार करने वाली इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश से चयनित एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की संख्या यह संकेत देती है कि प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी आदित्यनाथ सरकार, केंद्र की योजनाओं का लाभ जमीन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश स्तर पर लगातार समन्वय किया जा रहा है। एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की निगरानी, मेंटरशिप और बाजार से जोड़ने की प्रक्रिया को मजबूत किया गया है, ताकि युवा उद्यमियों को केवल फंडिंग ही नहीं बल्कि स्थायी विकास का रास्ता भी मिल सके। समृद्ध को लेकर उत्तर प्रदेश से कुल 10 एक्सेलेरेटरों ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया था। इनमें से चार एक्सेलेरेटरों का चयन किया गया। इन चयनित एक्सेलेरेटरों के माध्यम से प्रदेश के 35 स्टार्टअप्स को एक्सेलेरेशन सपोर्ट दिया गया, जिनमें से 27 स्टार्टअप्स फंडिंग प्राप्त करने में सफल रहे। उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप्स को इस योजना के तहत कुल 9.91 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। यह राशि स्टार्टअप्स को उनके उत्पाद के विकास, बाजार विस्तार और तकनीकी मजबूती के लिए दी गई है। केंद्र सरकार की इस योजना में स्टार्टअप्स को अधिकतम 40 लाख रुपये तक की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान है।

# बजट में निवेश बढ़ाने और स्थायी रोजगार के प्रावधान हों: आराधना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को पेश किए जाने वाले आम बजट को लेकर कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने योगी आदित्यनाथ सरकार से युवाओं, किसानों और महिलाओं के हित में ठोस और प्रभावी प्रावधान किए जाने की उम्मीद जताई है।

उन्होंने कहा कि बजट में लोककल्याणकारी नीतियों को प्राथमिकता देते हुए स्थायी रोजगार, किसान कल्याण और निवेश बढ़ाने की स्पष्ट योजना होनी चाहिए। बजट से एक दिन पहले प्रतिक्रिया देते हुए आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश के नौजवान आज रोजगार संकट से जूझ रहे हैं। सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में स्थायी पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार उन्हें भरने के बजाय आउटसोर्सिंग के माध्यम से न्यूनतम मानदेय पर लोगों को काम पर रख रही है।

उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में 10 से 15 हजार रुपये के मानदेय में न तो व्यक्ति का गुजारा संभव है और न ही वह अपने परिवार की जिम्मेदारी उठा सकता है। बजट में स्थायी नौकरियों की भर्ती और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोतरी का प्रावधान होना चाहिए। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के बजट में मुफ्त बिजली का वादा किया गया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ। वर्ष 2017 के कर्ज माफी के वादे को भी सरकार ने केवल आंशिक रूप से निभाकर समाप्त मान लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि बजट में किसानों के लिए निरंतर कर्ज माफी की योजना, सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली और खाद-बीज व यूरिया की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के ठोस प्रावधान किए जाएं, ताकि किसानों को हर साल खाद के लिए लाइनों में न लगना पड़े।

आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इसके लिए सरकार की ईमानदार नियत और दृढ़ इच्छाशक्ति जरूरी है। उन्होंने कहा कि केवल इन्वेस्टर्स मीट कराकर लाखों करोड़ के एमओयू साइन कर लेना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी जरूरी है कि उन समझौतों को धरातल पर उतारा जाए। निवेश योजनाएं इवेंट तक सीमित न रहकर रोजगार और विकास के स्थायी अवसर पैदा करें। महिलाओं के संदर्भ में उन्होंने कहा कि बजट में ऐसे प्रावधान होने चाहिए जिससे महिलाएं केवल लाभार्थी बनकर न रह जाएं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में ठोस योजनाएं लागू हों। कांग्रेस ने सरकार से अपेक्षा जताई है कि कल का बजट प्रदेश की जनता, खासकर युवाओं, किसानों और महिलाओं की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया जाएगा।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की ईपीएफ राशि खातों में जमा कराने की उठी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 115 के अंतर्गत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से की जा रही ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) कटौती की राशि कर्मचारियों के खातों में अनिवार्य रूप से जमा कराए जाने की मांग उठाई।

उन्होंने इस विषय को लोक महत्व का बताते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कहा कि राज्य में आउटसोर्सिंग के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आउटसोर्सिंग सेवा निगम बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी पूरे प्रदेश में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का शोषण आम बात थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक पहल की है।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ की कटौती तो नियमित रूप से की जा रही है, लेकिन संबंधित धनराशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही है।

इस स्थिति से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और वे लगातार संबंधित विभागाध्यक्षों से शिकायत कर रहे हैं। विजय बहादुर पाठक ने सदन को अवगत कराया कि विभागीय अधिकारी अक्सर ठेकेदारों और सेवा प्रदाता कंपनियों पर जिम्मेदारी डालकर मामले से पल्ला झाड़ लेते हैं। कई स्थानों पर यह विषय आंदोलन का रूप ले चुका है और कहीं-कहीं ठेकेदार या एजेंसी बदल दी जाती है, लेकिन कर्मचारियों की मूल समस्या जस की तस बनी रहती है। उन्होंने बताया कि बरेली, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, वाराणसी सहित कई नगर निगमों से इस तरह की शिकायतें सामने आई हैं।

# विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि खेती से जुड़ी हर चीज़ विदेश से आएगी तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा।

उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर अखिलेश यादव ने कहा कि जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुज़ुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा। आज का पेट भरना मुश्किल होगा तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को नुकसान पहुँचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती। भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने देश के अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है। कभी भूमि अधिग्रहण के नाम पर खेती छीनने की साज़िश रची जाती है तो कभी काले कानूनों के जरिए किसानों को संकट में धकेला जाता है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सोच खेती और उत्पादन की नहीं बल्कि बिचौलियों की है। यह सरकार पैदावार बढ़ाने की जगह बीच में कमीशनखोरी को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने मांग की कि खेती-किसानी के बीच और किसानों के बीच बैठे भाजपाई बिचौलियों का पर्दाफाश होना चाहिए।

उन्होने कहा कि आज किसान साफ शब्दों में कह रहा है कि उसे भाजपा नहीं चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के जाने से ही खेती-बाड़ी और किसान का भविष्य सुरक्षित हो पाएगा।

# यूजीसी की नई गाइडलाइन के समर्थन में विधायक पल्लवी पटेल के नेतृत्व में प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अपना दल (कमेरावादी) की नेता और विधायक पल्लवी पटेल के नेतृत्व में मंगलवार को राजधानी लखनऊ में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई गाइडलाइन को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर आईटी चौराहे से पुलिस लाइन तक मार्च निकाला।

मार्च के दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। जैसे ही प्रदर्शन पुलिस लाइन के पास पहुंचा, पुलिस ने आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और विधायक पल्लवी पटेल के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिससे कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकते हुए पल्लवी पटेल समेत सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को बाद में इको गार्डन भेज दिया गया। पल्लवी पटेल को पुलिस वैन में बैठाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। प्रदर्शन के मद्देनज़र मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन कार्रवाई की गई। वहीं, पल्लवी पटेल ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को दबाने की कोशिश की गई और सरकार यूजीसी गाइडलाइन को लेकर गंभीर नहीं है।

# आरक्षण के प्रावधानों का अक्षरशः पालन कर रही सरकार : केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विधान परिषद में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री एवं नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने सरकारी भर्तियों में आरक्षण के विषय पर सरकार का पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आरक्षण के प्रावधानों का अक्षरशः पालन कर रही है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने सदन को अवगत कराया कि दिनांक 30-02-2026 को प्रदेश के समस्त विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं, जिनमें यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सभी भर्तियों में आरक्षण संबंधी नियमों का शत-प्रतिशत पालन किया जाये। किसी भी स्तर पर नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमों के उल्लंघन की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सरकार पारदर्शी, निष्पक्ष और नियम सम्मत भर्ती प्रणाली के माध्यम से युवाओं को समान अवसर देने के लिए संकल्पित है। मौर्य ने विपक्ष, विशेषकर सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग आज आरक्षण के नाम पर घड़ियाली आँसू बहा रहे हैं, उनके शासनकाल में पिछड़ों और दलितों का हक छीनकर केवल एक खास वर्ग और परिवार को लाभ पहुँचाया जाता था।उन्होंने कहा विपक्ष का इतिहास नियुक्तियों में धांधली और भ्रष्टाचार से भरा रहा है, जहाँ योग्यता और सामाजिक न्याय को दरकिनार कर 'पर्ची-खर्ची' का बोलबाला था। वर्तमान सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संवैधानिक आरक्षण के प्रावधानों का अक्षरशः पालन कर रही है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा ''विपक्ष हार की हताशा में युवाओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। जनता उनके 'आरक्षण विरोधी' चेहरे को पहचान चुकी है। हम पिछड़ों और दलितों के हक के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके अधिकारों पर कोई आंच नहीं आने देंगे।''उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार हर स्तर पर निगरानी रख रही है, ताकि भर्ती प्रक्रियाएं संविधान और कानून के अनुरूप पूरी निष्पक्षता के साथ संपन्न हों।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने विधान परिषद में सदस्यों के तारांकित प्रश्नों का दिया जवाब

# उप्र में इन्वेस्टर समिट के माध्यम से 16,478 इकाइयां उतरी धरातल पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा बजट सत्र 2026-27 के दूसरे दिन मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने विधान परिषद में विधान परिषद सदस्य डॉ. मान सिंह यादव एवं आशुतोष सिन्हा द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्नों का जवाब दिया। प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रदेश की औद्योगिक नीतियों, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं निवेशोन्मुख वातावरण से अवगत कराया।

मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश में औद्योगिक क्रान्ति ने गति पकड़ी है। उत्तम प्रदेश के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश अपने निर्धारित लक्ष्यों की ओर निरंतर अग्रसर है।

इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक विधान परिषद सदस्य डॉ. मान सिंह यादव ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से पूछा था कि प्रदेश में इन्वेस्टर समिति के माध्यम से कितनी कम्पनियों ने भाग लिया है और उनमें से कितनी कम्पनियों ने अपना उद्योग स्थापित करते हुए कार्य शुरू किया। जिसका जवाब देते हुए मंत्री नन्दी ने विधान परिषद में कहा कि वर्ष 2018 में आयोजित इन्वेस्टर समिट में 1045 औद्योगिक इकाईयों ने 4.28 लाख करोड़ तो वहीं 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 में 19 हजार 250 औद्योगिक इकाईयों ने 33.50 लाख करोड़ के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किया था। मंत्री नन्दी ने बताया कि इन्वेस्टर समिट के बाद ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोह के माध्यम से बड़ी संख्या में इकाईयां स्थापित हुई हैं। जीबीसी-1 में 61,792 करोड़ में 81 परियोजनाओं, जीबीसी-2 में 67,202 करोड़ में 290 परियोजनाओं, जीबीसी-3 में 80,224 करोड़ में 1406 परियोजनाओं एवं जीबीसी-4 में 10,01,056 करोड़ में 14,701 परियोजनाओं समेत कुल 16,478 परियोजनाओं की ग्राउण्डिंग की गई। वाराणसी खण्ड स्नातक विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से जनपद कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के चैनेज 196.9 से 197.30 के मध्य छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण कार्य के बारे में पूछा। जिसका जवाब देते हुए मंत्री नन्दी ने कहा कि छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण के लिए जिला प्रशासन कन्नौज द्वारा किए गए चिन्हांकन के अनुसार 03 अगस्त 2024 को कार्रवाई प्रारम्भ किया गया था। लेकिन कुछ भाग पर काश्तकारों द्वारा वाद उत्पन्न कर दिए जाने के कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका था। लेकिन अब वर्तमान में छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के कार्यों के लिए 400 करोड़ का बजट प्राविधान स्वीकृत है। छूटी हुई सर्विस लेन का निर्माण इस बजट प्राविधान के सापेक्ष आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के निर्माण में हुई बचत मद से किया जाना प्रस्तावित है। अगस्त महीने में ही निविदा आमंत्रित किया गया था। अनुबंध गठन के पश्चात कार्य पूर्ण करने की अवधि नौ माह है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अफगानिस्तान की 'ग्रुप ऑफ डेथ' में वापसी पर निगाह

एजेंसी



अहमदाबाद। अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से हारने के बाद अफगानिस्तान के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाला टी20 विश्व कप का मैच करो या मरो जैसा होगा क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीम ही सुपर आठ चरण में पहुंचेंगी। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज है और बाकी टीमों से काफी आगे है। कनाडा पर 57 रन की जीत ने न सिर्फ उसे दो अंक दिलाए बल्कि इसने उसके नेट रन रेट को 2.850 तक पहुंचा दिया है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड (1.162) से पांच विकेट से हारने के कारण अफगानिस्तान -1.162 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। उसे अगले दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखने के लिए न केवल मैच जीतना होगा बल्कि अपना नेट रन रेट भी सुधारना होगा। इस तरह की परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। अफगानिस्तान की टीम कभी हार नहीं मानने का जज्बा रखती है और दक्षिण अफ्रीका इससे अच्छी तरह से वाकिफ होगा। दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान जैसी टीमों की मौजूदगी के कारण यह 'ग्रुप आफ डेथ' बन गया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने गुलबदीन नायब की 35 गेंदों में खेली गई 63 रन की पारी और अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से 182 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ चेपॉक में टी20 क्रिकेट खेलने का अनुभव रखने वाले नूर अहमद को टीम से बाहर रखने का फैसला अफगानिस्तान के लिए नुकसानदायक साबित हुआ क्योंकि उनकी जगह तेज गेंदबाजों को मौका दिया गया था जो अपनी रणनीति पर अमल करने में नाकाम साबित हुए। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज कीवी टीम पर दबाव बनाने में विफल रहे और यहां तक ??कि उसके कप्तान राशिद का भी दिन खराब रहा, जिन्होंने अपने चार ओवरों में 36 रन दिए और एक विकेट लिया। गेंदबाजी में अफ़गानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान का प्रदर्शन एकमात्र सकारात्मक पहलू था, जिन्होंने 31 रन देकर दो विकेट हासिल किए। अफगानिस्तान की टीम अब दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में अपने खेल में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। राशिद का आईपीएल में यहां खेलने का अनुभव अफगानिस्तान के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिसे वापसी करने और अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए जीत की जरूरत है।

## आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी

एजेंसी



कोलंबो। हाल के खराब प्रदर्शन और दो प्रमुख तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की टीम आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड आधुनिक क्रिकेट की सबसे मजबूत तेज गेंदबाजी इकाइयों में से एक हैं और ऑस्ट्रेलिया को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में उनकी कमी खलेगी। जहां कमिंस और हेज़लवुड चोटों के कारण बाहर हो गए, वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप से संन्यास ले लिया है। उनकी अनुपस्थिति में नाथन एलिस तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व कर सकते हैं, लेकिन उन पर भी चोट का साया मंडरा रहा है। हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण बिग बैश लीग (बीबीएल) के फाइनल से बाहर रहने के बाद से उन्होंने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। अनुभवी लेग स्पिनर एडम ज़म्पा कमर की चोट से उबरकर टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहे हैं। उपमहाद्वीप की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए ज़म्पा टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था। पिछली बार उसकी टीम सेमीफाइनल में भारत से हार गई थी। अनुभवी ज़म्पा अपने साथी स्पिनरों कूपर कॉनॉली और मैट कुहनेमैन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया की स्पिन आक्रमण को मजबूत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप चरण के अपने चारों मैच श्रीलंका में खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी इकाई निस्संदेह अतीत की तुलना में कमजोर दिखती है। ऑस्ट्रेलिया के पास बल्लेबाजी में जरूरी मजबूती है और टीम में काफी ऑलराउंडर भी हैं जो विरोधी टीमों को परेशान कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा था कि कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बावजूद उनके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत और श्रीलंका की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें ट्रैविस हेड, कप्तान मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टोइनिस जैसे खिलाड़ी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए आईसीसी को धन्यवाद: राजीव शुक्ला

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने 'बहुत अच्छा समाधान निकाला' जिसके कारण पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया। बांग्लादेश और श्रीलंका के आग्रह के बाद पाकिस्तान सरकार ने बहिष्कार की अपील वापस लेने का फैसला किया जिसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। शुक्ला ने पत्रकारों से कहा, ''मैं बीसीसीआई की तरफ से आईसीसी अध्यक्ष (जय शाह) और उसके पदाधिकारियों का बहुत अच्छा समाधान निकालने के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ चर्चा के बाद और सभी पक्षों की बात सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा, ''यह फैसला क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट जारी रहना चाहिए और अब विश्व कप को बड़ी सफलता मिलेगी। जहां तक आईसीसी का सवाल है तो यह एक बड़ी उपलब्धि है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी आईसीसी की प्रशंसा की है। उसने सभी पक्षों की बात सुनी और सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया। शुक्ला ने आगे कहा, ''आखिर में क्रिकेट सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सभी के लिए महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख अमीनुल इस्लाम ने ढाका में बयान जारी किया था जिसमें पाकिस्तान से बहिष्कार वापस लेने की अपील की गई थी। इसके बाद यह तय हो गया था कि पाकिस्तान बहिष्कार वापस ले लेगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने भी फोन पर बात की, जिन्होंने उनसे टीम को मैच खेलने की अनुमति देने का आग्रह किया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने आईसीसी के साथ अपनी बातचीत के बारे में शरीफ को जानकारी दी इसके बाद पाकिस्तान की सरकार ने बयान जारी करके अपनी टीम को यह मैच खेलने की अनुमति प्रदान की थी। आईसीसी ने इस मुद्दे पर कुछ रियायतें देते हुए बांग्लादेश पर कोई जुर्माना न लगाने का फैसला किया, जिसे सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार करने के बाद विश्व कप से बाहर होना पड़ा था। इससे पहले पाकिस्तान ने कहा था कि वह भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगा। इसे बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने से जुड़ा राजनीतिक विरोध माना जा रहा था। आईसीसी ने बांग्लादेश के सुरक्षा कारणों से अपने मैच भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था और उसकी जगह स्कॉटलैंड को दे दी गई थी।

### डि लीडे के हरफनमौला प्रदर्शन से नीदरलैंड ने नामीबिया को सात विकेट से हराया

**नयी दिल्ली।** बास डि लीडे के 48 गेंद में नाबाद 72 रन और दो विकेट की मदद से नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में मंगलवार को यहां नामीबिया को सात विकेट से हराया । टॉस जीतकर नामीबिया को बल्लेबाजी के लिये भेजने वाली नीदरलैंड की टीम ने अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर उसे आठ विकेट पर 156 रन पर रोक दिया । डि लीडे ने तीन ओवर में 20 रन देकर और लोगान वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो दो विकेट लिये । जवाब में डि लीडे ने 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी के दम पर नीदरलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाये । डि लीडे ने अपनी पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े और कोलिन एकेरमैन (28 गेंद में 32 ) के साथ तीसरे विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी भी की । उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया । टी20 विश्व कप का अरूण जेटली स्टेडियम पर यह पहला मैच था लेकिन स्कूल की परीक्षा का समय और सप्ताह के बीच में होने से मैदान खाली ही पड़ा रहा । इसी मैदान पर 12 फरवरी को भारतीय टीम नामीबिया से खेलेगी । नीदरलैंड की शुरूआत हालांकि खराब रही थी और तीसरे ही ओवर मैक्स ओ डाउड (सात) को बर्नार्ड शोल्ज ने पवेलियन भेजा । माइकल लेविड भी 15 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हो गए जिसके बाद डि लीडे और एकेरमैन ने टीम को जीत तक पहुंचाया । इससे पहले नामीबिया के लिये लोफ्टी इटोन (38 गेंद में 42 रन ) और सलामी बल्लेबाज जान फ्रायलिंक (26 गेंद में 30 रन ) ने दूसरे विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी की। इनके अलावा जेजे स्मिट ने 15 गेंद में 22 रन बनाये । वहीं नीदरलैंड के लिये डि लीडे के अलावा वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो और स्पिनर आर्यन दत्त ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया । दत्त ने नयी गेंद से शुरूआत करते हुए बेहद किफायती पहला ओवर डाला जिसमें सिर्फ चार रन बने । दूसरे ओवर में लॉरेन स्टीनकेम्प ने वान बीक को चौका जड़कर हाथ खोलने की कोशिश की लेकिन अगले ओवर में दत्त ने उन्हें पवेलियन भेजकर नीदरलैंड को पहली सफलता दिलाई । बाहर की ओर जाती गेंद को बैकवर्ड प्वाइंट पर खेलने के प्रयास में स्टीनकेम्प चूके लेकिन विकेट के पीछे स्कॉट एडवडर्स ने मुस्तैदी से स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की । इस समय स्कोर बोर्ड पर सिर्फ दस रन टंगे थे । सलामी बल्लेबाज फ्रायलिंक ने चौथे ओवर में फ्रेड क्लासेन को पहले शॉर्ट मिडविकेट पर चौका और फिर गेंदबाज के ऊपर से छक्का लगाकर 11 रन लिये । दूसरे छोर से हालांकि दत्त ने किफायती गेंदबाजी का सिलसिला जारी रखते हुए सिर्फ पांच रन दिये । पावरप्ले के छह ओवर में नामीबिया का स्कोर एक विकेट पर 40 रन था । कोलिन इकेरमैन को छठे ओवर में इटोन ने एक छक्का और फ्रायलिंक ने चौका लगाया । इटोन और फ्रायलिंक के बीच खतरनाक होती दिख रही साझेदारी को वान बीक ने तोड़ा जिन्होंने फ्रायलिंक को विकेट के पीछे लपकवाया । दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 50 रन जोड़े। दो विकेट गिरने के बाद दबाव को हटाते हुए इटोन ने टिम वान डेर गुगटेन को 12वें ओवर में अच्छी नसीहत देते हुए 16 रन निकाले । पहले मिडविकेट पर छक्का लगाने के बाद दो चौके जड़कर उन्होंने रनगति को बढाया । नामीबिया के 100 रन 13 . 1 ओवर में बने । कप्तान गेरहार्ड इरास्मस कुछ खास नहीं कर सके और नौ गेंद में 18 रन बनाकर बास डि लीडे की गेंद पर मिडविकेट में दत्त को कैच दे बैठे । वहीं एक छोर पर डटकर खेल रहे इटोन भी अर्धशतक से चूक गए और 38 गेंद में एक चौके तथा दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाकर वान बीक का शिकार हुए । नये बल्लेबाज जेजे स्मिट ने 16वें ओवर में वान डेर को दो छक्के लगाकर 16 रन लिये लेकिन अगले ओवर में डि लीडे की गेंद पर विकेट गंवा बैठे । उन्होंने 15 गेंद में 22 रन की पारी खेली । नामीबिया ने तीसरा पचासा छह ओवर में पूरा किया ।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा इंग्लैंड को

एजेंसी



मुंबई, 10 फरवरी (भाषा) नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने पहले ही मैच में बमुश्किल उलटफ़ेर से बचने वाली इंग्लैंड की टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले एक महत्वपूर्ण और बराबरी के मुकाबले में अधिक आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन करना होगा।

दोनों टीमें अतीत में दो बार यह प्रतियोगिता जीत चुकी हैं और टूर्नामेंट के सह-मेजबान और मौजूदा चैंपियन भारत की तरह तीसरी बार खिताब जीतने की कोशिश में हैं। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती निरंतरता को बरकरार रखना होगा क्योंकि टी20 क्रिकेट में जीत-हार का अंतर बहुत कम हो सकता है। इसमें किसी भी टीम को कम करके आंकना बहुत बड़ी भूल हो सकती है। इंग्लैंड को पिछले मुकाबले में इसका अहसास हुआ जब नेपाल ने एक समय उसे हार के कगार पर पहुंचा दिया था। इंग्लैंड ने आखिर में यह मैच चार रन से जीता था और इसे देखते हुए हैरी ब्रूक की अगुवाई वाली टीम को आगे भी सतर्क रहने की जरूरत होगी। इंग्लैंड के लिए सैम करेन मैच के हीरो रहे। उन्होंने अंतिम ओवर में अपनी सटीक लाइन और लेंथ से 10 रन का अच्छी तरह से बचाव किया। कुल मिलाकर इंग्लैंड को लगेगा कि उसके गेंदबाजों की तुलना में उनके बल्लेबाजी विभाग ने सामूहिक रूप से बेहतर प्रदर्शन किया। आदिल राशिद लंबे समय बाद विकेट लेने में असफल रहे और जोफ्रा आर्चर की नेपाल के बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की। इससे इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी भी सामने आ गई। लेकिन ब्रूक और युवा जैकब बेथेल ने अर्धशतक लगाए और अन्य बल्लेबाज भी लय में दिखे। इंग्लैंड ग्रुप सी में अपनी स्थिति सुधारने के लिए भी उत्सुक होगा क्योंकि जीत के बावजूद उसकी टीम 0.200 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि स्कॉटलैंड दो अंकों और 0.950 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के भी दो अंक हैं और उसका नेट रन रेट 1.750 है। वेस्टइंडीज हालांकि इस बात को अच्छी तरह से समझना होगा की चूक की गुंजाइश बहुत कम है, खासकर ऐसे मैदान पर जहां पहले दो मैचों में पिच ने गेंदबाजों का साथ दिया है। भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों ने इस मैदान पर बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। वानखेड़े स्टेडियम में छोटी बाउंड्री का असर नेपाल की बल्लेबाजी में भी देखने को मिला। वेस्टइंडीज ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। शिमरोन हेटमायर की तेज 64 रन की पारी और रोमारियो शेफर्ड के पांच विकेटों की बदौलत उसने स्कॉटलैंड को आसानी से हराया।

## हाशिये से लेकर मुख्य भूमिका तक: भारत का डेविस कप का नया नायक दक्षिणेश्वर सुरेश

नयी दिल्ली। दिखावे के प्रति जुनूनी इस युग में कड़े अनुशासन और वर्षों की अथक मेहनत से अपने करियर को नए मुकाम पर पहुंचाने वाले भारतीय डेविस कप टीम के नए नायक दक्षिणेश्वर सुरेश का उदय व्यवस्थित तरीके से हुआ है। दक्षिणेश्वर का भारतीय टेनिस में हाशिए से मुख्य भूमिका में पहुंचने तक का सफर चकाचौंध से दूर रहा और इस बीच वह धैर्यपूर्वक चुपचाप आगे बढ़ते रहे। टेनिस से उनका जुड़ाव पारिवारिक संबंधों से है। उनके पिता सुरेश एक्का डिंडीगुल के क्लब स्तर के खिलाड़ी थे। उनके इन्हीं शुरुआती संपर्कों के कारण दक्षिणेश्वर के लिए चेन्नई में लक्ष्मण चक्रवर्ती के रूप में कोच ढूंढने में मदद मिली। उन शुरुआती दिनों से ही कड़ी मेहनत जारी रही। इस दौरान 2010 और 2016 के बीच दक्षिणेश्वर चेन्नई में प्रतिदिन लगभग 16 किलोमीटर की यात्रा बस से करते थे।

## एफआईएच प्रो लीग: बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ दमदार शुरुआत करने उतरेगा भारत

एजेंसी




राउरकेला। भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से यहां बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं। अर्जेंटीना फिलहाल 11 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से तीन में उसने निर्धारित समय में और एक में शूटआउट में जीत दर्ज की। बेल्जियम चार मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने निर्धारित समय के अंदर तीन मैच में जीत हासिल की लेकिन शूटआउट तक खिंचे एक अन्य मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। भारत का हाल के वर्षों में बेल्जियम के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से 35 मैच खेले गए हैं। इनमें बेल्जियम ने 22 मैच और भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। हालांकि अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहतर है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से अब तक खेले गए 19 मैच में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है, जबकि अर्जेंटीना ने केवल सात मैच जीते हैं।

## सीगल इंडिया को 1,700 करोड़ रुपये की 220 मेगावाट सौर परियोजना का मिला ठेका

एजेंसी



नयी दिल्ली। सीगल इंडिया को रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड से बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) से जुड़ी 220 मेगावाट की सौर परियोजना का ठेका मिला है। इसकी अनुमानित लागत 1,700 करोड़ रुपये है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि यह परियोजना शुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिये हासिल की गई। सीगल इंडिया लिमिटेड को मध्य प्रदेश के मुरैना सोलर पार्क में यूनिट-1 (220 मेगावाट) के विकास के लिए रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) से नौ फरवरी 2026 का आशय पत्र (एलओए) मिला। परियोजना के लिए उद्धृत शूल्क 2.70 रुपये प्रति यूनिट है जबकि अनुमानित परियोजना मूल्य (जीएसटी सहित) करीब 1,700 करोड़ रुपये है। इस परियोजना की निर्माण अवधि 24 महीने और इसके बाद परिचालन अवधि 25 वर्ष की होगी। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना से मध्य प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है और यह भारत के व्यापक स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को समर्थन देगी। सीगल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रमनीक सहगल ने कहा, '' यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में हमारी मौजूदगी को मजबूत करती है। हम भारत के ऊर्जा बदलाव तथा कार्बन मुक्त उद्देश्यों के अनुरूप इसे कुशलता से पूरा करने को प्रतिबद्ध हैं।

## एसडीएफ व ट्रेप दर में अंतर से बने अवसर से 0.70 प्रतिशत तक की कमाई कर रहे हैं बैंक

एजेंसी

मुंबई। नकदी के मामले में मजबूत स्थिति वाले बैंक ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप) बाजार में कम दर पर कोष जुटा रहे हैं और ज्यादा रिटर्न के लिए स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) के तहत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास पैसा लगा रहे हैं। डीलरों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक की एसडीएफ दर और ट्रेप दर के बीच के अंतर से बने 'आर्बिट्रेज' के अवसर से 0.70 प्रतिशत तक की कमाई हो रही है। ट्रेप एक गारंटी जमा कर धन मुहैया कराने वाला बाजार खंड है, जहां बैंक और म्यूचुअल फंड कर्ज देने एवं लेने का काम करते हैं। खासकर म्यूचुअल फंड कंपनियां कर्ज देने के मामले में अधिक सक्रिय रहती हैं। ट्रेप बाजार में दरें नकदी की स्थिति, मांग, नियामकीय जरूरतों और कुल बाजार धारणा से प्रभावित होती हैं। दूसरी ओर, एसडीएफ दरें निश्चित रहती हैं और इनमें बदलाव तभी होता है जबकि केंद्रीय बैंक रेपो दर में कटौती या बढ़ोतरी करता है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, ट्रेप और एसडीएफ दरों के बीच का अंतर हाल के दिनों में लगातार बढ़ा है। यह 30 जनवरी के 0.33 प्रतिशत से बढ़कर दो फरवरी को 0.43 प्रतिशत, तीन फरवरी को 0.60 प्रतिशत और चार फरवरी को 0.76 प्रतिशत तक पहुंच गया। पांच फरवरी को यह अंतर 0.70 प्रतिशत था हालांकि छह फरवरी को यह घटकर 0.40 प्रतिशत रह गया और सोमवार को फिर से बढ़कर 0.63 प्रतिशत हो गया। बाजार भागीदारों ने कहा कि दोनों दरों के बीच बढ़ते अंतर ने लघु अवधि में इस रणनीति को आकर्षक बना दिया है, खासकर उन बैंकों के लिए जिनके पास बहुत ज्यादा नकदी है।

## सर्राफा बाजार में चमकी चांदी सोने के भाव में गिरावट का रुख

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 920 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। दूसरी ओर, चांदी ने आज 16,200 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,57,920 रुपये से लेकर 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,44,760 रुपये से लेकर 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। जबकि चांदी की कीमत में उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 3,01,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,58,070 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत ने सऊदी अरब के 'वर्ल्ड डिफेंस शो' में दिखाई स्वदेशी हथियारों की ताकत

## रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 'इंडिया पवेलियन' का उद्घाटन किया

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने सऊदी अरब के रियाद में हुए वर्ल्ड डिफेंस शो में स्वदेशी हथियारों के जरिए अपनी ताकत दिखाई है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया, जिसमें भारत में बने हथियारों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने सऊदी अरब के रक्षा उद्योगों और रक्षा मंत्रालय की प्रदर्शनी का भी दौरा किया, ताकि उनकी स्वदेशी तकनीक की समीक्षा की जा सके।




रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रियाद में 8-9 फरवरी को हुए वर्ल्ड डिफेंस शो में हिस्सा लेने गए थे। उन्होंने सऊदी अरब के सहायक रक्षा मंत्री डॉ. खालिद बिन हुसैन अल-बियारी के साथ दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने सऊदी अरब जनरल अथॉरिटी फॉर डिफेंस डेवलपमेंट के गवर्नर डॉ. फलेह बिन अब्दुल्ला अल-सुलेमान से भी मुलाकात की और भारत के वैश्विक निर्यात केंद्र के तौर पर उभरने पर जोर दिया। मंत्री संजय सेठ ने सऊदी अरब के अधिकारियों को भारत का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया, ताकि रक्षा प्रौद्योगिकी के विकास पर चर्चा की जा सके।

रक्षा राज्यमंत्री ने सऊदी अरब के जनरल अथॉरिटी ऑफ़ मिलिट्री इंडस्ट्रीज के गवर्नर अहमद बिन अब्दुल अजीज अल ओहाली से मुलाकात की और सामरिक सहयोग तथा दोनों देशों के सप्लाई चेन इकोसिस्टम को मजबूत करने के बारे में चर्चा की। उन्होंने भारत की रक्षा क्षमताओं का सीधा अनुभव लेने के लिए एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल के भारत दौरे का भी प्रस्ताव रखा। भारतीय दूतावास में भारतीय और सऊदी डिफेंस कंपनियों के प्रमुखों को दिए अपने भाषण में रक्षा राज्यमंत्री ने डिफेंस जरूरतों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के तहत भारत की प्रतिबद्धता जताई।

उन्होंने यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट और सऊदी राज्य की जन्मभूमि 'दिरिया' का भी दौरा किया। बाद में उन्होंने दूतावास में भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने महिला सशक्तीकरण, हेल्थ और डिजिटल लिटरेसी सहित सभी सेक्टर में 'नेशन फर्स्ट' की वकालत की और सऊदी अरब में रहने वाले भारतीय समुदाय को सहयोग देने के लिए दूतावास के अधिकारियों की तारीफ की।

# बजट में लोकहितों के साथ न्याय नहीं हुआ : विपक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष ने कहा है कि सरकार ने बजट 2026 -27 में लोकहितों की अनदेखी कर विभिन्न क्षेत्रों के लिए व्यवस्थागत अन्याय किया है और कल्याण, रोजगार सृजन तथा कौशल विकास जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए आवंटित पैसा खर्च नहीं किया जा रहा है जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ेगा।

कांग्रेस के डॉ शशि थरूर ने बजट 2026-27 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार बड़ी बड़ी बात करती है लेकिन बजट में वित्तीय विवेक की बातें असहज करने वाली है और सरकार के खर्च में पिछले दशक में गिरावट आई है और सिर्फ महामारी के समय में इसमें वृद्धि हुई है। आम लोगों पर कर का बोझ लगाया गया है, राजस्व आम आदमी से आ रहा है और वित्तीय अनुशासन नदारद हैं। उत्पादकता तथा रोजगार बढ़ाने के लिए कोई उपाय नहीं हैं और कल्याणकारी योजनाओं का खर्च कम किया गया है।

उन्होंने कृषि क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों पर बजट में ध्यान नहीं दिया गया है। उनका कहना था कि हमारी आबादी का 60 प्रतिशत कृषि पर निर्भर है और इसके लिए बहुत कम बजट आवंटित किया गया है जो चेतावनीपूर्ण है और इसका बहुत दुष्प्रभाव पड़ेगा। कृषि क्षेत्र के साथ व्यवस्थागत अन्याय हुआ है और पिछले आठ साल में सबसे कम आवंटन कृषि क्षेत्र के लिए किया गया है। पीएम किसान निधि पर सरकार मौन है और पिछले छह साल से किसान निधि सिर्फ छह हजार पर ही अटकी है। अंग्रेजों ने जिस तरह की लूट की थी वैसी स्थिति पैदा हो गई है जिससे संकट गहराता जा रहा है। आकांक्षा और हताशा टकरा रही है। रोजगार की स्थिति कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित रह गयी है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप के लिए बड़ी रकम खर्च ही नहीं हुई है। रोजगार सृजन के लिए तथा अन्य मदों के लिए आवंटित पैसा खर्च नहीं किया जा रहा है। योजनाओं के समयबद्ध निपटान के लिए कोई कदम नहीं उठाये गये हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा को बदला ही नहीं गया है बल्कि इसे सीमित भी किया गया है। इसके लिए 95 हजार करोड़ रुपए का बजट है लेकिन ग्राम सभाओं में प्रौद्योगिकी को शामिल नहीं किया गया है सिर्फ नाम बदलने पर ही ध्यान दिया गया है। ग्रामीण कामगारों के लिए सांविधिक व्यवस्था नहीं है और यदि कोई ग्रामीण प्रोद्योगिकी का इस्तेमाल नहीं जानते है तो उसे काम के अधिकार से वंचित किया जाएगा। राज्यों पर बोझ पड़ रहा है। बेरोजगारी दर बहुत अधिक है और निवेश बहुत कम है। सरकार का ध्यान निवेश आकर्षित करने पर नहीं है। अमेरिका के साथ हाल में हुए व्यापार समझौते पर सरकार की स्थिति चिंताजनक है।

# भाजपा महिला सांसदों ने चार फरवरी की घटना के बाद विपक्ष के खिलाफ की 'सबसे कड़ी कार्रवाई' की मांग

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला सांसदों ने मंगलवार को चार फरवरी की घटना को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ ''सबसे कड़ी कार्रवाई'' की मांग की है।

भाजपा सांसदों का आरोप है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री के सदन में आने से पहले विपक्ष की महिला सांसदों ने ''प्रधानमंत्री की सीट को घेर लिया था।''

भाजपा महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि चार फरवरी को विपक्ष की महिला सांसदों ने न केवल प्रधानमंत्री की सीट को घेरा, बल्कि बाद में आक्रामक रुख अपनाते हुए अध्यक्ष के कक्ष तक पहुंचीं। उन्होंने इस घटना को ''दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक'' बताते हुए कहा कि इससे संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। पत्र में कहा गया है कि यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गयी तो यह एक खतरनाक मिसाल बनेगी और लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास कमजोर होगा। यह पत्र कंग्रेस की महिला सांसदों द्वारा लगाए गए आरोपों के जवाब में सामने आया है, जिसमें उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर उनके खिलाफ ''झूठे, निराधार और मान हानिकारक'' बातें कहने का आरोप लगाया था। भाजपा सांसदों ने अपने पत्र में दावा किया कि विपक्षी सदस्य सदन के वेल में आए, मेजों पर चढ़े, कागज फाड़े और उन्हें अध्यक्ष की ओर उछाला। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के निर्देशों का पालन करते हुए वे संयमित रहीं और इस पूरे प्रकरण को ''संसदीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक'' बताया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इससे पहले कहा था कि उन्होंने किसी भी ''अप्रिय घटना'' से बचने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में न आने का अनुरोध किया था, क्योंकि उन्हें जानकारी मिली थी कि कुछ कंग्रेस सांसद प्रधानमंत्री की सीट तक पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। वहीं कंग्रेस की महिला सांसदों ने कहा कि उनका विरोध शांतिपूर्ण था और संसदीय परंपराओं के अनुरूप था, लेकिन उनके अनुसार उन्हें ''अभूतपूर्व तरीके से निशाना बनाया गया। भाजपा के पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी को चार दिनों तक बार-बार बोलने का अवसर नहीं दिया गया। दूसरी ओर विपक्षी सांसद लोकसभा अध्यक्ष द्वारा राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की आत्मकथा से 2020 के भारत-चीन सीमा गतिरोध से जुड़े विवादित अंश पढ़ने की अनुमति न दिए जाने के खिलाफ विरोध कर रहे हैं।

# बंगलादेश-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता

## आयात शुल्क घटकर हुआ 19 प्रतिशत

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका और बंगलादेश के बीच एक पारस्परिक व्यापार समझौता हुआ है, जो बंगलादेशी वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा और कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों पर छूट प्रदान करेगा और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने बताया कि यह समझौता एक ऐसा तंत्र स्थापित करेगा जिसके तहत बंगलादेश के कुछ कपड़ों और परिधान एवं उत्पादों को शून्य पारस्परिक आयात शुल्क प्रदान किया जाएगा। इसके तहत अमेरिकी मूल की सामग्रियों का उपयोग करके बनाए गए 'कुछ कपड़ा और परिधान उत्पादों के लिए भी छूट' दिया गया है। पात्रा आयात की मात्रा का निर्धारण बंगलादेश द्वारा उपयोग किये गये कपास और मानव निर्मित फाइबर के साथ-साथ अमेरिकी सामग्री के इस्तेमाल के आधार पर किया जाएगा।

व्हाइट हाउस के बयान में बताया गया है कि बंगलादेश लगभग 3.5 अरब डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद करेगा, जिसमें गेहूं, सोया, कपास और मक्का शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 15 वर्षों में लगभग 15 अरब डॉलर ऊर्जा उत्पादों की भी खरीददारी बंगलादेश द्वारा की जाएगी। साथ ही इसमें अमेरिकी विमानों के खरीद का भी उल्लेख किया गया है।

यह समझौता 2013 में हस्ताक्षरित अमेरिका-बांग्लादेश व्यापार और निवेश सहयोग मंच समझौते (टीआईसीएफए) पर आधारित है। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे एक-दूसरे के बाजारों तक 'अभूतपूर्व पहुंच' के रूप में वर्णित किया है।

अमेरिका और बंगलादेश ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य 'द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को गहरा करना' और दोनों देशों के निर्यातकों के लिए 'बाजार पहुंच का विस्तार करना' है। सौदे के तहत, बंगलादेश, अमेरिकी औद्योगिक और कृषि सामानों के लिए 'महत्वपूर्ण तरजीही बाजार पहुंच' प्रदान करेगा, जिसमें रसायन, चिकित्सा उपकरण, मशीनरी, मोटर वाहन और पुर्जे, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उपकरण, ऊर्जा उत्पाद, सोयाबीन, डेयरी उत्पाद, गोमांस, पोल्ट्री, ट्री नट्स और फल शामिल हैं। दोनों देशों ने 'द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाली गैर-टैरिफ बाधाओं' को दूर करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जिसमें बंगलादेश, अमेरिकी वाहन सुरक्षा और उत्सर्जन मानकों को स्वीकार करने, चिकित्सा उपकरणों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) प्रमाणपत्रों को मान्यता देने और अमेरिकी पुनर्मानिर्मित वस्तुओं और पुर्जों पर प्रतिबंध हटाने के लिए सहमत हुआ है। बंगलादेश ने 'विश्वसनीय सीमाओं के पार डेटा के मुफ्त हस्तांतरण' की अनुमति देने और विश्व व्यापार संगठन में इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण पर सीमा शुल्क पर स्थायी रोक का समर्थन करने पर भी सहमति जतायी है। साथ ही कृषि आयात के लिए विज्ञान और जोखिम-आधारित मानकों को अपनाने, बीमा क्षेत्र में बाधाओं को कम करने, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने और अच्छी नियामक प्रथाओं को लागू करने की भी प्रतिबद्धता जताई है। इसके अतिरिक्त बंगलादेश ने 'अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त श्रम अधिकारों' की रक्षा करने का संकल्प लिया है, जिसमें जबरन श्रम से उत्पादित वस्तुओं के आयात को प्रतिबंधित करना और श्रम कानूनों में संशोधन करके संघों की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी की पूरी तरह से रक्षा करना एवं प्रवर्तन को मजबूत करना शामिल है। समझौते में पर्यावरण संरक्षण, भ्रष्टाचार विरोधी उपाय, बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा और सब्सिडी तथा राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों के कारण होने वाली विकृतियों को दूर करने की प्रतिबद्धताएं भी शामिल हैं।

# बंगाल कभी किसी के सामने नहीं झुका : तृणमूल कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनाव में तीन बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हार मिली है इसलिए वह राज्य के हिस्से की धनराशि रोककर वहां के लोगों को दंडित करना चाहती है लेकिन बंगाल कभी किसी के सामने नहीं झुका है। श्री बनर्जी ने बजट 2026-27 पर चर्चा में मंगलवार को कहा कि बंगाल के साथ सौतेला व्यवहार इस बात से पता चलता है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुये बंगाल को लेकर कोई बात नहीं की। इस बजट में सरकार ने हर स्तर पर कर लगा दिया है। इस बजट में बच्चे के पहले दूध से अंतिम विदाई तक कर का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि भाजपा तीन बार बंगाल में चुनाव हार चुकी है इसलिए बंगाल को वह दंडित करने के लिए उसके हिस्से की धनराशि रोकने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोगों को सरकार दुख देगी तो हम वहां के लोगों के साथ खड़े रहेंगे। बंगाल कभी किसी के सामने नहीं झुका है। सरकार सारी एजेंसियों को भेजे हम उनसे भी लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद सरकार को जवाब मिल जायेगा। सत्य हमेशा सत्य रहेगा। बंगाल के हिस्से के मिलने वाली राशि को रोक कर रखा जाता है जो संघवाद नहीं है।

उन्होंने कहा कि मणिपुर में लंबे समय तक हिंसा होती रही लेकिन प्रधानमंत्री को वहां जाने का समय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वह उस हिस्से से आते हैं जहां से बंगाली में बात करने वालों को बंगलादेशी कहा जाता है और मछली खाने वाले को मुगल कह दिया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं की रकम को रोका गया है। हमारे राज्य में गरीब को रोटी कपड़ा मकान के लिए लड़ना पड़ रहा है। हम उस देश से आते हैं जहां किसानों को बैरिकेट लगाकर रोका जाता है। हम उस भारत से आते हैं जहां आतंकवादी आते हैं और पहलगाम में निर्दोषों की हत्या की जाती है। उन्होंने कहा कि भारत तिहरे दवाब में है जहां बहुत सारे कर है। एक आम इंसान को लगता है कि वह एक बार कर दे रहा है लेकिन उसे वास्तविकता में तीन बार कर देना पड़ता है। लोगों को अप्रत्यक्ष कर के रूप में हर सामानों पर कर देना पड़ता है। जहां सरकार की लोक कल्याणकारी योजना नहीं पहुंच पाती है लेकिन जीएसटी पहुंच जाती है। मुद्रास्फीति की वजह से लोगों के पास से बचत कम होती जा रही है और सरकार अपने नागरिकों से तिहरा कर लेने का काम करती है। तृणमूल नेता ने कहा कि बंगाल में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में 115 लोगों ने जान गंवाई है और इस प्रक्रिया में वहां लोगों को संशय की नजर से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी, सुरक्षित हवा चाहते हैं लेकिन यह भी पूरा नहीं किया जा रहा है।

# पत्रकारों को बोधिसत्व अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया

## दिल्ली विवि के प्रोफ़ेसर मनोज कुमार कैन भी सम्मानित

एजेंसी

नई दिल्ली। संत शेर सिंह रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट और सार्क जर्नलिस्ट फोरम इंडिया चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के संगोष्ठी कक्ष में - बोधिसत्व अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान 2026 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भारत के अलावा भारत के पड़ोसी देशों के पत्रकारों समाज सेवकों और बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया गया । सम्मान स्वरूप प्रत्येक पत्रकार को शील्ड , अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि प्रो.रमा , अध्यक्षता प्रो.केपी सिंह , विशिष्ट अतिथि पूजा पांडेय , इंडिया चेप्टर के अध्यक्ष डॉ.अनिरुद्ध व आयोजनकर्ता प्रो.हंसराज सुमन रहे । कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के छात्र , शोधार्थी व शिक्षकों की उपस्थिति रही ।



कार्यक्रम के आयोजनकर्ता व ट्रस्ट के चेयरमैन प्रोफ़ेसर हंसराज सुमन ने सम्मानित हो रहे पत्रकारों को संबोधित करते हुए भारत में पत्रकारिता की भूमिका - वास्तविक और छद्म पत्रकारिता पर विस्तार से चर्चा की। प्रोफ़ेसर सुमन ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत में आज की पत्रकारिता छद्म जाल में उलझ चुकी है। वास्तविक पत्रकारिता को पुनः जागरूक करने की आवश्यकता है। 180 देशों की पत्रकारिता में भारत की पत्रकारिता 151वें स्थान पर पहुंच चुकी है। किसी समय भारत की पत्रकारिता अपनी विश्वनीयता के लिए पूरे विश्व में उत्तम मानी जाती थी। अब वह स्तर नहीं रहा। पत्रकारों को किसी भी तरह के बंधन से मुक्त होते हुए वास्तविक पत्रकारिता करनी चाहिए। कई बार मीडिया हाउस का दबाव छद्म पत्रकारिता के लिए बाध्य करता है। ऐसे में पत्रकार को अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए पत्रकारिता करनी चाहिए। आज के कम्प्यूटर युग में मीडिया प्रौद्योगिकी का काफी विकास हो चुका है। बहुत से सोशल मीडिया साइट के प्लेटफार्म उपलब्ध हो गये हैं। वहाँ जाकर वास्तविक और यथार्थ पत्रकारिता की जा सकती है। इसमें आर्थिक आमदनी भी होती है।

प्रो.सुमन ने आगे कहा कि पत्रकार को निडर होकर पत्रकारिता करनी चाहिए। ऐसी पत्रकारिता से पत्रकार विश्व स्तरीय प्रतिष्ठा तो पाता ही है बड़े मीडिया हाउस भी ऐसे पत्रकारों को पसंद करते हैं। उन्होंने ट्रस्ट की आगामी योजनाओं, उद्देश्यों और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की ट्रस्ट भारत के दूसरे पड़ोसी देशों के पत्रकारों को सम्मानित करते हुए गौरवान्वित अनुभव कर रही है।

# पेज एक का शेष

### लोकसभा स्पीकर...

पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। नोटिस में कहा गया है कि वह सत्ता पक्ष के सदस्यों को पर्याप्त समय सदन में बोलने का देते हैं जबकि विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने का मौका तक नहीं दिया जाता है और बार बार और अनावश्यक रूप से उन्हें रोका तथा टोका जाता है। इसमें दो फरवरी और तीन फरवरी का विवरण दिया गया है जिसमें कहा गया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलने की अनुमति नहीं दी गयी। विपक्ष के नोटिस में श्री बिरला के उस बयान को भी दिया गया है जिसमें उन्होंने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नहीं आने का कारण बताया है। तीन पेज के इस नोटिस में पहला हस्ताक्षर कंग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल का है जबकि दूसरे स्थान पर द्रमुक के टी आर बालू का और फिर समाजवादी पार्टी के धमेंद्र यादव का है।

### प्रदेश ने जमीन से जुड़े और...

को 71 वर्ष की आयु में हुआ। वे आठ बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 1980 से शुरू हुआ उनका राजनीतिक सफर 2024 के उपचुनाव में दुद्धी विधानसभा सीट से जीत तक रहा। वे जनजातीय समाज की सशक्त आवाज के रूप में जाने जाते थे। उन्होने कहा कि विजय सिंह गौड़ ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों को सदैव प्राथमिकता दी। उनके निधन से न केवल जनजातीय समाज, बल्कि पूरे प्रदेश ने एक अनुभवी और संघर्षशील जननेता को खो दिया है। मुख्यमंत्री ने दोनों दिवंगत सदस्यों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

### ईडी ने अनिल अंबानी...

से की गई'' इस बिक्री की जानकारी 2025 में शेयर बाजार को दी थी। ईडी ने दावा किया, ''बिक्री से मिली 83 लाख अमेरिकी डॉलर (2023 में लगभग 69.55 करोड़ रुपये) की रकम को अमेरिका से दुबई की एक संस्था को भेज दिया गया। यह रकम फर्जी निवेश के नाम पर भेजी गई थी। यह संस्था पाकिस्तान से जुड़े एक व्यक्ति के स्वामित्व वाली थी और यह सब समाधान पेशेवर (आरपी) की जानकारी या सहमति के बिना किया गया। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर ईडी ने अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) के खिलाफ कथित बैंक धोखाधड़ी और उससे जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के कई मामलों की जांच के लिए हाल में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया है। इस जांच के तहत एजेंसी अब तक करीब 12,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है और इसने रिलायंस ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए हैं।

### राजनीतिक लड़ाइयां अक्सर...

का तर्क है कि 'मिया' शब्द का इस्तेमाल मुसलमानों के संदर्भ में अपमानजनक तरीके से किया जाता है। याचिकाओं में बताया गया है कि सात फरवरी को भाजपा की असम इकाई ने एक वीडियो साझा किया था जिसमें मुख्यमंत्री को दो मुस्लिम पुरुषों की एनिमेटेड छवि पर फायरिंग करते हुए दिखाया गया था, जिसके साथ 'पॉइंट ब्लैंक शॉट' और 'नो मर्सी' जैसे वाक्यांश लिखे थे। हालांकि आक्रोश के बाद आधिकारिक हैंडल से वीडियो हटा दिया गया था, लेकिन याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह अन्य प्लेटफार्मों पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है। माकपा ने तर्क दिया है कि ऐसी सामग्री अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ शत्रुता, बहिष्कार और डराने-धमकाने के माहौल को बढ़ावा देती है। याचिकाओं में कहा गया है कि संवैधानिक योजना मंत्रियों पर राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक भाईचारे को बनाए रखने का कर्तव्य डालती है। सांप्रदायिक घृणा को बढ़ावा देने वाला कोई भी आचरण मंत्री पद के अधिकार की सीमाओं से बाहर है। याचिकाओं में यह भी दावा किया गया है कि कथित आचरण भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 196, 197, 299 और 353 के तहत आपराधिक कृत्य है। याचिकाकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और विशेष जांच दल द्वारा जांच की मांग की है। माकपा की ओर से यह याचिका अधिवक्ता लज़ाफ़ीर अहमद के माध्यम से दायर की गई थी। इससे पहले जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने भी इसी भाषण को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### 'क्या इसके पीछे कोई...

कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और अभियोजन से जुड़े आंकड़े सौंप दिए हैं, लेकिन करीब एक दर्जन राज्यों ने अब तक डेटा उपलब्ध नहीं कराया है। उन्होंने कहा कि जब तक सभी राज्यों से पूरी जानकारी नहीं मिलती, तब तक किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंचना मुश्किल है। पीठ ने केंद्र से साफ शब्दों में कहा हम जानना चाहते हैं कि बच्चों के लापता होने के पीछे कोई राष्ट्रीय नेटवर्क है या राज्य-स्तरीय गिरोह। क्या यह कोई पैटर्न है या केवल संयोग? कोर्ट ने यह सुझाव भी दिया कि जिन बच्चों को बचाया गया है, उनसे पूछताछ कर यह पता लगाया जाए कि इन घटनाओं के पीछे कौन जिम्मेदार है। साथ ही, अदालत ने डेटा नहीं देने वाले राज्यों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जरूरत पड़ी तो सख्त आदेश भी दिए जा सकते हैं। यह मामला एनजीओ गुरिया स्वयंसेवी संस्थान द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान उठा। याचिका में कई राज्यों में बड़ी संख्या में बच्चों के अब तक नहीं मिलने का मुद्दा उठाया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने कहा कि केंद्र ने इस दिशा में पहल की है और सभी राज्यों को डेटा देने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए जाने चाहिए। इससे पहले, 9 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को पिछले छह वर्षों के लापता बच्चों का राष्ट्रीय स्तर का डेटा पेश करने और गृह मंत्रालय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया था। 18 नवंबर को अदालत ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चिंता जताई थी कि देश में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है, और इसे बेहद गंभीर मुद्दा बताया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि जटिल दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के चलते लोग अवैध तरीकों की ओर बढ़ते हैं। याचिका में उत्तर प्रदेश के पांच मामलों का उदाहरण दिया गया, जहां नाबालिग बच्चों का अपहरण कर उन्हें झारखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में नेटवर्क के जरिए भेजा गया।

### साइबर अपराध...

उपभोक्ता को सुरक्षित करना इन सभी संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय और रिज़र्व बैंक ने संयुक्त रूप से 'म्यूल अकाउंट हंटर सॉफ़्टवेयर' विकसित किया है। उन्होंने सरकार और निजी सभी बैंकों, सार्वजनिक उपक्रमों और सहकारी संस्थाओं से इसे अपनाने तथा सभी बैंक खातों की इससे जांच करने को कहा। उन्होंने कहा कि सीबीआई और एनआईए को देश भर की एजेंसियों के साथ मिलकर साइबर अपराधों को रोकने के लिए एक साझा तंत्र विकसित करना होगा जिससे डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित बनाया जा सके। गृह मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी को रोकने में समय बहुत महत्वपूर्ण कारक है इसके लिए सभी संबंधित पक्षों के बीच जागरूकता बढाना जरूरी है। साथ ही जनता को भी जागरूक किये जाने की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि सीबीआई की यह पहल आई 4 सी को साथ में लेकर आने वाले दिनों में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करेगी।

### विधान परिषद में आरक्षण...

श्री मौर्य ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसदी, अनुसूचित जाति के लिए 21, अनुसूचित जनजाति के लिए 2 फीसदी, और सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था है। 30 दिसम्बर 2025 को जारी शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक विभाग द्वारा शासनादेश भी जारी किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 फीसदी अनारक्षित श्रेणी, विशेष रूप से सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित नहीं है। आरक्षित वर्ग का कोई भी अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी की भर्ती प्रक्रिया में भागीदार हो सकता है। श्री मौर्य द्वारा 7994 लेखपाल पदों का विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि 3205 अनारक्षित, 1679 अनुसूचित जाति के लिए, 160 अनुसूचित जनजाति के लिए, 2158 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए, और 792 आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिये करते हुये विज्ञापन की त्रुटि का सुधार कराया गया।

# एक विधायक के रूप में आज जो उन्हें सम्मान दिया गया वह उनके लिए भावुक और अविस्मरणीय : नितिन नवीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बिहार विधानसभा पहुंचे नितिन नवीन का सदन में विभिन्न दलों के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बिहार विधानसभा में अपने सम्मान के लिए सदन के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक विधायक के रूप में जिस प्रकार आज उन्हें सम्मान दिया गया, वह उनके लिए भावुक और अविस्मरणीय क्षण है।

नितिन नवीन ने कहा, मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि आज का दिन इस रूप में आएगा। यह मेरे व्यक्तिगत प्रयास का नहीं, बल्कि आप सभी वरिष्ठ नेताओं और साथियों के मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद का परिणाम है। मैं पूरे सदन को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।उन्होंने




मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्रियों तथा विभिन्न दलों के नेताओं का नाम लेकर आभार प्रकट किया और कहा कि सदन में काम करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक मर्यादाओं, अनुशासन और जनप्रतिनिधि के दायित्वों को समझना सीखा है।नवीन ने कहा कि राजनीति में आने वाले नए लोगों के लिए सदन एक शिक्षालय की तरह है, जहां पार्टी की विचारधारा के साथ-साथ जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और सदन की गरिमा बनाए रखने की सीख मिलती है। एक विधायक के रूप में हमें जनता की आवाज भी उठानी होती है और सदन की मर्यादा का भी ध्यान रखना होता है। इन दोनों के संतुलन से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि विधायक बनने के बाद उन्होंने शासन में पारदर्शिता और सुशासन की प्रक्रिया को करीब से देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा भावना और राज्य में सुशासन की स्थापना से प्रेरणा मिलती रही है।नितिन नवीन ने कहा कि सदन और सरकार में रहते हुए छोटी-बड़ी घटनाओं से बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए दायित्व के साथ भी वे लोकतांत्रिक मूल्यों, अनुशासन और जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखेंगे। इस अवसर पर सत्ता पक्ष और सहयोगी दलों के नेताओं ने इसे बिहार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की कामना की। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने वाले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन का चयन सदन के लिए विशेष गौरव का विषय है। उन्होंने विधानसभा की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 100 अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब्स और नव निर्मित इमारतों का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को नए स्कूल भवन ब्लॉक, 100 आईसीटी प्रयोगशालाओं और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीईआईटी) का उद्घाटन किया। साथ ही सर्वोदय विद्यालय, मानसरोवर गार्डन और डीईआईटी दिलशाद गार्डन में नव निर्मित इमारतों का भी उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विधायक हरीश खुराना सहित अन्य विधायक और नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा का स्तर देश में सबसे बेहतर हो, स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर आधुनिक हो और हर बच्चे को डिजिटल सुविधाओं का समान अवसर मिले, इसी संकल्प के साथ आज सरकारी स्कूलों के लिए 100 अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब्स का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि ये




भवन शिक्षा के केंद्र हैं, जहां से दिल्ली का भविष्य गढ़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष में दिल्ली सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दी है। निजी स्कूलों की फीस में मनमानी पर रोक, नए और आधुनिक पाठ्यक्रम और सरकारी स्कूलों में मजबूत डिजिटल शिक्षा व्यवस्था इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का लक्ष्य साफ है कि सरकारी स्कूलों के छात्र भी वही आत्मविश्वास, वही अवसर और वही विजन लेकर आगे बढ़ें, जो किसी भी उत्कृष्ट संस्थान के छात्रों को मिलते हैं। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक और सार्थक कदम बढ़ाया गया। लाडली फाउंडेशन एवं एआईएफ के सहयोग से हर लैब में 20 कंप्यूटर लगाए गए हैं, जिससे छात्रों को डिजिटल शिक्षा का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के उद्घाटन का उद्देश्य दिल्ली में शिक्षा को मजबूत करना।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार बजट सत्र : विपक्षी ने की महिला उत्पीड़न पर चर्चा की मांग

**पटना।** बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के छठवें दिन विधानसभा में मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। माले विधायक संदीप सौरभ ने कहा, विपक्ष एकजुट होकर कार्य स्थगन प्रस्ताव विधानसभा में लाया है। हम सभी चाहते हैं कि सभी मुद्दों को दरकिनार कर महिला उत्पीड़न के मामले पर चर्चा कराई जाए। हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने मार्शल को बुलाया है, और पोस्टर हटाने को कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, आपलोगों को मौका मिलेगा शून्यकाल में मुद्दे को उठाइएगा। दूसरी ओर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी सदन में खड़े होकर कहा कि 'विपक्ष नारे लगा रहा है कि सीएम जवाब दें लेकिन इसकी एक प्रक्रिया है। विपक्ष तय नियमावली के तहत सवाल उठाए। सरकार जबाव देने के लिए तैयार है। विजय चौधरी ने कहा, 'विपक्ष के साथी उलझन की स्थिति में हैं। वे सरकार से जवाब की मांग रहे थे। सरकार किसी भी मामले में जवाब देने के लिए तैयार है। कई मिनटों पर बैठने के बाद पता नहीं उन्हें क्या सूझा कि अचानक से उठ कर चले गए। जब बैठ गए तो क्यों चले गए। उलझन में हैं। इसी उलझन का प्रदर्शन उनके आचरण में दिखता है।' चनपटिया से कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन बिहार सरकार का पुतला लेकर सदन पहुंचे हैं। इसमें हाल में हुए क्राइम की लिस्टिंग भी की गई है। पुतले को चूड़ियां भी पहनाई गई हैं, साथ ही पोस्टर लगा है। जिसमें लिखा– माफी चाहते हैं, हम बिहार की बेटियों को न्याय नहीं दिला पा रहे। सोमवार को विधान परिषद में मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच हुई तीखी बहस को पूर्व मंत्री श्याम रजक ने देवर–भौजाई का मामला बताया। उन्होंने कहा, विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। बस चेहरा चमकाने की कोशिश की जा रही है। दूसरी तरफ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी 12 बजे विधानसभा पहुंचेंगे। मुख्य द्वार पर सत्तारूढ़ दल के सभी सचेतक उनका स्वागत करेंगे, फिर उन्हें सदन में लाया जाएगा।

### पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को 31 साल पुराने मामले में जमानत, दूसरे मामले में रिमांड पर रहेंगे

**पटना।** बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को 31 साल पुराने मामले में मंगलवार को एमपी–एमएलए अदालत से जमानत मिल गई। हालांकि, एक अन्य मामले में रिमांड पर लिए जाने के कारण वे फिलहाल बेऊर जेल से बाहर नहीं आएंगे। पप्पू यादव पिछले तीन दिनों से बेऊर जेल में बंद हैं। जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए पप्पू यादव को दोपहर करीब 12:30 बजे बेऊर जेल से अदालत लाया गया। दोपहर दो बजे एमपी–एमएलए अदालत में सुनवाई शुरू हुई, जहां वे व्हीलचेयर पर बैठे नजर आए। दरअसल, पप्पू यादव की गिरफ्तारी शुक्रवार को 31 साल पुराने (1995) एक मामले में की गई थी, जिसमें उन पर मकान पर कब्जा करने और जालसाजी के आरोप हैं। सोमवार को उनके अधिवक्ता जमानत याचिका दाखिल करने वाले थे, लेकिन अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के कारण सभी न्यायिक कार्य स्थगित कर दिए गए थे। सुरक्षा कारणों से अदालत बंद करनी पड़ी, जिससे जमानत समेत अन्य मामलों की सुनवाई टल गई थी। मंगलवार को एमपी–एमएलए अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–1 के समक्ष मामले की सुनवाई हुई, जिसके बाद सांसद पप्पू यादव को जमानत दे दी गई। उल्लेखनीय है कि पप्पू यादव को शुक्रवार आधी रात पटना के मंदिरी इलाके से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के दौरान उनके समर्थकों और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की और बहस हुई थी। इस घटना के बाद पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना में एक अलग मामला दर्ज किया गया है, जिसकी सुनवाई बुधवार को होगी। फिलहाल पप्पू यादव इसी मामले में रिमांड पर रहेंगे।

### चंडीगढ़ में तेज धूप, तापमान में बढ़ोतरी

**चंडीगढ़।** केन्द्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ में मंगलवार को तेज धूप देखने को मिली, जिससे दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में मौसम में काफी बदलाव आने का अनुमान है। दिन में जहां धूप के कारण गर्मी का एहसास बना रहेगा, वहीं सुबह और शाम के समय ठंडी हवाएं चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश में हुई भारी बर्फबारी का प्रभाव मैदानी इलाकों पर भी पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में हुई इस बर्फबारी के कारण उत्तर–पश्चिमी ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिसके कारण चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय हल्की ठंड महसूस की जा रही है। दोपहर के समय हालांकि तेज धूप के कारण तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है।

### पैनोरमा ग्रुप के आठ ठिकानो पर इनकम टैक्स की बड़ी छापेमारी

**पूर्णिया।** बिहार में पूर्णिया शहर की चर्चित रियल एस्टेट कंपनी पैनोरमा ग्रुप पर इनकम टैक्स विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एक साथ आठ ठिकानों पर छापेमारी की। मुख्य कार्यालय, अपार्टमेंट प्रोजेक्ट, हाउसिंग कॉलोनियां, निदेशक के आवास और उनके ससुराल तक आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी है। जिला स्कूल रोड स्थित मुख्य कार्यालय, बिलोरी और गुलाब बाग बायपास क्षेत्र में बने पैनोरमा ग्रुप के अपार्टमेंट प्रोजेक्ट्स में दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। इसके साथ ही कंपनी के निदेशक संजीव मिश्रा के छातापुर स्थित आवास और उनके ससुराल में भी छापेमारी चल रही है। कंपनी के लेन–देन में सैकड़ों करोड़ रुपये के वित्तीय घालमेल की आशंका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 400 से 500 करोड़ रुपये तक की अनियमितता की जांच की जा रही है, हालांकि आयकर विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। निवेशकों से धोखाधड़ी के गंभीर आरोप– पैनोरमा ग्रुप पर लंबे समय से निवेशकों से धोखाधड़ी के आरोप लगते रहे हैं। आरोप है कि कंपनी ने सैकड़ों निवेशकों से करोड़ों रुपये वसूले और एक ही फ्लैट या मकान को कई बार अलग–अलग लोगों को बेच दिया। कई मामलों में लोगों को मकान दिखाकर पैसे लिए गए और संपत्ति का सौदा बार–बार अलग–अलग व्यक्तियों के साथ किया गया। स्थानीय स्तर पर व्यवसायियों और डॉक्टरों सहित कई पीड़ितों के सामने न आने से मामला अब तक दबा रहा, लेकिन इनकम टैक्स की कार्रवाई ने पूरे प्रकरण को उजागर कर दिया है।इनकम टैक्स विभाग की इस कार्रवाई के बाद रियल एस्टेट सेक्टर में हड़कंप मच गया है। जांच आगे बढ़ने के साथ कई बड़े खुलासे होने की संभावना है। अधिकारियों के आधिकारिक बयान के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।

## उत्तराखंड के पत्रकारों ने आईएनएस कुरसुरा पनडुब्बी संग्रालय का भ्रमण किया

देहरादून। उत्तराखंड के पत्रकारों के एक दल ने विशाखापत्तनम में ऐतिहासिक आईएनएस कुरसुरा (एस20) पनडुब्बी संग्रालय का भ्रमण किया। यह पनडुब्बी भारतीय नौसेना के इतिहास को दर्शाती है। भ्रमण के दौरान पत्रकारों को पनडुब्बी के भीतर ले जाकर इसके विभिन्न हिस्सों की जानकारी दी गई। साथ ही इसकी तकनीकी क्षमताओं के बारे में समझा। पत्रकारों ने कमांड रूम, क्रू क्वार्टर, इंजन रूम भी देखा। भारतीय नौसेना की सेवा करने के बाद आईएनएस कुरसुरा को विशाखापत्तनम के रामकृष्णा बीच पर संग्रहालय के रूप में स्थापित किया गया। आज यह देश की सैन्य धरोहर का प्रतीक बन चुकी है और विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं व आम नागरिकों के लिए प्रेरणा का केंद्र है। भ्रमण के बाद पत्रकार दल ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक और रोमांचक अनुभव बताया। पत्रकारों ने कहा कि इस तरह के दौरे देश की सैन्य ताकत और इतिहास को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया सघन अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए खाद्य सामग्री में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा आयुक्त सचिन कुर्वे और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर मंगलवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानंद जोशी ने बताया कि देर रात उपायुक्त गढ़वाल आरएस रावत के नेतृत्व में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन और पवन कुमार की टीम ने इब्राहिमपुर स्थित पनीर एवं दही निर्माण इकाई पुंडीर फैक्ट्री पर छापा मारा। फैक्ट्री बिना फूड लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित पाई गई, जिस पर उसे अग्रिम आदेशों तक बंद करा दिया गया। मौके से पनीर और दही के नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजे गए। उन्होंने बताया कि कांवड़ पटरी मार्ग चंडी पुल से



चिड़ियापुर तक अस्थाई खाद्य स्टॉलों और भंडारों का निरीक्षण किया गया तथा रेट लिस्ट चस्पा करने, कूड़े के उचित निस्तारण और खाद्य पंजीकरण के निर्देश दिए गए। वहीं इंडस्ट्रियल एरिया में कोल्ड ड्रिंक के दो गोदामों से माजा और फेंटा के नमूने जांच के लिए लिए गए और अनियमितताओं पर नोटिस जारी किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में पंत द्वीप पार्किंग क्षेत्र में 12 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें तीन को फूड लाइसेंस न होने पर नोटिस दिया गया। एक रेस्टोरेंट से छह एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स जब्त कर मौके पर ही नष्ट कराई गईं।

## संसद में प्रश्नों पर रोक लोकतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत: कुमारी सैलजा

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा लोकसभा सचिवालय को यह निर्देश देना कि पीएम केयर्स फंड, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष और राष्ट्रीय रक्षा कोष से जुड़े विषयों पर संसद में प्रश्न नहीं पूछे जा सकते, लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह बात सिरसा की सांसद, कुमारी सैलजा ने यहां जारी एक बयान में कही।

कुमारी सैलजा ने कहा कि संसद जनता की सर्वोच्च आवाज़ है और जनप्रतिनिधियों को जनहित से जुड़े हर विषय पर प्रश्न पूछने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। सार्वजनिक धन से संचालित कोषों पर सवाल उठाना पारदर्शिता और जवाबदेही का अहम हिस्सा है। यदि संसद में ही इन विषयों पर चर्चा और प्रश्नों को रोका जाएगा, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा को कमजोर करने जैसा होगा।

# वरुणावत पर्वत टॉप पर इको पार्क से बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने वरुणावत पर्वत टॉप पर इको पार्क विकसित करने की योजना पर चर्चा की। मंगलवार को जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पर्यटन विभाग, वन विभाग और होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इको पार्क का डिज़ाइन आकर्षक, आधुनिक और पूरी तरह इको-फ्रेंडली बनाया जाए ताकि पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का अनुभव कर सकें। पार्क में कैफ़ेटेरिया, बच्चों के लिए झूले, बैठने



की व्यवस्था, सेल्फी पॉइंट और सूचना बोर्ड जैसी सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा, वरुणावत टॉप तक ट्रेक मार्ग के सुधारीकरण और पर्यटकों की सुरक्षित और सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि इको पार्क से न केवल पर्यटकों को नया आकर्षण मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी, एसडीओ रश्मि धयानि और होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र मटूड़ा भी मौजूद थे।

# घर में पंखे से लटका मिला शव पुलिस कर रही है मामले की जांच

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के वसंत कुंज क्षेत्र में एक 49 वर्षीय व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक का शव उसके आवास में छत के पंखे से फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस, पीसीआर और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने मंगलवार को बताया कि 9 फरवरी की शाम 6 बजकर 19 मिनट पर थाना वसंत कुंज साउथ को ई-2, वसंत कुंज स्थित एक मकान में आत्महत्या की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि घर अंदर से बंद था। इसके बाद पीसीआर तथा दमकल विभाग की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। घर के भीतर एक पुरुष का शव छत के पंखे से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। शव आंशिक रूप से सड़ चुका था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि मौत कुछ दिन पहले हुई होगी। सूचना पर अपराध जांच दल द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के उपरांत शव को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। जांच में मृतक की पहचान गौरव के रूप में हुई है। वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर था और अकेले रह रहा था। मृतक के परिजनों और पड़ोसियों के बयान दर्ज किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में मृत्यु को लेकर किसी प्रकार का संदेह या आपराधिक पहलू सामने नहीं आया है।

# ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आईपीओ में निवेश का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपित को क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। उप्र के सहारनपुर से संचालित इस साइबर ठगी रैकेट में पुलिस ने दो अन्य को पाबंद किया गया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्या गौतम ने मंगलवार को बताया कि मामले में शिकायतकर्ता एक बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनी में कार्यरत है, जिसे शेयर बाजार आईपीओ में निवेश कराने के नाम पर 31 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। शिकायत के आधार पर साइबर सेल, क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच के दौरान तकनीकी निगरानी और स्थानीय सूचना तंत्र के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने उप्र के सहारनपुर में दबिश देकर तीन आरोपितों को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि इस मामले में इससे पहले भी दो आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सहारनपुर निवासी सरवजीत (35) के रूप में हुई है। यह एलएलबी पास है। आरोपित ने 'सर्वहित मानव सेवा समिति' के नाम से खुले बैंक खाते को पैसों के लालच में ठगी के लिए उपलब्ध कराया। वहीं पकड़ा गया पवन (33) साइबर ठगों के लिए फर्जी और म्यूल बैंक खातों की व्यवस्था करता था। जबकि पुनीत (32) ने सरवजीत और पहले से गिरफ्तार आरोपित दीपक सैनी से बैंक खाता किट प्राप्त कर उसे साइबर ठगी गिरोह को सौंपा था। जांच में सामने आया कि आरोपित एक नामी निवेश कंपनी के प्रतिनिधि बनकर लोगों से संपर्क करते थे। वे फर्जी और स्वयं तैयार की गई वेबसाइटों के माध्यम से आईपीओ में निवेश का झांसा देते थे।

# मझौलिया चीनी मिल के दूषित पानी से जनस्वास्थ्य पर संकट, प्रशांत किशोर ने प्रशासन की चुप्पी पर उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया क्षेत्र में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और मझौलिया चीनी मिल से निकलने वाले दूषित पानी को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने इस मुद्दे पर प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल खड़े करते हुए इसे जनस्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत गंभीर मामला बताया।

स्थानीय लोगों से बातचीत के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि मझौलिया चीनी मिल से लगातार प्रदूषित अपशिष्ट जल खुले में छोड़ा जा रहा है, जिससे आसपास के गांवों और रिहायशी इलाकों में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दूषित पानी के कारण क्षेत्र में त्वचा रोग, पेट संबंधी बीमारियां और अन्य संक्रामक रोग तेजी से फैल रहे हैं, जिससे आम लोगों



का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि यह समस्या केवल पर्यावरण प्रदूषण तक सीमित नहीं है, बल्कि हजारों लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा सवाल है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद प्रशासन इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। स्थानीय लोग लंबे समय से शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे जनता में गहरा आक्रोश और निराशा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में हालात और भी भयावह हो सकते हैं। जन सुराज के सूत्रधार ने प्रशासन से मांग की कि चीनी मिल से निकलने वाले अपशिष्ट जल के उचित शोधन (ट्रीटमेंट) की तत्काल व्यवस्था की जाए, साथ ही प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाए, जिससे कि बीमारियों पर काबू पाया जा सके।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063